दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
दतिया ■ शनिवार 28 सितंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-332 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**
जीवन में जो भी प्राणी भजन-सुमिरन नहीं करता उसे दु:ख के कांटे चुभते ही रहेंगे।

- मुख्यमंत्री ने सागर में किया रीजनल इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव का शुभारंभ
- सरकार का दावा- संभाग के साढ़े 27 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार
- बीड़ी और अगरबत्ती सहित अन्य स्थानीय गतिविधियों को किया जाएगा प्रोत्साहित
- खजुराहो को फिल्म सिटी की तर्ज पर किया जाएगा विकसित
- बुंदेलखंड अंचल में होगा सुदृढ़ अधोसंरचना का विकास
- छह जिलों में आरंभ हुए इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेंटर
- बुंदेलखंड इनोवेशन चैलेंज (हैकाथॉन) के विजेता पुरस्कृत
- मप्र संदेश के अंग्रेजी संस्करण का लोकार्पण

# सागर में धनवर्षा

## सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव : 23 हजार 181 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- भविष्य का बुंदेलखंड, विकसित बुंदेलखंड होगा

### ढाना हवाई-पट्टी को बनाएंगे एयरपोर्ट, सागर में सिल्वर क्लस्टर का होगा विकास

**सत्ता सुधार ■ भोपाल/सागर**

भविष्य का बुंदेलखंड, विकसित बुंदेलखंड होगा। प्रदेश में उद्योगों के विकास का कार्य निरंतर जारी रहेगा। छोटे से छोटे उद्यमी की सहायता के लिए भी राज्य सरकार पूर्ण सहायोग प्रदान करेगी। केन-बेतवा परियोजना के क्रियान्वयन से बुंदेलखंड के ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता की वृद्धि होगी, जिससे बुंदेलखंड क्षेत्र का स्वरूप बदल जाएगा। यह बात सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र के दौरान कही। इसके साथ ही सीएम ने यह भी घोषणा की कि सागर में एयरपोर्ट का निर्माण होगा। इससे एविएशन क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेगी। प्रदेश के कई स्थानों पर विमानन की गतिविधियों के लिए केंद्र सरकार का पूर्ण सहयोग मिल रहा है, इससे रोजगार भी बढेगा। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान निवेशकों की ओर से 23 हजार 181 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। लगभग 28 हजार रोजगार के अवसर इस निवेश से पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने एमपीआईडीसी के सागर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का वर्चुअल भूमि-पूजन किया। उन्होंने सागर संभाग के छह जिलों सागर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर और दमोह में इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेंटर और संभागीय मुख्यालय में एमपीआईडीसी के रीजनल ऑफिस का शुभारंभ किया। इसके साथ ही कोयंबटूर (तमिलनाडू) में एमपीआईडीसी के कार्यालय का भी वर्चुअल शुभारंभ किया।



### सरकार देगी 240 एकड़ जमीन



औद्योगिक क्षेत्र से सिंधगवां की जलापूर्ति के लिए नगर निगम सागर और एमपीआईडीसी के मध्य ट्रीटेड वाटर प्रदाय के लिए एमओयू का संपादन भी हुआ। मुख्यमंत्री ने 96 औद्योगिक इकाइयों के आशय-पत्र जारी किए। इन इकाइयों को 240 एकड़ भूमि आवंटित की जाना है। इससे 1 हजार 560 करोड़ का पूंजी निवेश और 5 हजार 900 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है।

### सागर में डेटा सेंटर का संचालन

संभाग के सभी जिलों में उद्योग तथा व्यापारिक गतिविधियां प्रारंभ होंगी। बीना में कई इकाइयां आएंगी। साथ ही 120 करोड़ की लागत से पेट्रोलियम क्षेत्र में भी निवेश हो रहा है। प्रदेश में सागर में चलने वाले डेटा सेंटर की स्थापना महत्वपूर्ण कदम है। यह 1700 करोड़ का निवेश है और इससे लगभग एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। बुंदेलखंड में चांदी का कार्य करने वालों, बीड़ी तथा अगरबत्ती उद्योग से जुड़े लोगों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। सागर में चांदी से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने क्लस्टर विकसित किया जाएगा।

### मध्य भारत एग्रो का सर्वाधिक निवेश

मध्य भारत एग्रो के पंकज ओसवाल ने कहा कि उनके समूह का सर्वाधिक निवेश मध्यप्रदेश में है। उनका समूह सागर में सिंगल सुपर फॉस्फेट का उत्पादन कर रहा है। उनके समूह की सागर के बंडा के पास 500 करोड़ रुपए के निवेश की योजना है।

### विदेशी प्रतिनिधि भी हुए शामिल

शुभारंभ सत्र में मंगोलिया के राजदूत गनबोल्ड डंबजाव, टीड्ल्यू के सीईओ इंगो सोईलर, थाईलैंड के महावाणिज्यदूत डोनाविट पूलसावत, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री चैतन्य काश्यप, मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, मंत्री लखन पटेल, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव और भूपेन्द्र सिंह सहित कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय उद्योग समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### निवाड़ी में स्टील प्लांट लगेगा

पेसिफिक मेटा-स्टील के जेपी अग्रवाल ने कहा कि वे निवाड़ी में 3200 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट लगा रहे हैं। 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रतिवर्ष 1 हजार करोड़ का राजस्व भी शासन को प्राप्त होगा। उन्होंने मध्यप्रदेश में मेडीकल क्षेत्र में भी गतिविधियां आरंभ करने की योजना सांझा की।

### बंसल समूह करेगा निवेश

कॉन्क्लेव में आए बंसल समूह के सुनील बंसल ने कहा कि चिकित्सा उद्योग क्षेत्र में बंसल समूह कार्य कर रहा है। सागर में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा समूह द्वारा प्रारंभ की गई है। बंसल ने प्रदेश में 4 सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पीटल, एक पांच सितारा होटल और ऊर्जा क्षेत्र में 1350 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया।

| निवेशक इकाई का नाम | निवेश स्थान | निवेश करोड़ में | रोजगार |
|---|---|---|---|
| पैसिफिकमेटा स्टील | निवाड़ी | 3200 | 1250 |
| पैरामाउंट केबल | सागर | 250 | 375 |
| अवनि परिधि | छत्तरपुर | 371 | 300 |
| इण्डस्ट्रीज एण्ड. | बीना, सागर | 100 | 500 |
| मध्य भारत एग्रो. | बंडा, सागर | 400 | 500 |
| डाटा सेंटरिक्स | सुरखी, सागर | 1700 | 850 |
| इको सीमेंट | पन्ना | 2000 | 1000 |
| फ्लाई ओला | सागर, उमरिया, नीमच, सिंगरौली | 1800 | 300 |
| अलिंज पोर्टेबल. | मध्यप्रदेश | 120 | 10000 |
| एमएसएमई कुल प्रस्ताव | सागर संभाग के सभी जिले | 940 | 4500 |
| अल्पेक्स सोलर. | नर्मदापुरम | 750 | 1000 |
| असेड्स प्रा.लि. | भोपाल | 100 | 50 |
| आरके सेठिया एग्रो. | नर्मदापुरम | 800 | 850 |
| सिग्मा इंजीनियरिंग | भोपाल | 200 | 150 |
| बारमाल्ट माल्टिंग. | सीहोर | 400 | 500 |
| दारा इंजीनियरिंग. | सीहोर | 750 | 950 |
| इज ग्रीन मोबिलिटी | भोपाल | 1000 | 2000 |
| बंसल ग्रुप | जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर | 1350 | 2000 |
| स्वर्ण भारत स्टील | सीहोर | 150 | 200 |
| इन्सोलेशन ग्रीन एनर्जी | नर्मदापुरम | 1600 | 400 |
| सनकाइंड इंडिया प्रा. लि. | नर्मदापुरम | 1000 | 200 |
| नवीनीकरण ऊर्जा | नर्मदापुरम | 4200 | 8500 |
| कुल | | 23181 | 27375 |

### सागर ग्रुप करेगा 1400 करोड़ का निवेश

सागर ग्रुप के उद्योगपति सुधीर अग्रवाल ने कहा कि भोपाल के पास तामोट में उनकी इकाइयां कार्य कर रही हैं। टेक्सटाईल क्षेत्र में नए निवेश के प्रयास सागर ग्रुप कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोटी, कपड़ा, मकान सभी क्षेत्रों में ग्रुप कार्य कर रहा हैं। उनके समूह की डाईंग एण्ड प्रोसेसिंग क्षेत्र में लगभग 1400 करोड़ रुपए के निवेश की योजना है।

## ब्रीफ न्यूज

### महाकाल मंदिर के पास गिरी दीवार, दो लोगों की मौत

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के सामने बड़ा गणेश मंदिर के समीप शुक्रवार शाम एक पुरानी दीवार ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।10 लोग जख्मी हो गए। दुर्घटना तेज बारिश के बीच हुई।

### देश में पेट्रोल-डीजल 2-3 रुपए तक होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल-डीजल के दाम 2-3 रुपए लीटर कम हो सकते हैं। मार्च से अब तक कच्चे तेल की कीमतें 12 फीसदी तक कम हुई हैं। ऐसे में पेट्रोल- डीजल के दाम में कटौती की गुंजाइश है।

### अमेरिका में हेलेन का कहर, छह राज्यों में इमरजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में शुक्रवार को हेलेन तूफान से 12 राज्यों में 5 लोगों की मौत हो गई है, कई लोग घायल हो गए हैं। इससे 1 करोड़ 20 लाख लोग प्रभाव हैं। फ्लोरिडा, जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना, वर्जीनिया और अलबामा में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है।

### प. बंगाल: पूर्व प्रिंसिपल घोष को मिलेगी मौत की सजा!

**कोलकाता।** आरजी कर के पूर्व प्रिंसि. संदीप घोष को सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, लगाए गए आरोप गंभीर है। साबित हुए तो घोष को मौत की सजा हो सकती है।

# प्रदूषण से हालात इमरजेंसी जैसे..अफसर बने मूकदर्शक

## सुको ने कहा- पराली जलाने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर कोर्ट ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को फटकार लगाई।

कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण की वजह से इमरजेंसी जैसे हालात बने हुए हैं। सीएक्यूएम से पूछा कि पराली जलाने में क्या कोई कमी आई है। पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। लगातार बैठकें क्यों नहीं हो रहीं। कार्रवाई केवल कागज पर है और अफसर मूकदर्शक हैं। अगर आप यह मैसेज नहीं देते हैं कि कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाएंगे। मामले की सुनवाई जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एजी मसीह की बेंच कर रही है।



### 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियां बंद

सीएक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने समिति बनाने के बाद 82 कानूनी आदेश और 15 सुझाव जारी किए हैं। उनकी टीम ने 19,000 जगहों का निरीक्षण किया है और 10,000 से ज्यादा फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सीएक्यूएम तीन साल से अस्तित्व में है, लेकिन इसने केवल 82 निर्देश जारी किए हैं। इतनी कार्रवाई काफी नहीं है।

### कोर्ट ने कहा-सब कुछ हवा में हो रहा

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने हलफनामा पढ़कर सुनाया। इसमें पराली संकट से निपटने को लेकर सलाह और दिशा निर्देश जारी करने जैसे कदमों की जानकारी दी गई। लेकिन अदालत इन कोशिशों से नाखुश नजर आई। जस्टिस ओका ने कहा कि सब कुछ तो हवा में है। एनसीआर, राज्यों में जो किया गया है, उसके बारे में हमें कुछ भी नहीं बताया गया।

# दिल्ली एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी चुनाव में भाजपा जीती

## कांग्रेस-आप प्रत्याशी को नहीं मिला एक भी वोट

### मेयर ने दी थी तारीख, एलजी ने करा दिए चुनाव

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की आखिरी खाली सीट शुक्रवार को निर्विरोध जीत ली। दरअसल, सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा के उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ, भाजपा के पास अब पैनल में 10 सदस्य हैं जबकि सत्तारूढ़ आप के पास केवल आठ हैं। यह पहली बार था कि इसका चुनाव आप और कांग्रेस पार्षदों की भागीदारी के बिना हुआ। भाजपा पार्षद कमलजीत सहरावत के पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। यह चुनाव 26 सितंबर को होना था। जब पार्षद पहुंचे तो उनकी तलाशी ली गई। इसके बाद हंगामा हो गया। पार्षदों की चेकिंग इसलिए की गई थी कि कोई मोबाइल फोन तो नहीं ले जा रहा है। इस पर हंगाम कर दिया।



### हरियाणा में अमित शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला

### रेवाड़ी में सरसों के तेल की सबसे बड़ी फैक्ट्री खुलेगी

### राहुल कश्मीर से 370 नहीं हटा सकते अब सरकार हमारी

# पहले डीलर, दलाल और दामाद की सरकार थी राहुल बाबा

**एजेंसी ■ रेवाड़ी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रेवाड़ी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कहा कि 10 वर्ष हरियाणा में कांग्रेस के नेतृत्व में डीलर, दलाल व दामाद की सरकार चलती थी। युवाओं के नियुक्ति पत्र दलाल व डीलर लेकर आते थे, लेकिन भाजपा सरकार में डाकिया लेकर आता है। शाह ने कहा कि भाजपा सरकार हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी देगी। भाजपा सरकार ने डीलर-दामाद का नामोनिशान मिटा दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल बाबा कश्मीर में जाकर कहते हैं कि पहले की तरह 370 लागू कर देंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मेरा सवाल है कि जब तक भाजपा सत्ता में है कैसे कर देंगे, जरा बता दें। यही नहीं, जो वह अमेरिका में जाकर बोले हैं कि पिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त करेंगे। वह भी नहीं कर सकेंगे।



### बनेगी सरसों तेल की फैक्ट्री

दूसरे दल की सरकारों ने अहीरवाल के साथ हमेश सौतेला व्यवहार किया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि अगर हम तीसरी बार सरकार में आते हैं तो रेवाड़ी में देश की सबसे बड़ी सरसों तेल की बड़ी फैक्ट्री बनाने का काम करेंगे। यहां जितने भी बलिदानी हुए हैं, उनके लिए सैन्य संग्रहालय, विश्वकर्मा महाविद्यालय बनाएंगे।

# तीन बच्चों और महिला के हत्यारों को सजा-ए-मौत

## चार लाशों ने यूपी में फैला दी थी सनसनी, दो दिन पूर्व दोषी करार दिया गया था

### तीन साल पहले हुई थी चारों की हत्या, अब मिला न्याय

### एक आरोपी का विचारण बालक न्यायालय पर चल रहा

**एजेंसी ■ बहराइच**

अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार शर्मा ने महिला समेत उसके एक बेटे व दो बेटियों की हत्या में दो दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। इन्हें दो दिन पूर्व दोषी करार दिया गया था। मामला 12 सितंबर 2021 का है। फखरपुर के माधवपुर के ग्राम प्रधान ने पुलिस को लिखित सूचना दी थी कि लगभग पांच बजे गांव के कुछ लोगों ने उन्हें बताया है कि यादवपुरी पुलिया के आगे गन्ने के खेत में एक महिला का शव पड़ा हुआ है, जिसकी उम्र 35 वर्ष है। उसके आगे धान के खेत में एक पांच वर्षीय बच्ची का शव पड़ा है। गजाधरपुर के तुलापुरवा निवासी बेचन ने भी पुलिस को सूचना दी कि सुबह 7.30 बजे जब बसंतापुरवा जा रहा था तो नहर पुलिया के पास भीड़ लगी थी, जहां पर दो शव एक लड़की, जिसकी उम्र आठ वर्ष तथा एक पांच वर्षीय लड़के का शव बरामद हुआ। इस घटना में फखरपुर के तेलियनपुरवा निवासी ननकू व सलमान समेत एक अन्य को गिरफ्तार किया। ननकू व सलमान का मुकदमा इसी न्यायालय पर विचारण हुआ, जबकि एक अन्य का विचारण बालक न्यायालय पर चल रहा है। फिलहाल, दोनों को दोषी करार देकर सजा दे दी गई है।



## बढ़ी चिंता

### 2024 में देश की आबादी की ग्रोथ रेट 1 फीसदी पर पहुंची, 1951 में आबादी की यह ग्रोथ रेट थी 1.25 प्रतिशत

# युवा भारत हुआ बूढ़ा! औसत उम्र 24 से बढ़कर हुई 29 साल

### 2036 तक भारत की बुजुर्गों की संख्या हो जाएगी 12.5 फीसदी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत युवाओं का देश है। पूरी दुनिया में भारत चौथा सबसे युवा देश माना जाता है। इस लिस्ट में सबसे पहला नंबर अफ्रीकी देश नाइजीरिया का है। दूसरा नंबर फिलिपींस और तीसरा बांग्लादेश का है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश भारत में युवाओं की वर्क फोर्स के कारण भारत की दुनिया में धाक है। इसी बीच एक नई रिपोर्ट ने थोड़ी चिंता बढ़ा दी है। भारत की युवा आबादी की औसत उम्र जो 24 साल थी, वो बढ़कर अब 29 साल हो गई है। इस हिसाब से युवाओं की संख्या घट रही है। 2024 में देश की आबादी की ग्रोथ रेट 1 फीसदी पर पहुंच गई, जो 1951 के बाद सबसे धीमी है। तब यानी 1951 में यह 1.25 फीसदी थी। 1972 में यह उच्चतम स्तर पर थी, जो कि 2.2 फीसदी थी।



### बुजुर्गों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी

- 347 मिलियन तक पहुंचेगी 2050 तक 60 वर्ष से अधिक आयु वालों की संख्या
- बुजुर्गों की संख्या 2036 तक भारत की जनसंख्या का कुल 12.5 फीसदी होगी
- 2050 तक संख्या 19.4 फीसदी तक पहुंच जाएगी, 2010 में 91.6 मिलियन थी
- 2025 में 158.7 मिलियन होने की उम्मीद, बीपीएल के नीचे 40 फीसदी बुजुर्ग
- 18.7 फीसदी बुजुर्ग आबादी के पास आय का स्थायी स्रोत नहीं।

**2021 में बुजुर्गों की ग्रोथ रेट थी 1.63 फीसदी:** साल 2021 में देखा जाए तो यह ग्रोथ रेट 1.63 फीसदी थी। साल 2011 में आखिरी जनगणना हुई थी। उस दौरान देश की जनसंख्या 121.1 करोड़ थी। यह जनसंख्या अब बढ़कर 142 करोड़ के करीब पहुंच गई है। यह अनुमान एसबीआई की जनसंख्या पर आई ताजा रिसर्च रिपोर्ट में लगाए गए हैं।

### चुनौतियों पर काम करना जरूरी

बुजुर्गों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की बात की जाए तो उन्हें मधुमेह, हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का काफी सामना करना पड़ता है। सर्वे रिपोर्ट में बताया गया है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करने की जरूरत है।

# कर्नाटक के सीएम उनकी पत्नी और साले पर एफआईआर दर्ज

### भूमि घोटाले में जांच पर रोक लगाने से कोर्ट का इंकार

**एजेंसी ■ बेंगलुरु**

कर्नाटक की भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने शुक्रवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि आवंटन से जुड़े घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला यहां की एक विशेष अदालत द्वारा सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच के आदेश दिए जाने के दो दिन बाद आया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनकी पत्नी ने मानदंडों का उल्लंघन करते हुए एमयूडीए द्वारा प्रीमियम संपत्तियां आवंटित की हैं। एफआईआर में सिद्धारमैया को पहले आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है, उसके बाद उनकी पत्नी पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और जमीन मालिक देवराज का नाम दर्ज है। आरोपों के अनुसार, मैसूर विकास निकाय ने पार्वती के स्वामित्व वाली जमीन का एक टुकड़ा अधिग्रहित किया और उसे उच्च मूल्य के भूखंडों के साथ मुआवजा दिया।



# पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव ने की पूर्व विधायकों की पेंशन वृद्धि की मांग



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मप्र विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से मप्र के पूर्व मंत्री एवं मप्र पूर्व विधायक मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने मप्र के पूर्व विधायकों की पेंशन में वृद्धि किए जाने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए उनसे आग्रह किया कि पूर्व विधायकों की पेंशन में विगत आठ सालों से कोई वृद्धि नहीं हुई है जबकि वर्तमान शासन द्वारा महापौर, पार्षद, सरपंच, पंच व अन्य जनप्रतिनिधियों के वेतन भत्तों में वृद्धि कर दी गई है। वर्तमान में गैस, पेट्रोल, डीजल, सब्जी, दाल-चावल, आटा, शक्कर, घी, तेल, दूध आदि की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी हो गई है वर्तमान में अनेकों पूर्व विधायकों की आर्थिक स्थिति दयनीय है इस कारण पूर्व विधायकों की पेंशन में अन्य राज्यों में की गई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए वेतन भत्तों में बढ़ोत्तरी किया जाना जरूरी हो गया है। इस संबंध में पूर्व विधायकों के विगत तीन सम्मेलनों में भी मांग रखी गई थी लेकिन आज दिनांक तक आश्वासन दिए जाने के बाद भी कोई वृद्धि नहीं की गई। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने विश्वास दिलाया है कि वे इस संबंध में सीएम डॉ. मोहन यादव से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर सकारात्मक पहल कराने का प्रयास करेंगे।

# मप्र के तीन गांवों को मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

## नई दिल्ली में अपर प्रबंध संचालक सुश्री मुखर्जी ने ग्रहण किया सम्मान




सत्ता सुधार ■ भोपाल

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की सर्वश्रेष्ठ ग्राम पर्यटन प्रतियोगिता में एक बार फिर मध्यप्रदेश ने अपना परचम लहराया है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश के प्राणपुर, सावरवानी और लाड़पुरा खास को देश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम घोषित किया गया है। प्राणपुर को पारंपरिक चन्देरी क्राफ्ट श्रेणी और सावरवानी व लाड़पुरा खास को रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म श्रेणी में चुना गया है। शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुए समारोह में मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने ग्रामीण प्रतिनिधियों के साथ यह सम्मान ग्रहण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के तीन ग्रामों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। साथ ही केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन के ग्रामीण पर्यटन के विकास के क्षेत्र में किया जा रहे प्रयासों को सराहने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय रोजगार बढ़ेगा व गांव की अर्थव्यवस्था का विकास होगा।

**केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने किया पुरस्कृत, मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति विभाग एवं प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि हमें गर्व है कि प्रदेश के प्राणपुर, सावरवानी और लाड़पुरा खास ग्राम को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता में चयनित किया गया है। यह उपलब्धि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इन गांवों में न केवल स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण किया गया है, बल्कि पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास भी किए गए हैं।

### विश्व स्तरीय पहचान मिलेगी

अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में सम्मानित होने से प्राणपुर, सावरवानी व लाड़पुरा खास को विश्व स्तरीय पहचान मिलेगी। देशी-विदेशी पर्यटकों के आगमन में बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि, 2023 में पन्ना जिले का मडंला एवं सीधी जिले का खोखरा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम घोषित किया था।

### मनोरम परिदृश्यों से भरा है सावरवानी

छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में बसा सावरवानी गांव समृद्ध गोंड जनजातीय संस्कृति को दर्शाता है। सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान के बफर जोन से घिरा यह गांव शांत वातावरण, पक्षियों की प्रचुर प्रजातियां और मनोरम परिदृश्यों से भरा हुआ है। यहां टूरिज्म बोर्ड द्वारा 9 होम-स्टे तैयार किए जा चुके हैं। विलेज वॉक, प्राकृतिक खेती, बैलगाड़ी की सवारी, मछली पकड़ना, पक्षी देखना, साइकिल चलाना, स्टारगेजिंग जैसी गतिविधियों का आनंद लेते हैं। मक्के की रोटी, चने की भाजी और चना दाल जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ उठाते हैं।

**प्राणपुर बुनकरों और शिल्पकारों का गांव-** प्राणपुर गांव, चन्देरी की तराई में लगभग चार किमी दूरी पर सुरम्य स्थल है। इस गांव की विशेषता यह है कि गांव के 243 घर बुनाई कला से जुड़े हैं। वे हथकरघे का उपयोग दो-तीन पीढ़ियों से कर रहे हैं। गांव के पचास से अधिक शिल्पकार बांस, लकड़ी, पत्थर, गहनें तथा मिट्टी के शिल्प से जुड़े हैं। यह पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र है।

### लाड़पुरा खास प्रकृति के सुरम्य नजारों से भरपूर

निवाड़ी जिले में ओरछा से 8 किलोमीटर दूर स्थित लाड़पुरा खास को पहले ग्रामीण पर्यटन गांव होने का गौरव प्राप्त है। लाड़पुरा खास मेहमानों को बेहतरीन बुंदेली संस्कृति और परंपराओं से अवगत कराने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। मनमोहक परिदृश्यों, वादियों, कृषि क्षेत्रों और ग्रामीण जीवन से घिरा लाड़पुरा खास प्रकृति के सुरम्य नजारों से भरपूर है। हाथ से बनाई गई दीवार पेंटिंग से सजे होम-स्टे, लाड़पुरा खास के आकर्षण हैं।

### कैफेटेरिया हेण्डलूम कैफे का निर्माण

गांव के पुराने कच्चे पहुंच मार्ग की मरम्मत स्थानीय पत्थरों से की गई है। गांव के अन्दर पर्यटक अपने वाहनों से जाकर एक नियत स्थान पर उतरकर आकर्षक गांव का भ्रमण करते है। यहां पर एक पार्किंग स्थल भी विकसित किया गया है। पर्यटकों के लिये विशेष रूप से एक कैफेटेरिया हेण्डलूम कैफे का निर्माण किया गया है। पर्यटकों की सुविधाओं एवं मनोरंजन के लिए बगीचा बनाया गया है। जिसमें एम्फीथियेटर का निर्माण भी किया गया है। यहां स्थानीय समुदाय के सांस्कृतिक दल समय-समय पर पर्यटकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### मालवा-निमाड़ में सौ करोड़ यूनिट बिजली वितरित

**भोपाल।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मालवा निमाड़ में गुणवत्ता के साथ बिजली आपूर्ति की जा रही है। राज्य शासन के अनुसार कृषि क्षेत्र के लिए दस घंटे दैनिक एवं अन्य सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए चौबीस घंटे आपूर्ति व्यवस्था लागू है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक कंपनी क्षेत्र में सौ करोड़ यूनिट बिजली पिछले वर्ष के समान अवधि की तुलना में ज्यादा वितरित हुई है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि जारी वित्तीय वर्ष के करीब छह माह बीतने को हैं। इस दौरान कंपनी क्षेत्र में 1396 करोड़ यूनिट बिजली का वितरण हुआ है, यह गत वर्ष के समान अवधि की तुलना में करीब सौ करोड़ यूनिट ज्यादा है।

### 'दर को लेकर किसानों को नहीं कांग्रेस को आपत्ति'

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के किसान संघ समेत अन्य किसान संगठनों ने 6 हजार प्रति क्विंटल की दर से सोयाबीन खरीदी को लेकर 1 अक्टूबर को आंदोलन का ऐलान किया है। इस मामले को लेकर कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना का बयान सामने आया है उन्होंने कहा कि-हमारी सरकार ने 4892 प्रति क्विंटल सोयाबीन निर्धारित किया है। एक पत्र पर केंद्र सरकार ने खरीदी की राशि बढ़ाई है। अभी 300 रुपए बढ़ाए और कितना बढ़ा दे सरकार। उन्होंने कहा कि किसानों को आपत्ति नहीं है, कांग्रेस को आपत्ति है, कांग्रेसी किसानों को बरगला रहे हैं। मैं किसान भाइयों से आग्रह करता हूं कि इनकी बातों में न आए। कांग्रेस किसान की आड़ में राजनीति कर रही है। दिग्विजय सिंह के खाद की कालाबाजारी के संबंध में कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने कहा कि दिग्विजय सिंह के सभी आरोप निराधार है।

### निजी वाहनों पर नीली बत्ती लगाने पर होगी कार्रवाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में निजी वाहनों (कारों) में अफसरों को अब नीली बत्ती लगाना भारी पड़ सकता है। अवैध रूप से कार में नीली बत्ती लगाने पर अब कार्रवाई होगी। किसी भी स्तर के अधिकारी हों सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिवहन आयुक्त डीपी गुप्ता ने प्रदेश के सभी आरटीओ अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बता दें कि सरकारी अधिकारियों द्वारा नीली बत्ती के दुरुपयोग किए जाने की शिकायत मिली थी। अब कोई भी अफसर अपनी निजी कारों में नीली बत्ती नहीं लगा सकेंगे। ऐसा करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 5 साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य

**हर व्यक्ति को रोजगार दिलाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध**

**प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों पर भी ध्यान**

**मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों के साथ की राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस**



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा बताए गए विभिन्न बिन्दुओं पर ध्यान केंद्रित कर राज्य सरकार उन्हें पूरा करने का प्रयास कर रही है। खासकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मध्यप्रदेश में तलाशने पर जोर दिया जा रहा है। गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के हित में सभी प्रकार के उद्योग स्थापित करने और रोजगार दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को उनकी क्षमता के अनुसार रोजगार दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। व्यापार और व्यवसाय के लिए प्रदेश में अनुकूल अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आने वाले 5 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था दोगुनी करने का लक्ष्य है, जिसे हम तीन साल में ही पूरा करने का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए टैक्स और जीएसटी का संग्रहण बढ़ाने का कार्य चल रहा है। विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए सभी संभागों में लगातार रीजनल कॉन्क्लेव और देश के महानगरों में रोड-शो किए जा रहे हैं। इनका प्रदेश में बड़े पैमाने पर असर दिख रहा है। अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आए हैं। यह कार्य लगातार जारी रहेगा। प्रदेश में केवल बड़े उद्योग ही नहीं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के साथ स्व-सहायता समूह की बहनों को प्रोत्साहन देने का कार्य किया जा रहा है। आईटी, एआई, इंजीनियरिंग सहित उच्च तकनीक के अलग-अलग पाठ्यक्रमों के छात्रों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश में उनकी क्षमता का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश के विकास, उद्योग और रोजगार बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। सीएम ने कहा कि सागर में डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए एक बड़ा प्रस्ताव मिला है। प्रदेश में उद्योग व्यवसाय से जुड़े घराने लगातार सहयोग कर रहे हैं। सागर के बाद रीवा, नर्मदापुरम और शहडोल में भी रीजनल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को सागर में चौथे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल उद्योगपतियों के साथ राउंड टेबल कांफ्रेंस में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक अवसर और चुनौतियों के संबंध में चर्चा की। साथ ही उद्यमियों से संवाद के माध्यम से नवीन निवेश प्रोत्साहन नीति अनुसार समय सीमा में सभी सुविधाएं व स्वीकृतियां उपलब्ध कराने के साथ ऑनलाइन प्रदत्त सुविधा और आसानी से जमीन आवंटन के संबंध में जानकारी दी।

**व्यापार और व्यवसाय के लिए प्रदेश में अनुकूल अवसर उपलब्ध**

### नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त विस्तार की संभावना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में आईटी, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए एसेड्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी रौनक़ चौधरी एवं डाटा सेंट्रिक्स के एमडी नवजोत सिंह सन्धू ने चर्चा की। अवनी एपेरल के एमडी अज्ञात गुप्ता, पैसिफ़िक मेटास्टील के जेपी अग्रवाल ने मानव संसाधन एवं खनन के संबंध में चर्चा की। वन-टू-वन चर्चा में युवाओं के कौशल विकास संबंधी गतिविधियों के संचालन की संभावनाओं के मद्देनज़र डिक्की मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया से भी बातचीत हुई।

### उद्योगपति प्रोत्साहन का लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की भांति प्रदेश में भी नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने की नीति तैयार की गई है। इसमें विकास व विस्तार की व्यापक संभावना है। उद्योगपति सरकार के माध्यम से मिलने वाले प्रोत्साहन का लाभ लें और अपने उद्योग को नया आयाम प्रदान कर रोजगार के अवसर में भी बढ़ोत्तरी करें। पवन और सौर ऊर्जा के साथ ही हाइडल पॉवर में निवेश वृहद संभावना का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगपतियों के बेहतर आइडिया और सुझाव पर आगे बढ़ेगी।

### टेक्सटाइल्स समस्या करेंगे दूर

मुख्यमंत्री द्वितीय राउंड टेबल कांफ्रेंस में टेक्सटाइल्स क्षेत्र में उद्यम स्थापना और इससे संबंधित समस्याओं को दूर करने संबंधी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। एक प्लेटफॉर्म पर उद्योगपतियों की समस्याओं का निराकरण होगा। उन्होंने स्टार्ट-अप उद्यमियों से भी चर्चा की। टेक्सटाइल्स के महत्व और बिजनेस की कठिनाइयों के निवारण पर भी संवाद किया गया। उद्योगपतियों से शासन की नीति और सुविधाओं का लाभ लेकर व्यवसाय बढ़ाने और रोजगार के अवसर सृजित करने का आग्रह किया गया।

# अब सामान्य अस्पतालों में भी होगा नशा पीड़ितों का इलाजः मंत्री कुशवाह



### नशामुक्त भारत अभियान को और सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास

सत्ता सुधार ■ भोपाल

नशे की लत को नियंत्रित करने और नशा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए मध्यप्रदेश में व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना के अंतर्गत प्रदेश के 31 जिलों में एटीएफ सेन्टर की स्थापना की जाएगी। यह कदम नशामुक्त भारत अभियान को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बताया कि यह पहल प्रदेश के उन जिलों में की जा रही है, जिन्हें नशा मुक्ति के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इन जिलों के शासकीय जिला अस्पतालों में एटीएफ सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, जहां नशा पीड़ितों के उपचार के लिए समर्पित वार्ड बनाए जाएंगे। वार्ड में 10 बेड आरक्षित रहेंगे, जिनका उपयोग नशा पीड़ितों के उपचार में होगा। जरूरत से ज्यादा बेड उपलब्ध होने पर सामान्य मरीजों के लिए भी बेड का उपयोग किया जा सकेगा। मंत्री कुशवाह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत, प्रदेश में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2024 के बीच इन एटीएफ सेन्टर्स की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे मेडिकल वार्ड में आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करें और नशा पीड़ितों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था करें।

### एनडीडीटीसी और एम्स को भेजे प्रस्ताव

एटीएफ सेन्टरों की स्थापना के संबंध में एनडीडीटीसी और एम्स नई दिल्ली को प्रस्ताव भेजे गए हैं, जो केंद्र सरकार की गाइडलाइन्स के तहत होंगे। इस पूरे प्रयास का मुख्य उद्देश्य नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाना और पीड़ित व्यक्तियों को समुचित उपचार और पुनर्वास की सुविधा प्रदान करना है। मध्यप्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम से नशे के दुष्प्रभावों से पीड़ित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी, जिससे वे समाज में पुनः सकारात्मक योगदान देने में सक्षम हो सकेंगे।

# वन विभाग में 38 आईएफएस अफसरों के तबादले

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मप्र के वन विभाग ने 38 आईएफएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें भोपाल सहित 16 जिलों के डीएफओ बदले गए हैं। भोपाल के डीएफओ आलोक पाठक का भी तबादला किया गया है। पाठक की जगह लोकप्रिय भारती को भोपाल का वन मंडलाधिकारी बनाया गया है।

आदेश के मुताबिक, प्रधान मुख्य संरक्षक ओपी चौधरी को प्रधान मुख्य वन संरक्षण एवं वन बाल प्रमुख कार्यालय से प्रधान मुख्य वन संरक्षण कार्य योजना एवं वन भू अभिलेख वन मुख्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मनोज कुमार अग्रवाल से प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य आयोजना एवं वन भू अभिलेख का पदभार सौंपा गया। दूसरी ओर मुख्य वन संरक्षण अपर प्रधान और क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम लोक कृष्णमूर्ति को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (वन्य प्राणी) कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षण एवं वन बाल प्रमुख भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राखी नंदा वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल को वन संरक्षण एवं क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम की जिम्मेदारी सौंपी गई। संजीव झा वन संरक्षक छतरपुर वृत्त को वन संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल की जिम्मेदारी दी गई है। छतरपुर वन संरक्षक अजय कुमार कार्य योजना को वन संरक्षक शहडोल वृत्त की जिम्मेदारी मिली है।

### इन जिलों के डीएफओ बदले

खरगोन, उज्जैन, बैतूल, सिवनी, सीधी, अशोक नगर, सतना, बालाघाट, दमोह, शाजापुर पन्ना, भिंड, मुरैना, रीवा, रायसेन और भोपाल जिले के वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) बदले गए हैं।

**बदलाव** | एक दर्जन नए जिलाध्यक्ष बदलेंगे, मोर्चा-संगठन में भी होगा बदलाव

# अब शुरू होगी प्रदेश कांग्रेस में सर्जरी, जल्द देखने को मिलेगा असर




सत्ता सुधार ■ भोपाल

कांग्रेस ने अपने प्रदेश संगठन में बदलाव की पूरी तैयारी कर ली है। इसका असर नवरात्रि से दिवाली के बीच देखने को भी मिलेगा। पहले चरण में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी घोषित की जाएगी और उसके बाद करीब एक दर्जन जिलों के अध्यक्षों को बदला जाएगा। इसका असर कांग्रेस के आनुषंगिक संगठनों पर भी आएगा और कई जिलों के मोर्चा-संगठन अध्यक्ष बदले जाएंगे।

कांग्रेस के उच्च सूत्रों के अनुसार प्रदेश कार्र्यकारिणी की सूची तैयार हो गई है और सभी बड़े नेताओं की सहमति के बाद अब उसमें बदलाव की गुंजाइश बिलकुल कम है। सूची को लेकर प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्रसिंह और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी में चल रही अनबन भी समाप्त होती नजर आ रही है। दोनों नेताओं ने दिल्ली में आलाकमान के समक्ष सूची जारी करने पर हामी भर दी है। अगर नेताओं पर विश्वास किया जाए तो नवरात्रि में किसी भी दिन प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। कार्यकारिणी में कांग्रेस के कई पूर्व मंत्री भी शामिल हैं तो वरिष्ठ नेताओं को भी तवज्जो दी गई है। हालांकि कार्यकारिणी का स्वरूप छोटा ही रहेगा।

जीतू पटवारी का दावा है कि कार्यकारिणी में उन्हीं लोगों को शामिल किया गया है, जो कांग्रेस में कुछ करना चाहते हैं और सक्रिय रहना चाहते हैं। इसके बाद जिलाध्यक्षों की सूची जारी करने की तैयारी है। फिलहाल करीब एक दर्जन जिलाध्यक्षों को बदलने की खबर है और वह सूची भी प्रदेश कार्यकारिणी की सूची के बाद कभी भी जारी की जा सकती है। इस सूची में निष्क्रिय जिलाध्यक्षों को हटाकर उनके स्थान पर नए चेहरों की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश स्तर पर भी मोर्चा और संगठनों में बदलाव होना है।

प्रदेश स्तर पर महिला कांग्रेस में बदलाव के संकेत नजर आ रहे हैं। वर्तमान में विभा पटेल महिला प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं और उनके स्थान पर किसी दूसरी महिला कार्यकर्ता की नियुक्ति की जा सकती है। वहीं एनएसयूआई, युवक कांग्रेस और अल्पसंख्यक अध्यक्षों को नहीं बदला जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर मोर्चा-संगठन के जिलाध्यक्षों में भी बड़े स्तर पर बदलाव किया जाना है। इसमें इंदौर के अधिकतर मोर्चा-संगठन अध्यक्ष प्रभावित होंगे, जो काम नहीं कर रहे हैं या गुटबाजी में पड़े हुए हैं।

### इंदौर के मामले में सस्पेंस कायम

इंदौर को लेकर अभी प्रदेश कांग्रेस की ओर से कोई संकेत नहीं मिले हैं। यहां जिला और शहर अध्यक्ष को बदलने की कवायद चल रही है। जिलाध्यक्ष सदाशिव यादव का कार्यकाल पूरा हो चुका है और उनका बदलना तय है। उनके स्थान पर राधेश्याम पटेल और मनीष पटेल के नाम सामने आ रहे हैं। वहीं शहर अध्यक्ष सुरजीतसंह चड्ढा भी अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं। अगर उन्हें दिग्विजयसिंह का साथ मिल गया तो वे अपनी कुर्सी कायम रख सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज़

### शासकीय कर्मचारियों से विद्युत देयक की वकाया राशि की वसूली हेतु आदेश जारी

**दतिया।** उप महा प्रबंधक संचा/संधा म.प्र.म. क्षेत्र विद्युत विभाग दतिया ने कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार शासकीय कर्मियों पर विद्युत वकाया राशि की वसूली हेतु जिला पंचायत एवं ग्रामीण विभाग दतिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी दतिया में पदस्थ कर्मचारियों के नाम जारी कर विद्युत बकाया राशि जमा कराने के आदेश जारी किए है। जिसमें दोनों विभागों के कुल 19 कर्मचारी शामिल है। जिन पर वकाया राशि है यदि वह समय सीमा में राशि जमा नहीं करते की स्थिति में उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिन कर्मचारियों पर बकाया राशि है उनमें जिला पंचायत एवं ग्रामीण विभाग दतिया के बृजकिशोर श्रीवास्तव, रमेशचंद्र नरवरिया, कृष्णकांत गुप्ता, श्रीमती रितु व्याय तथा शिक्षा विभाग में पदस्थ जस्सा वंशकार, रामस्वरूप यादव, श्रीमती शबनम, श्रीमती पोलीना टोप्पो, परशुराम गोतम, विजय कुमार मांझी, रविशंकर यादव, बलराम शर्मा, पंचत सिंह, श्रीमती गीता जाटव, सुरजीत सिंह, राजा, प्रशांत सिंह यादव, रामनिवास वघेल, डालचंद्र कोरी शामिल है।

### जिले में धान, ज्वार एवं बाजरा के 4 अक्टूबर तक पंजीयन होंगे

**दतिया।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने बताया कि मध्य प्रदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल द्वारा खरीफ वर्ष 2024 में ई उपार्जन पोर्टल पर 25 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक सोयाबीन के पंजीयन का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार जिले में संचालित 32 पंजीयन केन्द्रों पर धान, ज्वार एवं बाजरा के 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक धान, ज्वार एवं बाजरा का पंजीयन का कार्य किया जाएगा।

### करंट लगने से युवक की मौत

**दतिया।** कस्बा सेंवढा में गुरूवार की शाम एक 25 साल के युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक हीटर में बिजली के तार लगा रहा था तभी करंट की चपेट में आ गया। सेंवढा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच लिया है। जानकारी के अनुसार कस्बा सेंवढा के वार्ड क्रमांक 15 में रहनेवाली 22 वर्षीय रिंकी वंशकार पत्नि पंकज वंशकार ने पुलिस को बताया कि गुरूवार को शाम करीब 7 बजे उसके पति पंकज वंशकार उम्र 25 साल हीटर में बिजली का तार लगा रहे थे तभी वह करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**दतिया।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश भार्गव की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय एसआरएलएम/एसयूएलएम अधिकारियों एवं हितग्राहियों के साथ चर्चा की गई। सम्मेलन में अतिरक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री धनंजय मिश्रा, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग श्री आरएल असैया सहित हितग्राही उपस्थित रहे।



# कुपोषण का अंत सुपोषण वाटिका के संग : अरविंद उपाध्याय

**सत्ता सुधार ■ दतिया**

पोषण अभियान के अंतर्गत दतिया जिले की प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्र पर पोषण वाटिका लगाया जाना है।

जिसके लिए जिला पंचायत मनरेगा के तत्वाधान में संबधित विभागों के समन्वय पोषण वाटिका के निर्माण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक पोषण वाटिका, किचन गार्डन एवं पोषण वाटिका निर्माण के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में बताया गया कि हमें किस प्रकार से पोषण वाटिका लगानी है एवं पोषण वाटिका के माध्यम से हम किस प्रकार से कुपोषण को दूर कर सकते हैं। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक मत्स्य राजेश पाठक, सहायक संचालक उद्यानिकी आरएल असैया एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अरविंद उपाध्याय मौजूद रहे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि पोषण माह के दौरान हमने जिले के अंतर्गत हर एक आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषण वाटिका में तरह-तरह के पौधे लगवाए हैं एवं हम पोषण वाटिका के माध्यक से कुपोषण को दूर कर सकते हैं।

# पार्टी के विचारों से युवाओं को जोड़ें : अतुल भूरे चौधरी



**सत्ता सुधार ■ दतिया**

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज शुक्रवार को भाजपा ग्रामीण मंडल के वार्ड क्रमांक 33 और 36 में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी और विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष रघुवीर प्रताप कुशवाह मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्ड 33 के मुहल्ले उनाव रोड गंजी के हनुमान जी, मम्मा जू का बाग, बस बॉडी, रतन रॉयल के पास नजर बाग के नागरिकों को भाजपा सदस्यता टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल दिलाकर भाजपा का सदस्य बनाया। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 36 के मोहल्ले सिद्धार्थ कॉलोनी, पुलिस लाइन, झांसी बाईपास रोड, गौड़ बाबा कॉलोनी, रामनगर कॉलोनी के पास निवासरत नागरिकों को भी भाजपा का सदस्य बनाया। मुख्य अतिथि अतुल भूरे चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा सदस्यता संगठन पर्व अभियान में आप सभी कार्यकर्ता सहयोग करें। अपने आसपास के गली मोहल्लों में पहुंचकर वहां पर निवास रथ नागरिकों को भाजपा सदस्यता अभियान में शामिल करें। भारतीय जनता पार्टी और संगठन निरंतर हर गली मोहल्ले में पहुंचकर सदस्यता अभियान को आगे बढ़ा रहे है। हर एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास के सभी घरों में भाजपा के सदस्य बनाएं और भाजपा सदस्यता अभियान को सफल बनाएं। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा होगा इसलिए आओ हम सब मिलकर सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाएं और सभी परिवारों में भाजपा के सदस्य बनाएं। इस मौके पर पार्षद सत्यम भगत, पार्षद कुंदन प्रजापति, पार्षद राकेश साहू, पवन आदिवासी, राहुल आदिवासी, राकेश आदिवासी, दीपू आदिवासी, श्रीमती पांचवा आदिवासी, श्रीमती हर कुमार आदिवासी, श्रीमती रंजना आदिवासी, श्रीमती पूजा आदिवासी, राजेंद्र आदिवासी, उर्मिला आदिवासी, नीरज आदिवासी, श्रीमती मोहिनी आदिवासी, नरेंद्र आदिवासी, श्रीमती रचना आदिवासी सहित वार्ड वासी मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन मल्टी पार्किंग में लिफ्ट के गड्ढ़े में गिरकर युवक की मौत

**सत्ता सुधार ■ दतिया**



पीतांबरा पीठ सामने नगरपालिका द्वारा मल्टी पार्किंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गुरूवार की रात एक युवक की पार्किंग में बने लिफ्ट के गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। युवक पीताम्बरा मंदिर के सामने एक होटल में काम करता था। गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह पेशाब करने मल्टी पार्किंग के अंदर गया। रात के अंधेरे में युवक लिफ्ट का गड्ढा नही दिखाई दिया जिससे वह उसमें जा गिरा और उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, राजगढ़ चौराहा के पास रहनेवाला बिट्टू पुत्र दीपक शर्मा (22) पीतांबरा मंदिर के सामने एक होटल में काम करता था। गुरूवार की रात करीब साढे आठ बजे वह पेशाव करने नगरपालिका की निर्माणधीन मल्टी पार्किंग की बिल्डिंग में पेशाब करने चला गया। बिल्डिंग में अंधेरा होने के कारण वह लिफ्ट के लिए खोदे गए गड्ढे में जा गिरा। गड्ढे में पानी भरा हुआ था। युवक के साथ होटल में काम करने वाले अन्य युवक ने उसे गड्ढे गिरा देख पीतांबरा मंदिर की चौकी पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिल सकी। सूचना एसडीईआरएफको दी गई। एसडीईआरएफटीम ने शव को कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला। युवक अपने माता पिता की इकलौती संतान था। उसकी मौत से परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

## 2 से 8 अक्टूबर तक मध्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश भार्गव ने बताया कि जिले में महात्मा गांधी की जंयती पर नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2024 से 8 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजित कार्यक्रमों में 2 अक्टूबर 2024 को मद्य निषेध सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ एवं सामूहिक शपथ कार्यक्रम नशामुक्ति के लिए समस्त निकाय मुख्यालयों पर वाहन रैलियों का आयोजन एवं गांधी के अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत सभा/ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री/विभागीय मंत्री का नशा मुक्ति संदेश का वाचन एवं सामूहिक नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा प्रत्येक नगरीय निकाय में प्रत्येक वार्ड में पार्षद/जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम होंगे। 3 अक्टूबर 2024 को जिले के समस्त हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों में निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन, जिले के समस्त महाविद्यालयों में निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं को आयोजन होगा। 4 अक्टूबर 2024 को जिले के समस्त हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों में नशामुक्ति पर आधारित चित्रकला/रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं जिले के समस्त महाविद्यालायों में नशा मुक्ति पर आधारित चित्रकला/रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 5 अक्टूबर 2024 को जिले के समस्त नगर/ग्रामों में प्रमुख चौराहों पर नशे के विरूद्ध नुक्कड़ नाटकों का आयोजन, जिले के समस्त नगर/ग्रामों में प्रमुख चौराहों पर नशा की आदत से छूटे प्रभावी एवं जिम्मेदार व्यक्तियों का व्याख्यान होगा। 6 अक्टूबर 2024 को जिले के सभी हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा नशे के प्रति अपनो के नाम पाएगी, जिले के समस्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा नशे के प्रति अपनों के नाम पाएगी। 7 अक्टूबर 2024 को जिले के समस्त गैर सरकारी संगठनों की सहभागिता से युवाओं छात्र-छात्राओं के द्वारा नशे के प्रति मानव श्रृखंला का निर्माण विभिन्न संस्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज आदि के विषय विशेषतओं के माध्यम से नशामुक्ति का व्याख्यान, जिला, निकाय मुख्यालयों पर नशे के विरूद्ध मैराथन, वाहन रैली का आयोजन होगा।

## स्व .आदित्य सुहाने के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने दी श्रद्धांजलि दी, परिवार को ढांढस बंधाया

**सत्ता सुधार ■ दतिया**



इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे युवा आदित्य सुहाने के असमय दुःखद निधन होने पर पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने शुक्रवार को चुनगर फाटक स्थित सुहाने परिवार के निवास पर पहुंच कर शोक संतृप्त परिवार जनों से मिलकर गहन शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया तथा स्व.आदित्य सुहाने के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक श्री सिंह ग्राम धीरपुरा पहुंचे तथा यहां लाखन सिंह परमार के पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मलित हुए। इसके पश्चात श्री सिंह दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खेरी पहुंचे तथा सुनील कमरिया के यहां पारवारिक कार्यक्रम में सम्मलित हुए।

### कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर

**दतिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि दतिया जिले के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा के तहत वर्ष 2023-24 की गतिविधियों के आधार पर कृषक पुरस्कार कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि यंत्रीकरण के प्रति विकासखंड 05 सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार जिसको प्रति पुरस्कार राशि 10 हजार रूपये है। जिले में 5 सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार जिसकी प्रति पुरस्कार राशि 20 हजार रूपये तथा 5 जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार जिसकी प्रति पुरस्कार राशि 25 हजार रूपये दिए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कृषक पुरस्कार के लिए कृषकों द्वारा खेती में अपनाई गई कृषि तकनीकी, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि यंत्रीकरण संबधित गतिविधियों के आधार पर इच्छुक कृषक एवं कृषक समूह अपने-अपने आवेदन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/बीटीएम विकासखंड दतिया, सेवढ़ा एवं भाण्डेर से प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।

## किसानों ने नहर में पानी छोडने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**सत्ता सुधार ■ दतिया**



भांडेर क्षेत्र के किसानों ने राजघाट नहर से पानी छोडने की मांग को लेकर कलेक्टर संदीप कुमार माकिन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने राजघाट नहर परियोजना से रामगढ माइनर, कामद माइनर एवं कुम्हर्रा माइनर में तत्काल पानी छोडने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि पहले पर्याप्त मिलने से किसानों ने धान की फसल क्षमता से अधिक लगा ली। उसमें किसानों की लागत भी ज्यादा आयी। जिससे किसान कर्ज के बोझ के तले दब गया है। वर्तमान में न तो शासन द्वारा नहरों में पानी छोडा जा रहा है और न ही नियमित रूप से लाइट की सप्लाई दी जा रही है। फसल का यह सबसे महत्पूर्ण समय है, इस समय फसलों को पानी नहीं दिया गया तो फसले सूखकर नष्ट हो जाएंगी। किसानों ने तत्काल ही नहर में पानी छोडने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई यदि शनिवार तक नहरों में पानी नहीं छोडा तो सभी किसान बीकर आडे गोला पर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारत सिह, बलवीर सडवारा, हेमंत सडवारा, तुलसीराम खिरिया नाई, मोहित मवई, रोहित इमलिया, अनिल पाल धवारी, रोहित बीकर, नीलू गौतम दबरी भाट, सत्येन्द्र सिंह आसेर, सोवरन सिंह यादव सडवारा, नरेन्द्र कमरिया आदि किसान मौजूद रहे।

## रेत माफिया ने किसानों पर फायरिंग की, दो घायल

**दतिया।** लांच थाना क्षेत्र के ग्राम अंडोरा में रेत माफ्यिाओं ने किसानों पर फायरिंग कर उनके साथ मारपीट की। फायरिंग में दो किसानों को गोली छर्रे लगे जिससे वह घायल हो गए। घायल किसान थाना पहुंचे और सात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार ग्राम अंडोरा निवासी अबजीत सिंह (30) पुत्र सुरेंद्र सिंह जाट ने लांच पुलिस बताया कि वह बिजली कंपनी में ठेकेदारी का काम करता है। वह शुक्रवार को सुबह चाचा राघवेंद्र सिंह जाट के साथ अपने खेतों की तरफगया था। करीब साढ़े आठ बजे पदी किनारे चचेरे भाई प्रीतम जाट के खेत के पर पहुंचा तो वहा निक्की पुत्र अशोक शर्मा निवासी टोड़ा, छोटू पुत्र प्रमोद शर्मा निवासी टोडा, आशुतोष पुत्र महेश शुक्ला निवासी रूरा, अनिल दुबे, कल्लू तिवारी, अरुण यादव और नरेंद्र परिहार खेत की मेढ पर बैठे थे। उसने उन लोगों से खेत की मेड़ पर बैठने का कारण पूछा तो उन लोगों ने कहा कि हम खेतों से रेत निकालने के लिए बैठे हैं, तब अबजीत ने उन्हें अपने खेत से रेत निकालने से मना किया।

## भ्रष्टाचार की जांच के चलते पंचायत सचिव को हटाया

**दतिया।** ग्राम पंचायत बहादुरपुर में हुए भ्रष्टाचार की जांच के चलते पंचायत सचिव संजय दुबे को वहां से हटा दिया है। ग्राम पंचायत में समाजसेवी डॉ राजू त्यागी ने भ्रष्टाचार होने की की शिकायत की थी। ग्राम पंचायत बहादुरपुर मनरेगा के तहत कराए गए कामों में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत त्यागी द्वारा की गई थी। पंचायत सचिव संजय दुबे को अब ग्राम पंचायत विडिनिया प्रभार दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव ने आदेश जारी किया है। मूल्यांकन करने वाले संविदा उपयंत्री दिलीप शर्मा पर लगा था जांच प्रभावित करने का आरोप लगा था, लेकिन शिकायत के बाद भी उपयंत्री को नहीं हटाया गया।

# स्वभाव-स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सेवढा में संपन्न

**सत्ता सुधार ■ दतिया**




स्वभाव-स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर आज शुक्रवार को स्वच्छ भातर मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत सेवढा में स्वच्छता ही सेवा है अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जनपद पंचायत सेवढा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉ. शरद यादव, ब्लॉक मेडीकल आफीसर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सफाईकर्मी, स्वच्छता मित्र, स्वच्छाग्राही एवं जनपद पंचायत के स्टाफएवं स्थानीय नागरिकों क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में प्रभारी आवास संदीप माथुर, लेखाधिकारी सूरज जाटव, बालमुकुंद स्वामी, लोकेन्द्र सिंह अम्ब, प्रदीप दीक्षित, राजाराम धुनकर, दिनेश गुप्ता पीसीओ, राकेश कुशवाहा, भीकम सिंह यादव, जनक सिंह, कुंवर सिंह यादव, सियाशरण नामदेव, घनश्याम निरंजन, सफाईकर्मी एवं स्वच्छता मित्रों का एवं स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सेवढ़ा मनीष गुप्ता द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य बहुमूल्य है। ब्लॉक समन्वयक एसबीएम श्री सतेन्द्र शर्मा ने कहा कि शरीर की नियमित साफ-सफाई एवं कचरे का सही निपटान की समाज की सच्ची सेवा है। स्वास्थ्य शिविर में 107 सफाईकर्मी, स्वचछता मित्र, स्वच्छाग्राही, जनपद स्टाफ, आम नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, टीवी आदि बीमारियों का परीक्षण कियाग या एवं लोगों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

# माता रतनगढ़ मंदिर पर शारदीय नवरात्रि एवं दीपावली दोज पर लगने वाले भव्य मेले के आयोजन हेतु 163 धारा लागू

**दतिया।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अधिकारी दतिया संदीप कुमार माकिन ने दतिया जिले में रतनगढ़ माता मंदिर पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक शारदीय नवरात्रि एवं 2 व 3 नवम्बर 2024 को दीपावली की दौज पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30(1) के अंतर्गत माता रतनगढ़ मेले में बहुतायत संख्या में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आवागमन रहता है। मेला आपदा प्रबंधन की दृष्टि से भी संवेदनशील रहता है।

मेले में ज्वलनशील पदार्थो के उपयोग से अग्नि दुर्घटना घटित होने एवं इससे भगदड़ होने की आंशका रहती है। पॉलीथिन के उपयोग से यहां की वन संपदा एवं जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है। आखाद्यय एवं मिलावटी खाद्यय पदार्थो के विक्रय एवं खाने से जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः वन-संपदा की सुरक्षा, जन-स्वास्थ्य, जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए रतनगढ़ माता मंदिर एवं कुंअरबाबा मंदिर पर केवल इलायची दाने, सूखे मेवे व लाई के प्रसाद के अलावा अन्य खाद्यान्न पदार्थों के प्रसाद के क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित किया जाता है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री माकिन ने जारी आदेश में निर्देशित किया गया है जिला दतिया रतनगढ माता मंदिर, कुंअरबाबा मंदिर एवं समग्र मेला परिसर में लोक शांति, लोक स्वास्थ्य की रक्षा हेतु नारियल ले जाना, पॉलीथिन में प्रसाद ले जाना, अगरबत्ती जलाना, आतिशवाजी करना, आग्नेय एवं ज्वलनशील उपकरणों के उपयोग, दूषित एवं मिलावटी प्रसाद वाले पदार्थो को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है।

चूंकि आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा -123 के अंतर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है और इसकी तामीली दतिया जिले में रह रहे प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिशः कराया जाना संभव नहीं है। अतः सार्वजनिक माध्यमों इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से यह आदेश सर्वसाधारण को अवगत कराया जा रहा है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी अन्य आदेश तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के उल्लंघन की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 एवं अन्य दण्डात्मक प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय कार्यवाही की जाएगी।

### फैकल्टी पहुंचे लेकिन छात्रों के अभाव में नहीं हो सकी पढ़ाई

# एमिटी यूनिवर्सिटीः तानाशाही के विरोध में स्टूडेंट्स ने किया क्लासेस का बहिष्कार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

फर्जीवाड़े के दम पर खुद को सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी का दावा करने वाले एमिटी प्रबंधन की तानाशाही के विरोध में शुक्रवार को स्टूडेंट्स ने क्लासेस का बहिष्कार किया। जिसके चलते फैकल्टी पहुंचने के बावजूद छात्रों के अभाव में पढ़ाई नहीं हो सकी।

यहां बता दें कि बीते रविवार को एमिटी यूनिवर्सिटी में बी. फार्मेसी के सातवें सेमेस्टर के छात्र आदित्य राजपूत की मौत के बाद छात्रों में प्रबंधन की तानाशाही से खिलाफ खासा आक्रोश व्याप्त है। जिसके चलते विगत दो दिनों से यहां का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। बीते बुधवार को जहां स्टूडेंट्स ने मार्च निकाला था, गुरुवार को कैंपस के मुख्य द्वारों पर तालाबंदी कर दी थी। वहीं शुक्रवार को कैंपस के गेट तो खुले रहे, लेकिन प्रबंधन की हठधर्मिता से नाराज स्टूडेंट्स द्वारा क्लासेस का बहिष्कार कर दिया गया। ऐसे में फैकल्टी तो क्लासों में पहुंचे, लेकिन वहां गिने- चुने स्टूडेंट्स ही मौजूद होने से अधिक पढ़ाई नहीं हो सकी।





फाइल फोटो

#### प्रबंधन पर नहीं भरोसा

एमिटी प्रबंधन द्वारा बीते रोज स्टूडेंट्स के आक्रोश को देखते हुए उन्हें आश्वासन दिया गया था, कि वह शांति से अपनी विंग में पहुंचें, वहां एक- एक छात्र से बात करके उसकी समस्या जानी जाएगी। किंतु स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट पर भरोसा नहीं है। उनका कहना है कि अभी हम एकजुट हैं, इसलिए हमसे बातचीत की जा रही है। जब हम अकेले होंगे, तो फिर हम पर मैनेजमेंट द्वारा अपनी मर्जी थोपी जाएगी। यही कारण है कि एमिटी प्रबंधन द्वारा तमाम प्रलोभन दिए जाने के बावजूद शुक्रवार को अधिकांश स्टूडेंट्स ने क्लासेस अटेंड नहीं कीं।

#### एचओआई पर ठीकरा फोड़ बचने का प्रयास

एमिटी मैनेजमेंट द्वारा छात्र की मौत के मामले में एचओआई (हेडऑफिस इंस्टीट्यूट) एस मोहानालक्ष्मी के सिर पर ठीकरा फोड़ते हुए खुद बच निकलने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि मेडिकल लीव नहीं मिलने से स्टूडेंट्स में एचओआई को लेकर नाराजगी तो है, लेकिन उनका कहना है कि वह यह सब कुछ मैनेजमेंट की मर्जी के बिना नहीं कर सकतीं, अतः पहले मेडिकल लीव शुरू की जाएं। वहीं छात्रों का आरोप है कि यदि मैनेजमेंट के किसी भी फरमान को लेकर आवाज उठाई जाए, तो हमें कॅरियर बर्बाद करने की धमकी दी जाती है। यहां तक कि सस्पेंशन जैसी कार्रवाई कर प्रेशर बनाया जाता है, अतः इस प्रथा पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए।

#### यह है पूरा मामला

रायगढ़ (छत्तीसगढ़) निवासी आदित्य ग्वालियर की एमिटी यूनिवर्सिटी से बी-फार्मा कर रहा था, जो सातवें सेमेस्टर का छात्र था और डीडी नगर में किराए का रूप लेकर रहता था। कुछ दिनों से उसकी तबियत खराब थी, बीते रविवार की शाम हालत बिगड़ने पर उसके साथियों ने उसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया था, जहां करीब एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। चूंकि आदित्य काफी होनहार छात्र था, उसकी हुई इस आकस्मिक मौत से उसके साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स भड़क गए। जिनका कहना है कि उसकी कुछ दिनों से तबियत खराब थी, लेकिन उसे मेडिकल लीव नहीं दी गई। समयाभाव के कारण वह अपने मन से दवा लेता रहा, जिससे रविवार को उसकी हालत बिगड़ गई। जब उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, तो कुछ देर में उसकी मौत हो गई। यदि एमिटी विवि प्रबंधन मनमाना रवैया छोड़ आदित्य को छुट्टी की परमीशन दे देता, तो संभवतः आज वह हमारे बीच होता।

## माधव महाराज की पुण्यतिथि पर बांटेंगे प्रसादी




सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

माधव महाराज की पुण्यतिथि पर अचलेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण की जाएगी। महेन्द्र भदाकरिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि माधवराव सिंधिया राजनीति के लिए ही नहीं बल्कि कई अन्य रुचियों के लिए भी विख्यात रहे हैं। क्रिकेट, गोल्फ, घुड़सवारी और हर चीज़ के शौक़ीन होते हुए भी माधवराव सिंधिया ने सामान्य व्यक्ति जैसा जीवन व्यतीत किया था। माधवराव सिंधिया की समाज सेवा, शिक्षा को प्रोत्साहन, वन्य जीवन संरक्षण में विशेष रुचि थी। इसके अलावा वह आमोद-प्रमोद एवं मनोरंजन-क्रिकेट, तैराकी आदि के शौकीन थे। माधवराव सिंधिया जनसेवा के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने जीवन भर गरीबों की मदद की है। उन्होंने बताया कि माधवराव सिंधिया की मृत्यु 56 वर्ष की आयु में 30 सितम्बर 2001 को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के बाहरी इलाके में स्थित मोट्टा गांव में एक विमान दुर्घटना में हो गई थी। भैंसरौली गांव के ऊपर जब विमान में आग लग गई थी। सोनिया गांधी के विदेशी मूल पर विवाद के बाद 1999 के लोकसभा चुनावों से पहले भावी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने के कारण, वे कानपुर में एक रैली को संबोधित करने जा रहे थे। निजी विमान ( बीचक्राफ्ट किंग एयर सी90 ) में सवार सभी आठ लोगों की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। शवों को पहचान से परे जला दिया गया और सड़क मार्ग से आगरा ले जाया गया, जहां से प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा भेजा गया एक विशेष भारतीय वायु सेना का विमान उनके अवशेषों को नई दिल्ली लाया। माधवराव सिंधिया के अवशेषों की पहचान उनके परिवार ने देवी दुर्गा के लॉकेट से की, जिसे वे हमेशा पहनते थे। शव परीक्षण और अन्य कानूनी औपचारिकताएं क्रमशः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में प्रोफेसर टीडी डोगरा द्वारा संचालित और पूरी की गईं। उनके बेटे ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया को प्रतीकात्मक रूप से परिवार का मुखिया नियुक्त किया गया।

### महिला स्वयं सहायता समूह की आम सभा की वार्षिक बैठक आयोजित

**भितरवार ।** नगर के वार्ड नं 10 स्थित सामुदायिक भवन पटिया वाले बाबा के पास स्थित सामूदायिक भवन में ज्योति संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया संकुल के गांव से 220 महिलाओं का समूह इस बैठक में शामिल हुआ। बैठक में जिला कार्यालय ग्वालियर से शाह मिफीज, भितरवार एसडीएम देवकीनंदन सिंह ,तहसीलदार शत्रुघन चौहान, नायब तहसीलदार धीरज सिंह परिहार मुख्य रूप से सम्मिलित रहे । इस बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य में चल रही महिलाओं के लिए योजनाओं के साथ नए रोजगारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम देवकीनंदन सिंह ने महिलाओं से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने के लिए जानकारी भी दी। वहीं महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की वार्षिक आय 1 लाख से ज्यादा हो इसके लिए भी राज्य स्तरीय योजनाओं के बारे में बताया गया।



### जनक सिंह तोमर बने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष

**भितरवार।** बुधवार को जनक सिंह तोमर को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र सिंह भदौरिया , प्रदेश अध्यक्ष ब्रजपाल सिंह तोमर एवं प्रदेश प्रमुख महामंत्री रघुराज सिंह तोमर की सहमति से जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी और तोमर को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर शीघ्र कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए । जनक सिंह तोमर के जिलाध्यक्ष बनने पर क्षत्रिय समाज जनों ने स्वागत कर बधाई दी और संगठन का आभार माना। जनक सिंह तोमर ने बताया कि वे शीघ्र पूरे जिले का दौरा कर समाजजनों से मुलाकात करेंगे व सक्रिय लोगो को जोड़कर जिला कार्यकारिणी में शामिल कर जिम्मेदारी देंगे।



### भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने की गोवर्धन की पूजा

**डबरा।** बिलौआ में चल रही भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के साथ गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया गया।आज कथा का पांचवा दिन था। गोवर्धन पूजा के प्रसंग को कथा व्यास बाल ब्रह्मचारी स्वामी श्री प्रेमानंद जी महाराज हरिद्वार उत्तराखंड ने सुनाते हुए कहा कि जब बृजवासी इंद्र की पूजा करने की तैयारी कर रहे थे, तब श्री कृष्ण ने उन्हें रोका और इंद्र की जगह पर गिरिराज गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहा क्योंकि गिरिराज गायों को आश्रय प्रदान करते थे। श्री कृष्ण की सलाह पर इंद्र की पूजा की जगह गोवर्धन की पूजा शुरू हुई, अपना अपमान होता देख इंद्र कुपित हो गए और उन्होंने क्रोध में आकर मूसलाधार बारिश कर दी। प्रलय के समान वर्षा देखकर सभी बृजवासी घबरा गए तब मुरलीधर ने मुरली कमर में डाली और अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया। इसके बाद इंद्र को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने श्री कृष्ण से क्षमा याचना की। इसके बाद से ही गोवर्धन पूजा का प्रचलन शुरू हुआ। गिरिराज की परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कथा स्थल पर गोवर्धन की मनमोहक झांकी लगी जिसमें महिला पुरुषों ने पूजा अर्चना कर परिक्रमा की।

### सरपंच पुत्र के साथ आदिवासी परिवार ने एसडीएम के यहां लगाई गुहार

**डबरा।** तकरीबन 12 दिन पूर्व अंचल के अंदर आई बाढ ने कई परिवारों को नेस्तानाबूत कर दिया। कई परिवारों के घर उजड गये तो कई परिवारों के सामने रोटी के लाले पड गये। सबसे खास बात तो यह है कि भले ही म.प्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव और ग्वालियर की कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने स्पष्ट निर्देश राजस्व विभाग की टीम को दिये थे कि ऐसा कोई व्यक्ति, ऐसा कोई परिवार जो बाढ पीडित में आया हो उसका सर्वे में नाम नहीं छूटना चाहिए, लेकिन झाडोली पंचायत एक ऐसी पंचायत है जिस पंचायत में एक दर्जन से ऊपर आदिवासी परिवारों का न तो सर्वे हुआ और न ही उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा मिला। जबकि उनकी झुग्गी झोपडी नष्ट हो गई जिसको लेकर झाडोली पंचायत की सरपंच श्रीमती लक्ष्मीदेवी गुर्जर के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता बंटी गुर्जर के साथ एक दर्जन से ऊपर आदिवासी परिवार एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने खुद की सहायता के लिये न्याय की गुहार लगाई।

### युवक को मारी गोली

**डबरा।** पिछोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करही में मवेशियों की रखवाली करने गए किसान को दो बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। घटना बीती रात्रि की है जिस व्यक्ति ने गोली चलाई वह गोली किसान के पैर में लगी और बदमाश भाग निकले। घटना का पता चलते ही पिछोर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिये भर्ती कराकर आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछोर थाना क्षेत्र के करही निवासी 42 वर्षीय रामेश्वर बघेल पुत्र छोटे लाल किसान है और बीती रात खाना खाने के बाद मवेशियों की रखवाली के लिये पहुंचे थे और अभी वह गेट लगा रहे थे कि तभी अज्ञात बदमाशों ने उन्हें जान से मारने के लिये गोली चला दी। गोली उनके पैर में लगी और उन्होंने शोर मचाया तो दो बदमाश भागते नजर आए। घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

### फॉरेस्ट टीम पर पथराव कर जब्त ट्रैक्टर छुड़ा ले गए माफिया

**ग्वालियर।** वन भूमि को जोतने की शिकायत पर पहुंची फॉरेस्ट की टीम काम रुकवाने के बाद ट्रैक्टर व कल्टीवेटर जब्त कर ला रही थी। इसी दौरान रास्ते में माफिया टीम पर पथराव कर ट्रैक्टर और कल्टीवेटर छुड़ा ले गए। घटना घाटीगांव थाना इलाके की है, जिसमें पुलिस द्वारा आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। घाटीगांव थाना क्षेत्रांतर्गत भटपुरा वन चौकी पर तैनात अमले को बीते रोज सूचना मिली थी, कि खुड़ावली में पहाड़ी के पास कुछ लोगों द्वारा वन विभाग की शासकीय भूमि जोती जा रही है। इस पर फॉरेस्ट टीम तत्काल मौके पर पहुंची और वहां काम बंद करवाते हुए ट्रैक्टर एवं कल्टीवेटर को जब्त कर वापस चौकी पर लौटने लगी।

### सर्वेक्षण के लिए डेटा प्रविष्टी के पहले वर्कशॉप आयोजित

## समय पर अपलोड करें डेटाः डॉ. सुनील सिंह

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जीवाजी विश्वविद्यालय में ऑल इण्डिया सर्वे ऑन हायर एज्युकेशन (एआईएसएचई) भोपाल की सत्र 2023-24 के प्रारंभ होने वाले सर्वेक्षण के लिए डेटा प्रविष्टी पूर्व वर्कशॉप का आयोजन गालव सभागार में हुआ। इस वर्कशॉप में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चंबल संभाग के कॉलेज के प्रतिनिधियों, नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। कुलगुरू प्रो. अविनाश तिवारी ने महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों को एआईएसएचई पोर्टल पर महाविद्यालयों का सभी डेटा जिसमें शिक्षक, छात्र नामांकन अनुपात परीक्षा परिणाम वित्त ,लिंग अनुपात, छात्रवृत्ति आदि का सही डेटा सही समय पर अपलोड किये जाने के निर्देश दिए। डॉ. सुनील सिंह स्टेट नोडल अधिकारी एआईएसएचई भोपाल ने बताया कि देश में उच्च शिक्षा की स्थिति स्पष्ट करने के लिये भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय सर्वेक्षण की शुरूआत की गयी है। इस पोर्टल पर सभी शिक्षण संस्थाओं को अपनी संस्था से संबंधित डेटा सही तरीके से सम्पूर्ण प्रविष्ट करना चाहिए। यदि डेटा में कोई त्रुटि आ रही है तो उन्हें सही करने का प्रयास करें और डेटा को सही समय पर अपलोड करें। डॉ. ममता श्रीवास्तव सदस्य एआईएसएचई ने कहा कि शिक्षण संस्थान द्वारा महाविद्यालयों का सभी डेटा डीसीएफ पोर्टल पर निर्धारित अवधि में अपलोड करें जिससे आगे की प्रक्रिया सही समय पर हो सके। वर्कशॉप में कुलसचिव अरुण सिंह चौहान कुलसचिव, निदेशक महाविद्यालयीन विकास परिषद प्रो. शान्तिदेव सिसौदिया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. जेएन गौतम मंचासीन रहे। बैठक में 250 से अधिक महाविद्यालयों द्वारा डेटा प्रविष्टी से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी के लिए उपस्थिति दर्ज कराई। आभार प्रो. शान्तिदेव सिसौदिया निदेशक महाविद्यालयीन विकास परिषद् ने व्यक्त किया।




## 140 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच एवं मध्यप्रदेश एड्स नियंत्रण समिति की लक्ष्यगत हस्तशेप परियोजना द्वारा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोराशन लिमिटेड रायरु डिपो पर का स्वास्थ्य शिविर का का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिपो मैनेजर अनीता एवं विशेष अतिथि डिपो के सेफ्टी अधिकारी उमेश राजपूत थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेन्द्र सिंह कुशवाह ने की। डिपो की ओर से निशि कठियार ने सभी को संस्था के कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। नेत्र रोग रोग विशेषज्ञ एवं शिवानी आई केयर के संचालक डॉ. किशोर शाक्य, डॉ. यश चान्सेरिया अमित, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप शर्मा एवं सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. पियूष गौड़ सहित लैब टेक्नीशियन देव समोलिया, ईसीजी डॉ. अंशु भदौरिया ने की। कार्यक्रम में आरचीज़ परियोजना से काउंसलर अमन शर्मा, मनीष शर्मा, दीपमाला प्रजापति, दीक्षा वर्मा, रंजना, अमन शर्मा आदि का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्यगत हस्तशेप परियोजना की डॉ. पीयूष गौड़, जितेंद्र शाक्य, कल्याण रघुवंशी, हेमंत कुशवाह आदि टीम का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डिपो की ओर से सेफ्टी अधिकारी उमेश सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त किया। शिविर के माध्यम से पहले दिन कुल 140 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### रासेयो जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड़ चयन आज

**ग्वालियर।** 26 जनवरी पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड़ हेतु रासेयो की जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया के अंतर्गत शनिवार को प्रातः 10 बजे से लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान में ग्वालियर जिले की समस्त रासेयो युक्त संस्थाओं के चयनित युवा स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिलासंगठक डॉ. मनोज अवस्थी ने बताया कि चयन के लिए चार श्रेणियां बनाई गई हैं। इनमें 50 अंक परेड़ (ड्रिल) के लिए निर्धारित किए गए हैं। 30 अंक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए तय किए गए हैं जबकि 10 अंक शारीरिक दक्षता के लिए और 10 अंक एन.एस.एस. व सामान्य ज्ञान के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### महिला की मौत पर मिश्रा अस्पताल में हंगामा

**ग्वालियर।** गोले का मंदिर स्थित मिश्रा अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में उपचार के दौरान लापरवाही बरती गई है, जिस कारण मरीज की मौत हुई। वहीं हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। आगरा के समीप स्थित बाह गांव निवासी 43 वर्षीय मुन्नी देवी बघेल को लकवा मार गया था। इस पर परिजन गोरमी स्थित मिश्रा क्लीनिक पर लेकर पहुंचे, जहां से उन्हें गोले का मंदिर स्थित मिश्रा हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। मृतक मुन्नी देवी के बेटे राजेश बघेल का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह करीब 6.30 बजे नर्सिंग स्टाफ ने एक इंजेक्शन लगाया। जिसके बाद मां का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा और मौत हो गई। राजेश का आरोप था कि गलत इंजेक्शन लगने से ही मां की मौत हुई है।

## हिन्दू युवा सम्मेलन कल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज के नेतृत्व में लगातार हिंदू महासभा बांग्लादेश भारत क्रिकेट मैच श्रृंखला को देश में नहीं होने देने के लिए आंदोलनरत है। इस संबंध में गेंडेवाली सड़क पर आनंद माहौर के निवास पर हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 29 सितंबर को दोपहर 2:00 बजे हिंदू महासभा भवन दौलतगंज पर हिंदू युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें बांग्लादेश क्रिकेट मैच रद्द करने, तिरुपति में प्रसाद के मिलावटियों को फांसी देने, अमेरिका एवं बांग्लादेश में मंदिर तोड़ने वालों को सजा देने तथा भारत अपनी विदेश नीति में परिवर्तन का विदेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को बंद करने, गरबा डांडिया में अन्य समुदाय को प्रवेश आयोजकों द्वारा नहीं देने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। हिंदू युवा सम्मेलन के



मुख्य अतिथि हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में हिंदूवादी डॉक्टर ईश्वर चंद्र करकरे, हरिदास अग्रवाल, श्याम श्रीवास्तव आदि हिंदू नेताओं को आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। हिन्दू युवा सम्मेलन की अध्यक्षता हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा जी करेंगे। सम्मेलन के पश्चात अमेरिका में मंदिर तोड़ने विदेश में मंदिरों को साथ तोड़फोड़ एवं हिंदुओं के अपमान के विरोध में भारत अपनी विदेश नीति को बदलने के लिए विरोध स्वरूप पुतला दहन करेगी। बैठक में हिंदू महासभा के नेता सुन्नालाल माहौर को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का संचालन भूपेंद्र नामदेव ने किया।

#### काला झंडा लगाकर करेंगे विरोध

बैठक में संकल्प लिया कि 2 अक्टूबर को काला दिवस के अवसर पर हम अपने-अपने घरों में काला झंडा लगाकर विरोध प्रकट करेंगे। संकल्प लेने वालों में धर्मेंद्र बरेलिया, आनंद माहौर, नरेश बाथम, मनीष सिकरवार, भूपेंद्र जीतू चौधरी, आकाश चौधरी, प्रदीप नामदेव, देवेंद्र नामदेव, नितिन करोसिया, बेटू नामदेव, आशीष चौहान, सूरज माहौर, निहाल सरोजिया, संतोष प्रजापति सहित अनेक उपस्थित थे।

#### आज राज्यश्री चौधरी आएंगी

हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की वंशज हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री राजश्री चौधरी 28 सितंबर को ग्वालियर आ रही है।

### रघुनाथांजलि संगीत समारोह कल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



रागायन एवं आगरा की संस्था पं. रघुनाथ तलेगांवकर फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ग्वालियर परंपरा के मूर्धन्य संगीताचार्य पं. रघुनाथ तलेगांवकर की जन्मशती के अवसर पर संगीत समारोह- 'रघुनाथांजलि' का आयोजन किया जा रहा है। यहां लक्ष्मीबाई कॉलोनी पड़ाव स्थित सिद्धपीठ गंगादास की बड़ी शाला में 29 सितम्बर को शाम 5 बजे से आयोजित इस संगीत समारोह में कई कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। पं. रघुनाथ तलेगांवकर फाउंडेशन ट्रस्ट आगरा की सचिव प्रतिभा केशव तलेगांवकर ने बताया है कि इस कार्यक्रम में संगीत कला केन्द्र आगरा के बच्चे सरस्वती वंदना प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही पं. रघुनाथ तलेगांवकर द्वारा रचित रचनाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में सुश्री शुभ्रा तलेगांवकर का शास्त्रीय गायन एवं पं. रवीन्द्र तलेगांवकर का संवादिनी वादन होगा। इसी क्रम में मल्हार श्रृंगार में गोपाल मिश्रा एवं अनिल नागरानी मल्हार के विविध प्रकार प्रस्तुत करेंगे। इस प्रस्तुतियों में डॉ. लोकेन्द्र तलेगांवकर तबले पर एवं रवीन्द्र तलेगांवकर संवादिनी पर संगत करेंगे।

### भाजपा अजा मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

**ग्वालियर।** भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव के नेतृत्व में शुक्रवार को वार्ड 23 में बूथ क्रमांक 127 पर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के बीच सदस्यता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा। इस कार्यक्रम में मोर्चे के प्रदेश महामंत्री मनीष राजौरिया, मोर्चे के जिलाध्यक्ष संतोष गोडयाले, पार्षद सुरेश सोलंकी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश पारचे, अर्जुन जाटव, मंडल महामंत्री प्रेम मंडेलिया, मोर्चे के जिला महामंत्री द्वय पोहप सिंह जाटव, राजा खटीक, मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष संजय राजे, मोर्चे के जिला कार्यालय मंत्री नरेंद्र खत्री, मोर्चे के सोशल मीडिया प्रभारी रोहित चावड़िया सहित बड़ी संख्या में बूथ के कार्यकर्ता, बुजुर्गवार एवं मातृशक्ति उपस्थित थीं।



### अपना घर कैंपस में कैंसर मरीजों का प्रशिक्षण कल

**ग्वालियर।** इंटास फाउंडेशन ग्वालियर शहर में अपना घर एवं एच पेप परियोजना के माध्यम से कैंसर एवं हीमोफीलिया के मरीज हेतु जनवरी 2023 से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। इंटास फाउंडेशन के द्वारा सामाजिक स्तर पर विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं, जिनसे लगभग 800 की संख्या में मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। इसी क्रम में 29 सितंबर को दाल बाजार, गीता कॉलोनी स्थित अपना घर कैंपस में, एक गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्वालियर के दंत चिकित्सक डॉ. विवेक पाठक उपस्थित कैंसर मरीजों को ओरल कैंसर प्रीवेंशन विषय पर प्रशिक्षण देंगे एवं साथ ही हीमोफिलिया मरीजों के लिए 10-20 अक्टूबर के बीच ग्वालियर में नि:शुल्क फैक्टर वितरण कैम्प का आयोजन किया जाएगा।



### 2 अक्टूबर को करेंगे जल सत्याग्रह

**ग्वालियर।** संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के अधीन विभिन्न शासकीय अस्पतालों में विगत कई वर्षों से पूर्ण ईमानदारी निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे 12 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलकर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ विरोध में 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे स्थान श्यामला हिल्स शीतल दास की बगिया घाट पर पानी में खड़े होकर जल सत्याग्रह किया जाएगा।

## क्राइम को कंट्रोल करना और अपराधियों को असली जगह पहुंचाना यही है पुलिस का काम : आईजी सक्सेना

**डबरा।** पुलिस का कर्तव्य है कि क्राइम को कंट्रोल करना और अपराधियों को असली जगह पहुंचाना यही पुलिस का काम है, यह बात सिटी थाने का निरीक्षण करने के दौरान ग्वालियर जोन के आईजी अरविंद सक्सेना ने मीडिया के सामने वार्तालाप में कहा। आईजी श्री सक्सेना ने मीडिया के समक्ष कहा कि इस बात को हम बहुत अच्छे तरीके से जानते हैं कि सिटी थाने में ही नहीं बल्कि संभाग के हर थाने में पुलिस बल की कमी है। पुलिस बल की कमी के चलते अपराध और अपराधियों का खातमा करने के लिये पुलिस को खासी मशक्कत करना पडती है। साथ ही उन्होंने कहा कि सिटी थाना क्षेत्र से कुछ किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हैं, लेकिन आपको बताना लाजिम है कि कुछ मामले ऐसे हैं जिसमें सिटी पुलिस ने किशोरियां को लेकर बडी बडी सफलता हासिल की है। हालांकि कुछ मामलों में सफलता हासिल करना है जिसको लेकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अपना काम कर रही है। दरअसल, दो महिना पूर्व से चल रही तैयारियां आईजी अरविंद सक्सेना के निरीक्षण आखिरकार हो ही गया। आईजी श्री सक्सेना ने थाने में व्यवस्थाओं को देखा, उनका परीक्षण किया, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, रोजनामचा की विस्तार से जांच पडताल की। जिसमें कुछ कमियां पाते हुये थाना प्रभारी को सख्त निर्देश भी दिये। साथ ही सख्त संचालक की प्रणाली को बेहतर बनाने को लेकर थाना प्रभारी को आगाह किया कि इसमें सुधार की अति आवश्यकता है।

**अपराधी रिकॉर्ड बोर्ड पर नाराज़गी:** आईजी श्री सक्सेना का ध्यान अपराधी रिकॉर्ड बोर्ड की ओर गया, जिसे आज ही लगाया गया था। बोर्ड छोटा था और उस पर बारीक अक्षरों में लिखे अपराधी रिकॉर्ड को देख आईजी ने नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि बोर्ड को बड़ा बनाया जाए और अक्षरों को स्पष्ट व पढ़ने योग्य रखा जाए, ताकि अपराधियों के बारे में जानकारी आसानी से देखी जा सके।

**मालखाना और रिकॉर्ड रूम की अव्यवस्था:** मालखाना और रिकॉर्ड रूम की अव्यवस्था पर भी आईजी श्री सक्सेना ने थाना प्रभारी, एसडीओपी, एडिशनल एसपी पर सख्त टिप्पणियां की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वस्तुओं का सही से रख-रखाव और दस्तावेजों का सुरक्षित रख सके ताकि किसी भी आपराधिक मामले की जानकारी आसानी से मिल सके।

**सीसीटीएनएस प्रणाली में सुधार के निर्देश:** आईजी श्री सक्सेना ने सीसीटीएनएस प्रणाली की समीक्षा करते हुए इसे और प्रभावी बनाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपराधियों की ट्रैकिंग और आपराधिक रिकॉर्ड को सही से अपडेट किया जाए, ताकि कोई भी जानकारी अप्राप्त न रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### सीरिया-लेबनान सीमा पर इजरायली हवाई हमले में 8 लोग घायल

**दमिश्क।** इजरायल की सेना ने सीरिया-लेबनान सीमा पर मत्राबाह क्रॉसिंग के पास एक ब्रिज को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। इस हमले में आठ लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। एक रिपोर्ट में कहा गया कि घायलों में चार सीमा नियंत्रण पुलिसकर्मी थे, जबकि अन्य चार कस्टम अधिकारी थे। हवाई हमले में ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया है। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को लेबनान में इजरायल की ओर से सैन्य अभियान बढ़ाए जाने के बाद से यह सीरियाई सीमा क्षेत्र पर पहला इजरायली हमला है। मध्य सीरिया के होम्स प्रांत के अल-कुसायर क्षेत्र को लेबनान से जोड़ने वाले मत्राबाह क्रॉसिंग का उपयोग हाल ही में सीरिया में शरण लेने वाले विस्थापित लेबनानी लोगों द्वारा किया गया है। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने बेका क्षेत्र में चार सीमा चौकियों पर आठ हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें दागीं, जिससे लेबनानी पक्ष को सीरियाई पक्ष से जोड़ने वाला एक ब्रिज और कई नौकाएं नष्ट हो गईं।

### डिबेट ही नहीं सट्टा बाजार में ट्रंप-हैरिस में कड़ा मुकाबला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति को लेकर अब सट्टा बाजार भी गरम हो गया है सट्टा बाजार के मुताबिक कमला हैरिस अगली अमेरिकी राष्ट्रपति बन सकती है। सट्टा बाजार में कमला हैरिस पर दांव लगे हैं। बुधवार को कमला हैरिस की जीत पर औसतन 52फीसदी, तो ट्रम्प की जीत पर औसतन 47फीसदी सट्टा लगा। रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के बीच सट्टा बाजार में भी कड़ा मुकाबला चल रहा है। मंगलवार को कमला हैरिस की जीत पर 53फीसदी सट्टा लगा था, जिसमें बुधवार को 1फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, ट्रम्प की जीत पर 47फीसदी सट्टा लगा था। पिछले हफ्ते ट्रम्प पर औसतन 46फीसदी और कमला पर 53फीसदी सट्टा लगा।

### जंग के बीच लेबनान में क्यों तैनात हैं भारतीय सैनिक

**बेरूत।** इजराइल और लेबनान के बीच चल रही जंग में 700 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इजराइल ने हिजबुल्लाह की मिसाइल और ड्रोन यूनिट के कमांडरों को एयरस्ट्राइक में मार दिया है। इसी बीच इजराइल में तैनात भारतीय सेना के एक जवान को गुरुवार सुबह एयर एंबुलेंस से भारत लाया गया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक सैनिक का नाम हवलदार सुरेश आर ( 33 ) है। वे बीते 30 दिनों से इजराइल के एक अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें सिर में चोटें आई हैं, जिसकी वजह से वो जगह और लोगों को पहचान नहीं पा रहे थे। चोट लगने की वजह साफ नहीं हुई है।सुरेश इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स में संयुक्त राष्ट्र के मिशन अनडॉफ में शामिल थे। अनडॉफ एक शांति सेना मिशन है, जिसका काम इजराइल और सीरिया के बीच संघर्ष विराम बनाये रखना तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव कम करने की कोशिश करना है।

फ्रांस ने जमकर की तारीफ कहा-

# भारत को यूएनएससी की स्थाई सदस्यता मिलनी ही चाहिए

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का फ्रांस ने खुलकर समर्थन किया है। इसके साथ भारत की तारीफ करते हुए कहा कि यूएनएससी के विस्तार की जरुरत है और भारत जैसे शक्ति संपन्न देश की इसमें स्थाई सदस्यता होना ही चाहिए।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत की है। मैक्रों ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा। उन्होंने कहा, 'इसलिए, फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए, साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के



लिए तय करेगा।' मैक्रों ने अपने संबोधन में सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में बदलाव, सामूहिक अपराधों के मामलों में वीटो के अधिकार को सीमित करने और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक परिचालन निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'जमीन पर बेहतर तरीके से काम करने के लिए दक्षता हासिल करने का समय आ गया है।'मैक्रों की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार को 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि वैश्विक शांति और विकास के लिए संस्थानों में सुधार आवश्यक हैं। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए 15 देशों की सुरक्षा परिषद को भी चेतावनी दी। उन्होंने सुरक्षा परिषद को पुरानी व्यवस्था बताया और कहा कि इसके अधिकार कम होते जा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि अगर इसकी संरचना और कार्य पद्धति में सुधार नहीं किया जाता है तो यह अपनी सारी विश्वसनीयता खो देगी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने स्पष्ट आह्वान किया, 'हम अपने दादा-दादी के लिए बनाई गई प्रणाली के साथ अपने पोते-पोतियों के लिए भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते।

भारत सुरक्षा परिषद में लंबे समय से लंबित सुधारों को तत्काल लागू करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में किए जा रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र के उच्च मंच पर स्थायी सदस्य के रूप में स्थान पाने का हकदार है। भारत की दलील है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है।वर्तमान में, सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं और ये देश किसी भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर वीटो लगा सकते हैं।भारत पिछली बार 2021-22 में संयुक्त राष्ट्र की उच्च परिषद में अस्थायी सदस्य के रूप में बैठा था। समकालीन वैश्विक वास्तविकता को प्रतिबिंबित करने के लिए स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है।

# इजरायल के हौंसले बुलंद, कहा... हिजबुल्ला को नष्ट करके ही दम लेंगे

इजरायल के हौंसले बुलंद कहा-

एजेंसी ■ तेलअवीव

हजरायल हमास युद्ध रोकने के लिए अमेरिका शांति का प्रस्ताव लेकर घूम रहा है। वहीं बैकडोर से इजरायल को जमकर हथियार सप्लाई कर रहा है। इससे इजरायल के हौंसले बुलंद हैं। जिसके चलते पीएम नेतन्याहू ने कहा जब तक कि आतंकी सीमा पार से हम पर रॉकेट दागना बंद नहीं कर देते, इजरायल पूरी ताकत से हमला करता रहेगा और हिजबुल्ला का समूल नष्ट करके ही दम लेगा। यही वजह है कि इजरायल ने शांति प्रस्ताव को न केवल ठुकराया है बल्कि अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों द्वारा की गई युद्धविराम पेशकश की उम्मीद को धूमिल कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे नेतन्याहू ने ऐलान किया कि जब तक हिजबुल्लाह हम पर हमले नहीं रोकता है, हम उस पर पूरी ताकत से हमला करते रहेंगे। नेतन्याहू ने यह बात तब की है जब अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारी



मध्य पूर्व में शुरू हुए इस नए संघर्ष को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने इजरायल को युद्ध न करने की सलाह दी है। सलाह दी कि कूटनीति के जरिए इस युद्ध को टाला जा सकता है।

गुरुवार को इजरायली सेना ने लेबनान में नया हमला किया। इस अटैक में हिजबुल्लाह का एक और सीनियर कमाडंर मारा गया। काउंटर अटैक में लेबनान की तरफ से भी इजरायल पर दर्जनों रॉकेट दागे गए। इस भीषण संग्राम का असर यह हुआ है कि इजरायल और लेबनान के सीमावर्ती इलाकों में रह रहे लोगों ने जान बचाकर भागना शुरू कर दिया है। वे सुरक्षित जगह के लिए विस्थापित हो रहे हैं। गौरतलब है कि इजराइल की सेना ने दावा किया कि उसने बेरूत के उपनगरीय क्षेत्र में एक अपार्टमेंट इमारत पर हवाई हमला करके हिजबुल्ला के ड्रोन कमांडर को मार गिराया। हिजबुल्लाह ने इजरायल के इस दावे पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की कि कमांडर मोहम्मद हुसैन सुरूर की मौत हो गई है।

एक तरफ अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर इजरायल को युद्धविराम रोकने का आग्रह कर रहा है। दूसरी तरफ इजरायल को मिसाइल और हथियारों के लिए मोटा आर्थिक पैकेज भी दे रहा है। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इजरायल को अपने चल रहे सैन्य प्रयासों का समर्थन करने तथा क्षेत्र में गुणात्मक सैन्य बढ़त बनाए रखने के लिए अमेरिका से 8.7 बिलियन डॉलर का सहायता पैकेज मिला है। बता दें कि गाजा युद्ध के दौरान भी अमेरिका ने इजरायल को आर्थिक मदद करना जारी रखा था। इजरायली सेना पर गाजा में भीषण नरसंहार और निर्दोषों के कत्ल के आरोप लगे, बावजूद इसके अमेरिका सामने से इजरायल को युद्धविराम के लिए मनाने की कोशिश करता भी दिखा और दूसरी तरफ उसने इजरायल को मदद करना भी जारी रखा।पैकेज में आवश्यक युद्धकालीन खरीद के लिए 3.5 बिलियन डॉलर शामिल हैं। बाकी 5.2 बिलियन डॉलर वायु रक्षा प्रणालियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। जिनमें आयरन डोम एंटी-मिसाइल सिस्टम, डेविड्स स्लिंग और एक उन्नत लेजर प्रणाली शामिल हैं। बता दें कि इजरायल वर्तमान में दो मोर्चों पर लड़ रहा है, गाजा में हमास के खिलाफ और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ। इजरायली रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह मदद इजरायल और अमेरिका के बीच मजबूत और स्थायी रणनीतिक साझेदारी और इजरायल की सुरक्षा के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

## आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज दिया,लेकिन शर्तें जनता की बढ़ा देंगी मुश्किलें



एजेंसी ■ इस्लामाबाद

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान पर आईएमएफ ने दया दिखाते हुए 7 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी है। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकती है। 37 महीने के इस लोन प्रोग्राम को लेकर पाकिस्तान की सरकार ने आईएमएफ का आभार जताया है।

आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज जरूर दे दिया है हालांकि शर्तें ऐसी हैं जो पाकिस्तानी आवाम की जान की दुश्मन बन जाएगी। आईएमएफ ने कृषि पर 45 फीसदी इनकम टैक्स और बिजली के दामों में बड़ी बढ़ोतरी जैसी शर्तें रखी हैं। 7 बिलियन डॉलर करीब 58800 करोड़ रुपये के बराबर है। इससे कुछ दिनों के लिए पाकिस्तान को राहत तो मिल सकती है लेकिन यह स्थायी इलाज नहीं है। पाकिस्तान लगातार कर्ज जाल में फंसता चला जा रहा है।पाकिस्तान पर बाहरी कर्ज इस समय 130 अरब डॉलर का हो गया है। वहीं इसमें से 90 अरब डॉलर का भुगतान अगले तीन साल में करना है। आईएमएफ ने भी 7 बिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज दिया है लेकिन यह केवल 37 महीने के लिए है। पाकिस्तान को आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक ज्यादा टैक्स कलेक्शन करना होगा जो कि जनता के लिए बुरा साबित होगा। जानकारी के मुताबिक बेलआउट पैकेज की पहली किस्त 1.1 अरब डॉलर की जारी की जाएगी। 1958 से लेकर अब तक यह पाकिस्तान का 25वां आईएमएफ कार्यक्रम है। वहीं छटा एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी है। इस कर्ज पर पाकिस्तान को 5 फीसदी कर्ज देना होगा। पाकिस्तान ने इस कर्ज का क्रेडिट भी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को दिया है।

# शिया-सुन्नी विवाद... अब तक 36 की मौत, 80 से ज्यादा घायल

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच जमीनी विवाद में कम से कम 36 लोग मारे गए हैं। 80 से ज्यादा लोग घायल हैं। खबरों के मुताबिक दोनों समुदाय के बीच 5 दिनों से झड़प जारी है। कुर्रम में तैनात एक अधिकारी ने बताया कि लड़ाई में कई घर जला दिए गए हैं। हिंसा खत्म करने के लिए सरकार की कोशिश अब तक नाकाम साबित हुई है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले कुछ साल में कुर्रम में कई बार शिया-सुन्नी विवाद हो चुका है। सुन्नी समुदाय को सीमा पार के अफगान कबीले का समर्थन मिलता है। जुलाई में भी दोनों समुदायों के बीच जमीन को लेकर विवाद शुरू हुआ था जिसमें 50 से ज्यादा लोग मारे गए थे। 2 परिवारों के बीच शुरू हुई लड़ाई, पूरे जिले में फैली इस विवाद की जड़ 30 एकड़ की जमीन है। इसके मालिकाना हक को लेकर कुर्रम जिले के बुशेहरा गांव में दो कबीलों के बीच विवाद है। अगस्त में अधिकारियों ने आदिवासी समुदाय जिरगा के बुजुर्गों के साथ मिलकर दोनों समुदायों के बीच समझौता कराया था, जिसके बाद कुछ समय तक के लिए विवाद थम गया था।रिपोर्ट के मुताबिक सुन्नी मिदगी और शिया मलीखेल समुदायों के बीच विवाद 2007 में शुरू हुआ था। तब भी हिंसा की घटनाएं हुई थीं। पिछले साल जुलाई में भी विवाद हुआ था, जिसमें कई लोग मारे गए थे।पिछले साल खत्म हुआ विवाद, फिर शुरू हुआ जुलाई 2023 में दोनों पक्षों के बीच लड़ाई के थमने के बाद इनके बीच एक समझौता कराया गया। इसमें तय हुआ कि सरकार तय करेगी कि जमीन किसकी है। जमीन विवाद हल कराने वाली लैंड कमीशन का नियम ही दोनों पक्षों को मानना होगा।इसके बाद कमीशन ने अपना फैसला सुनाया और ये जमीन शिया समुदाय को दे दी। लेकिन एक साल बाद इसे लेकर फिर विवाद शुरू हो गया।

## मान गए मोहम्मद यूनुस बोले- हसीना को साजिश के तहत हटाया

**ढाका।** बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने मान लिया है कि शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन बेहद अच्छे से प्लान किया एक आंदोलन था, जिसमें किसी एक शख्स लीडर बनाकर गिरफ्तार नहीं किया गया। इस वजह से पूरे देश के युवाओं को प्रेरणा मिली और यह आंदोलन और भी शक्तिशाली बन गया। इसके बाद यूनुस ने मीटिंग में अपने असिस्टेंट महफूज आलम का परिचय देते हुए कहा कि इसके लिए हम दोनों जिम्मेदार थे।

अमेरिका में क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव की मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनुस ने बांग्लादेश के छात्र नेताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे लोग बांग्लादेश का नया रूप तैयार कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक चीफ एडवाइजर ने कहा कि अगर आप इन स्टूडेंट लीडर्स के चेहरों को देखेंगे तो ये आम युवाओं की तरह देखेंगे।

बाइडेन की चेतावनी बेअसर...

# लेबनान में घुसने को तैयार इजराइल

एजेंसी ■ वाशिंगटन

पिछले कई दिनों से इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष चरम पर है।वहीं इजरायली सेना प्रमुख ने सैनिकों से लेबनान में जमीनी हमले के लिए तैयार रहने को कह दिया है। इसके साथ ही कहा गया है कि ईरान समर्थित ग्रुप हिज्बुल्लाह के खिलाफ बड़े हमले दुश्मन के इलाके में प्रवेश करने का रास्ता साफ कर सकते हैं।

यह सब तब हो रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मिडिल ईस्ट में पूर्ण युद्ध के खिलाफ चेतावनी दी और दुश्मनी खत्म करने के लिए 21-दिवसीय युद्धविराम समझौते पर बातचीत हुई है। वहीं इजरायली सैनिकों को संबोधित कर सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा, आप ऊपर से जेट विमानों की आवाज सुन सकते हैं, हम पूरे दिन हमला कर रहे हैं। यह आपके प्रवेश के लिए जमीन तैयार और हिज्बुल्लाह कमजोर करने के लिए है। इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल



मैक्रों ने बताया, लेबनान में युद्ध नहीं हो सकता। यही वजह है कि हम इजरायल से लेबनान पर हमले में बढ़ोतरी को रोकने और हिज्बुल्लाह से इजरायल पर मिसाइल दागने को रोकने की गुजारिश करते हैं।

### लेबनान में लाखों नागरिक प्रभावित

इजरायल के द्वारा हिज्बुल्लाह के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए शुरू किए गए अभियान के बाद से लेबनान में 600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। लेबनान में इस बीच करीब 90 हजार लोग विस्थापित हुए हैं, जो कि 110,000 लोगों के अलावा हैं, जो तनाव बढ़ने से पहले अपने घरों से भाग गए थे। एक इंटरव्यू के दौरान लेबनान में चल रही स्थिति के बारे में राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा, एक बड़ी जंग मुमकिन है। मुझे लगता है कि अभी भी एक ऐसा मौका है, जिससे समझौता हो सकता है, जो पूरे इलाके को मौलिक रूप से बदल सकता है। वहीं इजरायल के यूएन राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि यहूदी राष्ट्र युद्ध विराम का स्वागत करेगा।

शाही जिंदगी जीने की तस्वीरें हो रहीं वायरल

# पत्नी की खुशी की खातिर पति ने खरीद लिया द्वीप

एजेंसी ■ दुबई

अपने जीवन साथी के लिए अपना प्यार जताने के लिए लोग ना जाने क्या क्या करते हैं यह आज से नहीं सालों से चल रहा है जैसे मुगल शहंशाह ने अपने प्यार के लिए ताजमहल बनवा दिया था। आज भी लोग ताजमहल तो नहीं बनवा पाते लेकिन घर, फार्महाउस, होटल आदि खरीद लेते हैं। इस कड़ी में दुबई में रहने वाली एक महिला के लिए उसके करोड़पति पति ने एक द्वीप खरीद लिया है ताकि वह समुद्र तट पर सुरक्षित महसूस कर सके। 26 साल की सौदी अल नादक ने निजी द्वीप का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर कैप्शन के साथ साझा किया लिखा वह बिकनी पहनना चाहती थीं इसलिए आपके करोड़पति पति ने आपके लिए द्वीप ही खरीद दिया।



सौदी दुबई के बिजनेसमैन जमाल अल नादक की ब्रिटिश मूल की पत्नी हैं। उन्होंने बताया कि वे एक गृहिणी हैं। हाई-प्रोफाइल कपल की मुलाकात तब हुई जब वे दोनों दुबई में पढ़ाई कर रहे थे और अब उनकी शादी को तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं। सौदी सोशल मीडिया पर एक इनफ्लूएंसर के रूप में भी जानी जाती हैं। वह अपने इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर अपनी शाही जिंदगी को दिखाती रहती हैं।

सौदी अल नादक ने कहा कि उनके पति ने एक पूरा द्वीप खरीदा है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है जिसे एक सप्ताह से भी कम समय में 24 लाख से ज्यादा बार देखा गया है। उन्होंने कहा कि वह और उनके पति निवेश के रूप में एक द्वीप खरीदने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि हम कुछ समय से निवेश के लिए ऐसा करने की सोच रहे थे और मेरे पति चाहते हैं कि मैं समुद्र तट पर सुरक्षित महसूस करूं इसलिए उन्होंने यह द्वीप खरीदा है। सौदी ने गोपनीयता और सुरक्षा कारणों से द्वीप के सटीक जगह के बारे में बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके पति जमाल ने निजी रिट्रीट के लिए 50 मिलियन डॉलर यानी करीब 374 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

यूके में पैदा हई सौदी अक्सर अपने सोशल मीडिया पेज पर विदेश में शानदार छुट्टियों, डिनर, डिज़ाइनर बुटीक में खरीदारी और इस तरह की जीवनशैली की तस्वीरें डालती रहती हैं। निजी आइलैंड के उनके वीडियो पर भी लोगों ने उन्हें ट्रोल किया है। कुछ यूजर्स उनके दावों की सच्चाई पर भी शक कर रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए सौदी ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि मुझसे कुछ लोग इतनी नफ़रत क्यों करते हैं। मुझे अपनी जीवनशैली सभी के साथ साझा करना पसंद है।

## पीटीएसडी के मरीजों के लिए वीडियो गेम हो सकता है प्रभावी इलाज

एजेंसी ■ स्टॉकहोल्म

पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से जूझ रहे लोगों के लिए वीडियो गेम खेलना एक प्रभावी उपाय साबित हो सकता है। यह दावा किया हे स्वीडन के उप्साला विश्वविद्यालय द्वारा किए गए इस शोध में। शोध में वीडियो गेम के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव की पुष्टि की गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि वीडियो गेम मस्तिष्क में आने वाली नकारात्मक या बेकार की यादों को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं। पीटीएसडी के मरीजों में अत्यधिक तनाव, नींद की कमी, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और पुरानी, कष्टप्रद यादों का बार-बार लौटना सामान्य लक्षण होते हैं। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन के तहत 64 प्रतिभागियों पर परीक्षण किया। इसमें एक टीम को पुरानी यादों के साथ छोड़ दिया गया, जबकि अन्य टीम के लोगों को टेट्रिस नामक एक वीडियो गेम खेलने को कहा गया। एक अन्य समूह को रेडियो सुनने के लिए कहा गया। टेट्रिस गेम में मेंटल रोटेशन की अवधारणा का उपयोग होता है, जिसमें वस्तुओं को विभिन्न कोणों से देखने की क्षमता विकसित होती है। शोध की प्रमुख प्रोफेसर एमिली होम्स ने बताया कि वीडियो गेम खेलने वाले प्रतिभागियों में केवल एक निर्देशित उपचार सत्र के बाद ही सकारात्मक प्रभाव दिखाई दिए।

# फैक्ट्रियों में रोबोट्स का बढ़ता उपयोग रोजगार के लिए बड़ी चुनौती

आज के दौर में तकनीक जिस गति से आगे बढ़ रही है, वह अद्वितीय है। तकनीकि प्रमुख योगदान रोबोटिक्स ऑटोमेशन और एआई तकनीकी का है। वैश्विक उद्योगों में रोबोट उत्पादकता बढ़ा रहे हैं। परंपरागत कार्यक्षेत्रों को भी बदल रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर की फैक्ट्रियों में रोबोट्स की संख्या 40 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है। पहली बार है, जब दुनिया भर के देशों में इतने बड़े पैमाने पर रोबोट्स का उपयोग किया जा रहा है। इस तरह के बदलाव से उद्योग जगत की तस्वीर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी के साथ बदल रही है। उत्पादन की लागत कम हो रही है कंपनियों का मुनाफा बढ़ रहा है। महत्वपूर्ण बिंदु यह है, जहां फैक्ट्रियों में रोबोट्स की संख्या बढ़ रही है, वहीं श्रमिकों के लिए उत्पादन की तुलना में रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। दुनिया के देशों में बेरोजगारी बढ़ रही है। भारत जैसे देश मे जहां परंपरागत उद्योगों, कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में श्रमिकों की हमेशा से बड़ी भूमिका रही है। वर्तमान बदलाव के प्रति भारत जैसे देश को विशेष रूप से सतर्क होना पड़ेगा। भारतीय कारखानों में रोबोटिक्स की बढ़ती जा रही है। एक वर्ष में 59त्न की वृद्धि हुई है। अगले 3 वर्षों में 139 फ़ीसदी की दर से रोबोट बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इससे स्पष्ट है, भारत भी इस वैश्विक बदलाव का हिस्सा बन रहा है। तकनीक का यह विकास अनिवार्य रूप से भारत के श्रमिक संसाधन और आबादी के लिये बड़ी चुनौती खड़ी कर रहा है। तेजी से होते ऑटोमेशन से भारत में रोजगार के अवसरों में कमी आएगी। भारत में अभी भी बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। भारत की सबसे बड़ी आबादी युवाओं की है। विशेषज्ञों का मानना है, कि ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और एआई के बढ़ते उपयोग से पारंपरिक रोजगार के अवसर तेजी से कम होंगे, नई नौकरियों के जो अवसर खुलेंगे, वह बहुत कम होंगे। विशेष रूप से तकनीकी, शिक्षा और डिजिटल तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में जो नए रोजगार के अवसर होंगे। वह इतने कम होंगे, जो भारत की आबादी के हिसाब से ऊंट के मुंह में जीरे के समान होंगे। दूसरी तरफ चीन जैसे देश तकनीकी दौड़ में सबसे आगे है। भारत का मुकाबला भी चीन के साथ है। चीन की आबादी कम हो रही है। भारत की आबादी बढ़ रही



है। चीन को आबादी कम होने, उत्पादन लागत कम होने का लाभ सारी दुनिया में मिल रहा है। इस परिवर्तन को चीन ने आर्थिक संरचना का हिस्सा बना लिया है। चीन में 2.76 लाख से अधिक नए रोबोट्स लगाए गए हैं, जो वैश्विक संख्या का 51त्न है। जो देश तकनीकी क्रांति में आगे होंगे, वह अपने उद्योगों एवं आर्थिक विकास को उसी गति से आगे बढ़ा सकेंगे। भारत को समस्याओं के साथ समाधान भी निकलना होगा।

# श्री गुरु गोबिन्द सिंहजी से प्रेरणा लें



▪ संजय गोस्वामी

**संत श्री गुरु गोबिन्द सिंहजी से आज के व्यक्ति प्रेरणा लें क्योंकि आज सभी अपने अपने के स्वार्थ में लगे हैं और सिखों पर विदेश में नेता प्रतिपक्ष गलत बयान देते जो उनके जाने बगैर ही भ्रामकता आ जाती है हमें गुरु से सीखना चाहिए मैं गलत हो सकता हूँ पर गुरु नहीं जैसा सभी को मालूम है श्री गुरूगोबिंद सिंहजी भारत के महान संत और योद्धा दोनों थे...**

वे सभी के प्रति दया के सागर थे क्योंकि जब चमकोर की लड़ाई में मात्र 40 सिख वजीर खान के 10 लाख सैनिकों से लड़ रहें थे तब गुरूजी ने पांच पांच की टुकड़ी बनाई और जब उनका पुत्र साहिब अजित सिंह दुश्मन से लड़ने जा रहें थे तभी एक सेवादार ने कहा कि गुरूजी ऐ आपका पुत्र है इसे ना भेजें तभी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने कहा क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो, गुरू गोबिंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। वे एक महान् शूरवीर और तेजस्वी थे। उन्होंने मुगलों के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई थी और ' सत श्री अकाल ' का नारा दिया था। उन्होंने कायरों को वीर और वीरों को सिंह बना दिया था। काल का अवतार बनकर उन्होंने शत्रुओं के छक्के छुड़ा दिए थे। इस तरह उन्होंने धर्म, जाति और राष्ट्र को नया जीवन दिया था।गुरु जी का जन्म- गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म 22 दिसम्बर, सन् 1666 ई0 को पटना में हुआ। इनका बचपन का नाम गोबिन्द राय रखा गया। इनके पिता नौवें गुरु श्री तेरा बहादुर जी कुछ समय बाद पंजाब लौट आए थे। परन्तु यह अपनी माता गुजरी जी के साथ आठ साल तक पटना में ही रहे। तीव्र बुद्धि- गोबिन्द राय बचपन से ही स्वाभिमानी और शूरवीर थे। घुड़सवारी करना, हथियार चलाना, साथियों की दो टोलियां बनाकर युद्ध करना तथा शत्रु को जीतने के खेल खेलते थे। वे खेल में अपने साथियों का नेतृत्व करते थे। उनकी बुद्धि बहुत तेज थी। उन्होंने आसानी से हिन्दी, संस्कृत और फारसी भाषा का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। को बलिदान के लिए प्रेरित करना- उन दिनों औरंगजेब के अत्याचार जोरों पर थे। वह तलवार के जोर से हिन्दुओं को मुसलमान बना रहा था। कश्मीर में भी हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया जा रहा था। भयभीत कश्मीरी ब्राह्मण गुरु तेग बहादुर जी के पास आए। उन्होंने गुरु जी से हिन्दु धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना की। गुरु तेग बहादुर जी ने कहा कि इस समय किसी महापुरुष के बलिदान की आवश्यकता है। पास बैठे बालक गोबिन्द राय ने कहा-पिता जी, आप से बढ्कर महापुरुष और कौन हो सकता है।÷ तब गुरु तेग बहादुर जी ने- बलिदान देने का निश्चय कर लिया। वे हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए दिल्ली पहुँच गए और वहाँ धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया और गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी पर उन्हें हिन्द का चादर भी कहा जाता है क्योंकि वे कश्मिरी पंडीतों की रक्षा यानि हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया और उनके साथ दो अन्य शिष्यों ने भी बलिदान दिया जो सचमुच जुल्म के खिलाफ एक मिशाल कायम की। पिता जी की शहीदी के बाद धर्म की रक्षाके लिए गोबिन्द राय 11 नवम्बर, 1675 ई0 को गुरु गद्दी पर बैठे। उन्होंने औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई



और हिन्दू धर्म की रक्षा का बीड़ा उठाया। उन्होंने गुरु परम्परा को बदल दिया। अब वे मसन्दों और अपने सेवकों से राजाओं की साज-सज्जा और युद्ध के सामान भेंट में लेने लगे। वे अपने शिष्यों को सैनिक-शिक्षा देते थे।खालसा पंथ की स्थापना- सन् 1699 में वैशाखी के दिन गुरु गोबिन्द राय जी ने आनन्दपुर साहिब में दरबार सजाया। भरी सभा में उन्होंने बलिदान के लिए पाँच सिरों की मांग की। गुरु की यह माँग सुनकर सारी सभा में सन्नाटा छा गया। फिर एक-एक करके पाँच व्यक्ति अपना बलिदान देने के लिए आगे आए। गुरु जी एक-एक करके उन्हें तम्बू में ले जाते रहे। इस प्रकार उन्होंने पाँच प्यारों का चुनाव किया। फिर उन्हें अमृत छकाया और .स्वयं भी उनसे अमृत छका। इस तरह उन्होंने अन्याय और अत्याचार का विरोध करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने अपना नाम गोबिंद राय से गोबिन्द सिंह रख लिया।पहाड़ी राजाओं से युद्ध- गुरु जी की बढ़ती हुई सैनिक शक्ति को देखकर कई पहाड़ी राजे उनके शत्रु .बन गए। पाऊंटा दुर्ग के पास भंगानी के स्थान पर फतेह शाह ने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया। सिक्ख बड़ी वीरता से लड़े। अन्त में गुरु जी विजयी रहे।नादौन का युद्ध- जम्पू के सूबेदार मियाँ खाँ ने अपने सेनापति आलिफ खां को पहाड़ी राजा भीमचन्द से कर (टैक्स) लेने के लिए भेजा,कर देने से इकार करने पर आलिफ खाँ ने भीमचन्द पर हमला कर दिया। गुरु जी भीमचन्द की सहायता के लिए पहुंचे। आलिफ खां युद्ध में मारा गया। इसे नादौन का युद्ध कहते हैं आनन्दपुर छोड़ना- औरंगजेब ने गुरु जी की शक्ति समाप्त करने का निश्चय किया। उन्हें लाहौर और सरहिन्द के सूबेदारों को गुरु जी पर आक्रमण करने का हुक्म दिया। पहाड़ी राजा मुगलों के साथ मिल गए, उन सबने कई महीनों तक आनन्दपुर को घेरे रखा। सिक्ख इस लड़ाई से तंग आ चुके थे। औरंगजेब ने गुरु जी को पत्र लिखा किइ वे दुर्ग छोड़ दुंए उन्हें कोई हानि नहीं पहुँचाई जाएगी। गुरु जी ने किला छोड़ दिया पर शत्रु सेना ने विश्वासघात किया। उसने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया। गुरु जी को काफी हानि उठानी पड़ी।चमकौर का युद्ध तथा चारों पुत्रों का बलिदान- मुगल सेना से लड़ते-लड़ते गुरु जी चमकौर जा पहुंचे। वहाँ उन्होंने अपने एक जाट शिष्य की हवेली को ही किला बना लिया। चमकौर के युद्ध में गुरु जी के दोनों बड़े साहिबजादे, अजीत सिंह और जुझार सिंह शत्रुओं से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनके दोनों छोटे साहिबजादा जोरोतर सिंह उस समय जब उनके पुत्र चमकौर के युद्ध में आंधी तुफान व तेज बारिश में नदी पार नहीं कर पाए और फतेह सिंह को सरहिन्द के सूबेदार ने पकड़ कर जीवित ही दीवार में चिनवा दिया।÷गुरु गोविंद सिंह जी ने सभी को मानव की सेवा करने का उपदेश दिया जिसका एकमात्र लक्ष्य है सत्य की राह पर चलना व मानव जीवन में दुःख को दुर करना इसलिए उन्होंने कहा है कि सत्य को स्वीकार कर अपने जीवन में हमेशा मानवता की सेवा को समर्पित किया जाए असत्य के रास्ते लालच व मोह के कारण क्रोध कर न किसी को डराने-धमकाने का काम करना चाहिए न ही किसी सही मनुष्य को अपने सत्यता को लेकर डरना चाहिए उन्होंने सभी धर्मों को सच्चा माना व ईश्वर एक है और उसमें रमने से नहीं बल्कि अच्छे कर्म करें सेवा की भावना रखते हुए सभी समाज के अंदर सत्य को जानने की कोशिश करें व अपनाने का संकल्प लें सत्य में हो सकता है आनन्द नहीं होता है लेकिन बाद में उसी की जीत निश्चित है और गुरु का प्रकाश से उनके आसपास के लोगों पर भी साकारात्मक ऊर्जा मिलती है उन्होंने औरंगजेब को भेजें जफरनामा में लिखा है कि औरंग़ज़ेब तुझे कुरान का ज्ञान ही नहीं तुम्हारी अवादत क्षुठी है तुम्हें कुरान का जरा भी ज्ञान नहीं है ज़फ़रनामा अर्थात विजय पत्र गुरु गोविंद सिंह द्वारा मुग़ल शासक औरंग़ज़ेब को लिखा गया था।

# पर्यटन से पनपती है शांति एवं मुस्कान की संभावनाएं

विश्व पर्यटन दिवस दुनियाभर में पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन अंतरराष्ट्रीय एकता, शांति, सौहार्द और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में पर्यटन की शक्ति की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है। इस दिवस की 2024 की थीम है 'पर्यटन और शांति।' दुनिया में शांति एवं अयुद्ध को बढ़ावा देने में पर्यटन की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अंतर-सांस्कृतिक बातचीत को प्रोत्साहित करता है। लोग जितना अधिक यात्रा करते हैं, उतना ही वे विविध संस्कृतियों का अनुभव करते हैं, जिससे अधिक सहिष्णुता और समझ विकसित होती है, एक दूसरे के नजदीक आने का अवसर मिलता है। इससे शांति, अमन एवं सौहार्द का वातावरण निर्मित होता है। पर्यटन बाधाओं को तोड़ सकता है और राष्ट्रों के बीच स्थायी बंधन बना सकता है। यह रोजगार प्रदान करके और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों को ऊपर उठाने में भी मदद करता है, इस प्रकार क्षेत्रों की दीर्घकालिक शांति और समृद्धि में योगदान देता है। पर्यटन न केवल एक आर्थिक चालक है, बल्कि एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने का एक साधन भी है। पर्यटन क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देता है और लाखों नौकरियाँ प्रदान करता है। यह स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करता है और सामुदायिक बुनियादी ढाँचे में निवेश को प्रोत्साहित करता है। पर्यटन लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं और ज्ञान को साझा करने का अवसर देता है। यह आदान-प्रदान सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विविध समुदायों के बीच सम्मान, सौहार्द, सद्भावना और समझ को बढ़ावा देने में मदद करता है। संधारणीय पर्यटन प्रथाएँ यात्रियों को पर्यावरण की रक्षा करने और जिम्मेदारी से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इससे पारिस्थितिकी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है और हमारे ग्रह की बेहतर देखभाल को बढ़ावा मिलता है। पर्यटन से स्थानीय क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएँ और सेवाएँ मिल सकती हैं, जिससे आगंतुकों और निवासियों दोनों को लाभ होगा। यह विकास स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। भारत में पर्यटन उद्योग ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। पर्यटन क्षेत्र द्वारा 2024 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 21.15 ट्रिलियन रुपये (लगभग 253 बिलियन डॉलर) जोड़ने का अनुमान है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। भारत विश्व स्तर पर पाँचवाँ सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाज़ार बनने के लिए तैयार है, जिसका अनुमान है कि 2027 तक आउटबाउंड पर्यटन व्यय 89 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा, जो 2019 में 38 बिलियन डॉलर था। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं। 2024 के लिए, इतिहास, संस्कृति और लुभावने परिदृश्यों से समृद्ध देश जॉर्जिया विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी करेगा।



ललित गर्ग

जॉर्जिया पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के चौराहे पर स्थित है, जो संस्कृतियों का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है। यह अपने प्राचीन चर्चों, वाइन क्षेत्रों और आश्चर्यजनक पर्वत श्रृंखलाओं के लिए प्रसिद्ध है। जॉर्जिया का पर्यटन क्षेत्र तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे लाखों अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। अपने खूबसूरत नज़ारों के साथ, जॉर्जिया यह दिखाने के लिए एकदम सही जगह है कि पर्यटन किस तरह शांति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है। हर व्यक्ति किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

## राजकाज



### तीसरे कार्यकाल के 100 दिन भारी पड़े

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। पहले दो कार्यकाल के 100 दिन प्रधानमंत्री मोदी के लिए ऐतिहासिक रहे। दोनों बार के 100 दिन में ऐसा जलवा बना था। जिसको आज भी लोग याद करते हैं। तीसरी बार के 100 दिन मोदी जी को भारी पड़ गए हैं। पहले के दो बार के 100 दिन से अब के 100 दिन की तुलना हो रही है। 400 पार का नारा 240 में सिमट गया। संसद में तीन बिल वापस लेने पड़े। हरियाणा में बगावत हो गई। वक्फ बिल जेपीसी में भेजना पडा। रही सही कसर सेबी प्रमुख ने पूरी कर दी। बांग्लादेश में हुए विद्रोह ने भारत में चुनौती बढ़ा दी। हरियाणा और कश्मीर की बगावत ने पार्टी के चाल चरित्र चेहरा और अनुशासन को जग जाहिर कर दिया।

### केजरीवाल की खाली कुर्सी

लोकशाही में अब राजशाही के दृश्य देखने को मिल रहे हैं। राजा राम का वनवास हुआ। अनुज भरत ने सिंहासन में खड़ाऊ रखकर 14 साल तक भगवान राम का राजकाज चलाया। बनवासी राम की तरह सारे सुख त्याग कर त्यागी बन गए। अब वही काम लोकतंत्र की व्यवस्था में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी कर रही हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की मुख्यमंत्री की कुर्सी को सिंहासन मानकर सुरक्षित रख दिया है। वह एक नई कुर्सी पर बैठ रही हैं। उनका कहना है, विधानसभा चुनाव के बाद जब आम आदमी पार्टी की दिल्ली में विजय होगी। तब केजरीवाल अपने सिंहासन पर आकर बैठेंगे।

### पांच उंगलियों में पांच वैश्विक नेताओं को एक साथ रखते हैं, प्रधानमंत्री मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐसे ही विश्व गुरु नहीं कहा जाता है। विश्व गुरु होने के सारे गुण उनमें मौजूद है। वह रूस के राष्ट्रपति को अपनी एक उंगली में रखते हैं। यूक्रेन के प्रधानमंत्री को भी अपनी एक उंगली में फिट करके रखा है। चीन के राष्ट्रपति की दोस्ताना रिंग उनकी अंगुली में है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और ट्रंप से भी उनकी दोस्ती है। रूस से हथियार खरीदते हैं। कच्चा तेल भी उधारी में खरीद लेते हैं। यूक्रेन को हथियार भी सप्लाई कर देते हैं। ऐसी विलक्षण क्षमता विश्व के और किसी अन्य नेता में नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व गुरु हैं।

### इजराइल में इमरजेंसी, चारों तरफ से घिरा इजरायल

इन दिनों विश्व के कई देशों में लंबे समय से युद्ध चल रहे हैं। रूस और यूक्रेन की लड़ाई कई महीनो से चल रही है। इजराइल और गाजा की लड़ाई कई महीनो से चल रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ और वैश्विक शक्तियां युद्ध को रोक पाने में पूरी तरह से असफल हैं। इजरायल ने तकनीकी के सहारे सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर रखा था। हाल ही में सो सुनार की, और एक लोहार की तर्ज पर लेबनान के हिज्बुल्लाह और ईरान ने मिलकर इजराइल पर जो कहर ढाया है। उसमें इजराइल को भारी नुकसान हुआ। उसे इमरजेंसी लगानी पड़ी। अब कहा जा रहा है, इजराइल ने लंबे समय में हजारों फिलिस्तीन के नागरिकों को जिसमें बूढ़े बच्चे ज्यादा थे।

## फीचर




# स्टार्ट-अप से हासिल करें रोजगार

**अगर आप कारोबार करना चाहते हैं पर आपके पास बजट कम है तो आप स्टार्ट-अप से अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। इसमें निवेश भी कम करना होगा और आप अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।**

अगर आप इन बिजनेस में क्रिएटिव और मेहनत से काम करेंगे तो आप जल्द ही हर महीना लाखों रुपये कमा सकते हैं।

इवेंट मैनेजमैंट - आजकल इवेंट का काम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। खास बात ये है कि इसमें आपको किसी खास डिग्री की आवश्यकता नहीं है और आप क्रिएटिव तरीके से काम करके इसमें पैसा कमा सकते हैं। इवेंट में आप वेडिंग, ऑफिशियल प्रोग्राम, पार्टी आदि की अरेजमेंट कर सकते हैं और इसमें आपको निवेश नहीं करना होता, सिर्फ इवेंट की व्यवस्था करनी होती है। आप अच्छे संपर्क बनाकर इसमें पैसे कमा सकते हैं।

ऑटो गैराज- आपको सुनकर भले ही ये अजीब लगे, लेकिन कई लोग इससे अच्छा पैसा कमा रहे हैं। यह गैराज किसी एक दुकान पर नहीं होगा, बल्कि यह डिमांड पर कहीं जाएगा। मतलब आजकल गाड़ियों की संख्या अधिक हो गई और बीच रास्ते में गाड़ी खराब हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप ऐसे लोगों की मदद कर पैसे कमा सकते हैं।

ड्राइविंग स्कूल - देश में कारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ड्राइविंग सीखने वालों की संख्या भी बड़ी है। ऐसे में ड्राइविंग स्कूल चलाना भी एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। इस काम को करने के लिए शुरुआती तौर पर आपके पास सिर्फ एक कार होना जरूरी है। जिससे आप दूसरों को ड्राइविंग सिखा सकें।

होम बेस्ड फूड सर्विस- घर से बाहर दूसरे शहरों में रह रहे लोगों के लिए घर का खाना एक सपने जैसा होता है। इसलिए आप इन शहरों में टिफिन आदि का कारोबार करके आप कम इनवेस्ट में अधिक पैसे कमा सकते हैं।

## प्रेरणा

# गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता।



यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है।

जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो।

## अपनी बात



अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद एसओजी ने हाईकोर्ट में यू-टर्न ले लिया। रिटायर्ड जज से कराएं संजीवनी मामले की जांच। इस मामले के जांच अधिकारी को हटा दिया गया और बीजेपी सरकार के नामित सरकारी वकीलों ने भी केंद्रीय मंत्री शेखावत का ही पक्ष लिया। अब राज्य में सरकार बदलने के बाद एसओजी पर बीजेपी सरकार ने दबाव बनाया जिसके कारण एसओजी ने कोर्ट में यू-टर्न लिया और इन्हें आरोपी नहीं माना है।



असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि दरगाह के खिलाफ मुकदमा चल रहा है, जिसमें इसे मंदिर बताया जा रहा है। ओवैसी का बयान असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में लिखा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह भारतीय मुसलमानों के लिए मार्गदर्शक और एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थल है।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे स्टेशन के बाहर से बाईक चोरी

**गुना।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी एक मोटर सायकिल को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि गत रात उनका लड़का पीयुष शर्मा अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08-0158 को रेल्वे स्टेशन के बाहर खड़ी कर ट्रेन से ग्वालियर चला गया था। अगले दिन रात करीबन 10 बजे जब वह वापस गुना आया तो उसने जहाँ गाड़ी खड़ी की थी वहाँ पर नहीं मिली। फिर उसने मोटर सायकिल की तलाश आस पास की किन्तु कोई पता नही चला।

### बाईक सवार दंपत्ति को पिकअप चालक ने मारी टक्कर

**गुना।** जिले के विजयपुर थानांतर्गत कोलुआ रोड पर बाईक सवार दंपत्ति को पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाग नोलखा राघौगढ़ निवासी गोपाल कुशवाह अपनी पत्नी ममता बाई के साथ अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 08-3747 से गुना से घर वापस आ रहे थे। जैसे ही कोलुआ घूम पर पहुंचे तो पीछे से एक पिकअप गाडी क्रमांक एमपी 1- 3267 के चालक अपनी पिकअप गाडी को तेजी व लापरवाही से चलाकर मोटर साईकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दंपत्ति गाड़ी से गिरकर घायल हो गए। वहीं घटना को अंजाम देकर पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।

### पार्वती नदी में नहाने उतरने चाचा-भतीजे डूबे, सर्च अभियान जारी

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत पार्वती नदी में नहाते समय चाचा-भतीजे डूब गए। घटना शुक्रवार सुबह की है। जानकारी मिलते ही मौके पर चांचौड़ा एसडीएम, टीआई सहित एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को खोजने का अभियान शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बजरंगगढ़ थानांतर्गत पिपरोदा गिर्द के रहने वाले दीपक अहिरवार(22) और अरुण अहिरवार(11) अपने परिवार के साथ नरसिंहगढ़ के कमल कोठरी मंदिर पर दर्शन करने गए थे। वहां से दर्शन करके लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों जंजाली के पास पार्वती नदी में नहाने लगे। नहाते हुए अरुण गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

### आज संबंधित क्षेत्रों में रहेगी बिजली कटौती

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक, शहर, विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गुना द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार 33/11 के.व्ही. बूढे बालाजी सब स्टेशन से 11 केव्ही चांदशाहवली फीडर पर मेन्टेनेंस कार्य होने से निकलने 28 सितम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे पवन कॉलोनी, टेकरी रोड, हरिपुर रोड, सकतपुर रोड, बूढे बालाजी, सकतपुर पठार वाले क्षेत्र की विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इसी प्रकार 33/11 के.व्ही. पावर हाउस सब-स्टेशन से नजूल फीडर पर मेंटनेंस कार्य होने से 28 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

### आरोन थाने का किया औचक निरीक्षण, परेड कराकर परखा जवानों की टर्नआउट

# वार्षिक निरीक्षण करने गुना आए डीआईज सांघी

सत्ता सुधार ■ गुना

ग्वालियर रेंज डीआईजी अमित कुमार सांघी ने जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारी दरबार आयोजित कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज श्री सांघी दो दिवसीय जिले का वार्षिक निरीक्षण पर रहे। गुना पहुंचे डीआईजी का एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया । डीआईजी श्री सांघी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया एवं शाखा प्रभारियों को कार्यक्षमता में वृद्धि तथा गुणात्मक सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उनके द्वारा शाम को जिले के आरोन थाने का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाने के अभिलेखों एवं रखरखाव की समीक्षा की गई एवं इसमें सामने आई त्रुटियों को शीघ्र पूरा करने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया ।



निर्धारित कार्यक्रम शुक्रवार को प्रातः 08 बजे पुलिस परेड मैदान पर परेड की सलामी ली एवं परेड निरीक्षण किया। जिसमें जवानों का टर्नआउट परखा गया जहां कई जवानों के टर्नआउट की सराहना की तो कुछ को समझाईस भी दी। पुलिस बल द्वारा की गई परेड एवं पुलिस बैंड द्वारा दी गई प्रस्तुति की प्रशंसा की गई । पुलिस वाहनों का निरीक्षण कर उनके उचित रखरखाव की प्रसंशा की गई एवं वाहनों के चालकों को उचित इनाम भी दिए। इस दौरान पुलिस जवानों की ओर से बलवा ड्रिल का भी अभ्यास किया गया । बाद परेड डीआईजी श्री सांघी द्वारा पुलिस लाईन परिसर में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी सम्मेलन (दरबार) का आयोजन किया गया। जिसमें उनके द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समस्याओं का शीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान डीआईजी श्री सांघी द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों से रूबरू होते हुए विभाग को आदर्श पुलिस के रूप में स्थापित करने पर जोर देते हुए अनुशासन को सर्वोच्च आदर्श बनाने के लिए प्रेरित किया एवं शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई । इसके बाद रक्षित केंद्र कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें उनके द्वारा कार्यालयीन अभिलेखों की समीक्षा की गई एवं स्टोर शाखा, आर्म्स शाखा, वाहन शाखा, दिशा लर्निंग सेंटर आदि का भ्रमण कर जायजा लिया। जिसमें उचित रखरखाव तथा दिशा लर्निंग सेंटर की व्यवस्थाएं उच्च स्तर की पाई जाने पर उनकी ओर से प्रशंसा जाहिर की । इसके बाद दोपहर में केंट थाने का औचक निरीक्षण कर थाना अभिलेखों की समीक्षा की गई और थाना अभिलेख, जप्त माल आदि के उचित संधारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आक्रोशित हजारों कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ गुना

एनएमओपीएस के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर दिए जा रहे ज्ञापन के क्रम में गुना में भी जिलाधीश को ओपीएस बहाली के लिए हजारों एनपीएस धारी कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। एनपीएस हो या यूपीएस हमारे बुढ़ापे को बर्बाद कर देगी। इसलिए ओपीएस पूरे देशभर में लागू की जाने का आह्वान प्रधानमंत्री से विभिन्न विभागों के हजारों कर्मचारियों ने आज किया है। अध्यापक माध्यमिक शिक्षा संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधीश गुना को ज्ञापन देकर मांग की गई है कि क्रमोन्नति के आदेश हुए 6 महीने से ज्यादा हो गए हैं। इसके बाद भी संकुल स्तर से एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी स्तर से भारी गड़बड़ियां, लेटलतीफी की जाकर मनमानी ढंग से कुछ चिन्हित लोगों को ही क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है।




एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष रमेश अहिरवार एवं ज्ञापन कार्यक्रम प्रभारी आजाद अध्यापक संघ जिलाध्यक्ष राजमणि दुबे ने बताया कि संगठन ने 23 मई, 24 जुलाई एवं 11 सितंबर को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन में क्रमोन्नत वेतनमान लागू करवाने एवं 8 महीने के एरियर की तीनों किस्तों का भुगतान करने, लंबित क्रमोन्नति आदेश जारी करवाने हेतु ज्ञापन दिए। इसके बाद भी जारी किए गए आदेशों के पालन में संकुल एवं आहरण संवितरण अधिकारियों ने मनमाने ढंग से संकुल केन्द्र एवं बीईओ कार्यालयों काम किया जा रहा है। अध्यापक माध्यमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षकों को गुमराह कर कुछ चिन्हित लोगों को ही क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है। जिलाधीश से मांग की गई कि जितने भी आदेश क्रमोन्नत वेतनमान के हो गए उन सभी को वेतनमान का लाभ दिया जाए। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, संकुल केंद्र एवं अन्य संस्थाओं में कार्य कर रहे शिक्षकों को उनके मूल शालाओं में समस्त कार्य दिवसों में अध्यापन हेतु आदेशित किया जाए। ज्ञापन में रमेश अहिरवार, प्रमोद रघुवंशी, आलोक नायक, नरेंद्र भारद्वाज, राजमणि दुबे, जमील उद्दीन, नरेंद्र भार्गव, कृष्ण गोपाल भार्गव, दामोदर धाकड़, सुरेंद्र दुबे, ब्रजेश त्रिपाठी, केशव मथनेया, धर्मेंद्र रघुवंशी, निर्भय सक्सेना, योगेश मैथिल, सत्यनारायण शाक्य, निर्भय सिंह, साधना सिंह, अनीता पटेरिया, अनीसा बानो, रानी मिश्रा, संजीव सिरोठिया, आनंद करोसिया, हरिबल्लभ भार्गव, ओमकार छारी, कीर्ति मोरोलिया, उदयकांत भारद्वाज, विनय जैन, पवन शर्मा, जितेंद्र जैन, संजीव गोयल, सुल्तान धाकड़, मुकेश शिवहरे, केशव सिंह चौहान, सुधीर अस्थाना, विनंती वर्मा, मिथलेश शर्मा सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## बीसभुजा देवी मंदिर में रीति रिवाज के अनुसार मनाया जायेगा नवरात्रि पर्व

सत्ता सुधार ■ गुना

श्री बीसभुजा देवी जी (बजरंगगढ़ में स्थापित) मंदिर में प्रतिवर्ष की भॉति रीति रिवाज के अनुसार वर्ष 2024 का शरद नवरात्रि पर्व 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मनाया जाना है। मंदिर में नवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा व्यवस्था करने के लिये आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशनुसार नवरात्रि पर्व के समय दर्शनार्थियों के लिये पेयजल की व्यवस्था के लिये कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गुना एवं ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के परस्पर सहयोग से पर्याप्त व्यवस्था करेंगे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद गुना द्वारा मंदिर पर 3 अक्टूबर 24 से 11 अक्टूबर तक निरंतर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। मंदिर की रंगाई-पुताई ग्राम पंचायत द्वारा की जावे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गुना यह सुनिश्चित कराएंगे। सड़क की मरम्मत की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग गुना संभाग गुना करेंगे। सीएमएचओ एवं मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बजरंगगढ़ मेला परिसर में स्वास्थ्य शिविर एवं एंबुलेंस की व्यवस्था एवं चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करेंगे ताकि आम जनता को कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या न हो। विद्युत व्यवस्था हेतु संभागीय अधीक्षण यंत्री म0प्र0 राज्य विद्युत वितरण कंपनी गुना उचित व्यवस्था करेंगे। क्षेत्र में समस्त ढीले एवं लटके हुये तारों को सही करने, मरम्मत करने की कार्यवाही बिजली विभाग द्वारा की जायेगी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गुना स्थानीय समिति के साथ परस्पर सहयोग करते हुए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दर्शनाथियों हेतु वाहनों के रखरखाव की समुचित व्यवस्था करेंगे एवं मेले में ट्रैफिक के सुचारू रूप से संचालन हेतु एवं वन-वे किये जाने को ध्यान में रखते हुये फ्लैक्स एवं ट्राफिक सिग्नल इत्यादि रोडों पर लगाये जाये ताकि आम जनता उसे ध्यान में रखते हुये व्यवस्थित चल सकें। श्री बीसभुजा माता मंदिर में मुख्य मंदिर से लेकर परिक्रमा मार्ग तक पहाडी से लेकर नीचे तक प्रकाश की बेहतर व्यवस्था मंदिर की सजावट व्यवस्था, मंदिर में निरंतर साफ सफाई की व्यवस्था, शौचालय की साफ सफाई की व्यवस्था एवं मंदिर परिसर में भीड़ को नियंत्रण करने हेतु पर्याप्त वॉलेंटियर्स की व्यवस्था करेंगे।

## बजरंगगढ़ में पं दीनदयाल की जयंती पर आमजन को बनाया भाजपा का सदस्य

सत्ता सुधार ■ गुना

बजरंगगढ़ मंडल के ग्राम बजरंगगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 200 पर भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई और लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर मंडल के प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह किरार ने पंडित दीनदयाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संगठन आधारित राजनीतिक दल का एक पर्याय देश में खड़ा किया, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनसंघ से लेकर के भारतीय जनता पार्टी तक संगठन आधारित राजनीतिक दल अपनी अलग पहचान रखता है। डॉ. मुखर्जी कहते थे अगर मेरे पास एक दो और दीनदयाल हो तो मैं हिंदुस्तान की राजनीति का चरित्र बदल सकता हूं। दरअसल पंडित दीनदयाल उपाध्याय का उद्देश्य ऐसे राजनीतिक कार्यकर्ताओं की एक नई श्रेणी तैयार करना था। जिसका एक स्वतंत्र चिंतन हो राष्ट्रभक्ति से प्रेरित हो और राष्ट्र समाज को समर्पित हो। उन्होंने अपनी पूरी शक्ति संगठन को वैचारी के अधिष्ठान देने कार्यकर्ता के निर्माण और संगठन की विस्तार में लगा दी, पंडित दीनदयाल का विचार संगठन तक सीमित नहीं था उनका आर्थिक दर्शन भाजपा की राजनीति का केंद्र है, उनका कहना था समाज की अंतिम पंक्ति पर जो व्यक्ति बैठा हुआ है उसे अग्रिम पंक्ति में लाना है। इस दौरान श्री किरार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आमजन को भी सदस्यता दिलाई । इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप भट्ट घनश्याम स्वामी, भूपेंद्र ग्वाल, बालकिशन सिलावट, आयुष भट्ट सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



### पारिवारिक विवाद में भिड़े देवर, भाभी, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना।** जिले के मृगवास थानांतर्गत ग्राम कराड़या में पारिवारिक विवाद में देवर-भाभी में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी पप्पूलाल पुत्र हजारी बंजारा ने अपनी पत्नी कैलाबाई के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम उन्होंने अपनी अपनी भाभी बीनाबाई से बोला कि मेरी लड़की सांका भाग गई थी वहां पर तुम मत जाना। तभी उनका भतीजा कमल बंजारा आ गया और इसी बात पर से दोनों मां-बेटे ने गाली गलौंच शुरू कर दी। इस दौरान लाठी-डंडे से उनकी मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। उनकी पत्नी और बेटी उन्हें बचाने आई तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने भाभी और भतीजे पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इधर विवाद में दूसरे पक्ष के भाभी और भतीजे ने भी पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।

## लगातार दूसरे दिन हुई दोपहर बाद झमाझम बारिश

सत्ता सुधार ■ गुना



शहर सहित अंचलभर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन शनिवार शाम को झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद मौसम में ठंडक घुल गई। इधर बारिश के आंकड़े ने 110 का अंक छू लिया। इसके पूर्व शनिवार सुबह धूप और उमस के कारण लोग बेहाल दिखे। इस दौरान अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। लेकिन दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश ने सड़कें तरबतर करने के साथ ही मौसम खुशनुमा कर दिया। वहीं जिले में अब तक 1156.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से अब तक 1156.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 109.8 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 692.5 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 27 सितंबर प्रातः 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1141.9 मिलीमीटर, बमौरी में 1183.0, आरोन में 870.5, राघौगढ़ में 1440.0, चांचौड़ा में 1062.0, कुम्भराज में 1431.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 968.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 6.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.0 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 0.0 मिमी., राघौगढ़ में 0.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी., कुंभराज में 42.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 0.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

### पोषण माह अंतर्गत व्यंजन प्रदर्शनी का किया आयोजन

# आत्मसम्मान सबसे बड़ा पुरूस्कार, अपने आंगनबाड़ी केंद्र को सुदृढ बनाने के लिए नये उत्साह के साथ करें कार्य : एडीएम जैन

सत्ता सुधार ■ गुना

राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिले में 1 से 30 सितंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में 'पोषण माह' अंतर्गत व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाडी कार्यकर्ताओं/सुपरवाइजर द्वारा विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गयी। जिनका एडीएम अखिलेश जैन द्वारा अवलोकन किया तथा विभिन्न व्यंजनों के बनाये जाने की विधि का स्वयं फोटो भी खींचा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाएं। आपके आंगनबाड़ी क्षेत्र में, आपके सेक्टर में जो आंगनबाड़ी हैं उनमें पोषण आहार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अपने आंगनबाड़ी को सुदृढ़ बनाने में नये उत्साह से कार्य करें। इन कार्यो से जो आपको आत्म संतुष्टि मिलेगी वह सबसे बड़ा पुरूस्कार होता है। आज जो अच्छे व्यंजनों को बनाने का जो प्रयास किया गया है, वह अपने आंगनबाड़ी में भी सतत जारी रखें। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट व्यंजन बनाने के लिए विभिन्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सुपरवाईर को अपर कलेक्टर द्वारा सम्मानित भी किया गया। जिनमें प्रथम राखी शर्मा, द्वितीय कृष्णलता भार्गव, तृतीय रानी खटीक तथा सांत्वना पुरूस्कार के रूप में रिंकी भागौर, प्रमिला, वैशाली, सविता, विद्या बिरथरे, रागिनी यादव, रानी भार्गव को प्रदान किया गया एवं उपस्थित किशोरी बालिकाओं को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अंतर्गत नोटिंग डायरी प्रदान की गई।



आज बनाये गये व्यंजनों में प्रमुख रूप से चुकंदर की बर्फी, मिक्स वेज फूड, सहजना के पत्तों की भाजी, सहजना का जूस, टीएचआर का केक, नारियल लोकी की तिरंगा बर्फी, टीएचआर की तिरंगा इडली, पौष्टिक मखाने एवं कुटकी चावल की खीर, पौष्टिक सहजने की पूड़ी, लौकी एवं सूजी की बर्फी, मोटे अनाज का होम मेड सेरेलैक्स आदि पौष्टिक व्यंजन बनाये गये। आज आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिनेश चंदेल सहित सीडीपीओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

## शहरभर में शराबियों का उत्पात, कुशमौदा और सकतपुर में महिलाओं सहित परिजनों से की मारपीट

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के कैंट थानांतर्गत कुशमौदा और सकतपुर रोड स्थित सांई सिटी कॉलोनी में अलग-अलग स्थानों पर शराबियों का आतंक सामने आया है। इस दौरान शराब के नशे में धुत्त शराबियों ने परिवारों के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में है।

पहली घटना रामजानकी मंदिर के पास कुशमौदा में सामने आई। यहां महिलाओं के साथ शराबियों ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुनीताबाई पत्नि पहलवानसिंह लोधा ने अपने पति पहलवानसिंह, देवरानी कुशुमबाई ने साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उनके परिवार के नरेश लोधा तथा अशोक शराब पीने के आदी हैं। गत रात वह दोनों शराब के नशे में आए और उसके साथ गाली गलौंच करने लगे।

जब उन्होंने मना किया तो आरोपियों ने उनके साथ धक्का मुक्की कर मारपीट शुरू कर दी। उन्हें बचाने उनके पति आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया है। इधर दूसरी घटना सकतपुर रोड सांई सिटी कॉलोनी में हुई।

# गृहस्थ सुख के स्वामी शुक्र



ग्रह ही बताते हैं सुखी जीवन संसार (6)

शुक्र असुरों के गुरु, श्रृंगार, भोग-विलास, गृहस्थ सुख के स्वामी हैं। शुक्र श्रृंगारिक गुरु हैं। संगीत, वाद्य, चलचित्र सब पर इनका प्रभाव रहता है। इनके आराध्य देव कार्तवीर्यार्जुन हैं। कुछ इनके देव लक्ष्मी को मानते हैं पर अनुभव में कार्तवीर्यार्जुन ही सिद्ध होते हैं। इनकी महादशा 20 वर्ष की होती है। दैत्यों के गुरु शुक्र का वर्ण श्वेत है। उनके सिर पर सुंदर मुकुट तथा गले में माला है। वह श्वेत कमल के आसन पर विराजमान हैं। उनके चारों हाथों में क्रमश:- दंड, रुद्राक्ष की माला, पात्र तथा वरदमुद्रा सुशोभित रहती है।



### मंत्र उपासना

शुक्र जनित दोष निवारण के लिए आपको यह उपाय करना चाहिए-किसी भी शुक्रवार के दिन सूर्योदय के समय स्नान करके पूर्व दिशा की ओर मुख करके कुश व ऊन के आसन पर बैठ जाएं। अब किसी भी माला से निम्न मंत्र की 21 माला मंत्र जाप करें। यह शुक्र का एकाक्षरी बीज मंत्र है, जिसके मंत्र जाप से दोषों का शमन होता है-

**शुक्र एकाक्षरी बीज मंत्र:- ॐ शुं शुक्राय नमः।**

### सामान्य उपाय

- ✱यह व्रत किसी शुक्ल पक्ष के प्रथम शुक्रवार से प्रारंभ करके 21 या 31 व्रत करने का विधान है।
- ✱मंजीठ का चूर्ण मिश्रित जल से स्नान करें तथा इस दिन सफेद वस्त्र ही धारण करें।
- ✱भोजन सूर्यास्त के डेढ़ घंटा बाद करें।
- ✱भोजन में खीर का विशेष महत्व है अथवा दूध, चावल, शक्कर से बने पदार्थ प्रथम 5 ग्रास में सेवन करें तथा बाद में अन्य पदार्थ सेवन योग्य हैं।
- ✱सफेद गाय अथवा एकाक्षी (एक आंख वाले) किसी जीव को यथाशक्ति खीर या चावल शक्कर सहित पदार्थ प्रदान करें।
- ✱व्रत के दिन 3 या 21माला 'ॐ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम:' मंत्र को जपना चाहिए।

### लाल किताब के उपाय

- ✱शुक्रवार का व्रत रखें।
- ✱अपने भोजन में से गाय को कुछ भाग दें। ऐसा करेंगे तो शुक्र की सहायता मिलेगी एवं धान्य सुख भी बढ़ेगा।
- ✱प्रतिदिन अपने भोजन में से एक टुकड़ा कुत्ते के लिए, एक टुकड़ा गाय के लिए और एक टुकड़ा कौए के लिए निकालें।
- ✱हीरा, स्फटिक अथवा सफेद जरकन मध्यमिका उंगली में धारण करें।
- ✱गोदान करें या ज्वर एवं चरी का दान करें।
- ✱दूसरों का पालन-पोषण करें।
- ✱सफेद एवं स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
- ✱सुगंधित पदार्थों का प्रयोग करें।

### शुक्र का दान

शुक्र के लिए चांदी, सोना, चावल, घी, सफेद वस्त्र, सफेद चंदन, हीरा, सफेद अश्व, दही, चीनी, गौ तथा भूमि का दान ब्राह्मण को देना चाहिए।

### शुक्र का रत्न

शुक्र जनित दोष निवारण के लिए शुक्रवार के दिन हीरा प्लेटिनम या चांदी की धातु में जड़वाकर दाएं हाथ की मध्यमा में धारण करें।

**—पं. कमल राधा कृष्ण श्रीमाली**

# पाएं बाधामुक्त सुखी दाम्पत्य जीवन

दाम्पत्य सुख में उत्पन्न हो रही बाधाओं को दूर करने के लिए जन्मकुंडली के ग्रहयोगानुसार अशुभ ग्रह को शुभ बनाने हेतु उपाय किए जा सकते हैं।

**जीवन** में धन-संपत्ति, मोटर-कार, बंगला, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, पत्नी और बच्चे होते हुए भी यदि दाम्पत्य जीवन मधुर न हो तो ऐसा जीवन व्यर्थ है। इतना सब कुछ होते हुए भी यदि दाम्पत्य जीवन में क्लेश, घर में अशांति, तनाव भरा माहौल, पारिवारिक सदस्यों के बीच मतभेद और विवाद हो तो आप ही बताइए ऐसे जीवन को क्या हम सफल जीवन कह सकते हैं? कदापि नहीं। इस आधुनिक युग की भाग-दौड़ में परेशान व्यक्ति क्या चाहता है? केवल कुछ पलों की शांति, जब वह घर में आए तो सभी परेशानियों को भूल जाए और अपने पारिवारिक सदस्यों के बीच सुख का कुछ समय बिता सके। दुर्भाग्य की बात है कि यह संतोष सभी को नहीं मिलता।

दाम्पत्य सुख में उत्पन्न हो रही बाधाओं को दूर करने के लिए जन्मकुंडली के ग्रहयोगानुसार अशुभ ग्रह को शुभ बनाने हेतु उपाय किए जा सकते हैं। सामान्यत: जन्मकुंडली के सप्तम भाव से दाम्पत्य जीवन का विचार किया जाता है। यदि सप्तम भाव पर पाप ग्रहों का प्रभाव हो तो दाम्पत्य सुख में बाधा आती है। नैसर्गिक पापग्रहों में सूर्य, मंगल, शनि, राहु एवं केतु आते हैं।

सूर्य का प्रभाव सप्तम भाव पर होने पर जीवनसाथी से स्वाभिमान का टकराव होता है। फलस्वरूप पति-पत्नी के अलग-अलग रहने की स्थितियां बन जाती हैं। ऐसी स्थिति में यदि पति-पत्नी दोनों ही मुंह में पानी भर कर स्नान करें, तो दोनों का सामंजस्य बैठने लगता है। ऐसे व्यक्तियों को रविवार के दिन लाल वस्त्र पहनने से बचना चाहिए।

मंगल को दाम्पत्य सुख के लिए पीड़ादायक ग्रह माना जाता है क्योंकि मंगल की विवाह के भाव में युति अथवा दृष्टि के कारण विलम्ब, विवाह संपन्न होने में अवरोध एवं विवाह के बाद दाम्पत्य जीवन में विवाद होते हैं। मंगल के दुष्प्रभाव के कारण पति-पत्नी में मारपीट एवं हिंसा की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी स्थिति में दाम्पत्य जीवन नरक तुल्य हो जाता है, बचाव के लिए पति-पत्नी दोनों को चांदी का आभूषण धारण करना चाहिए। गले में चांदी की जंजीर अथवा हाथ में चांदी का ब्रेसलेट धारण किया जा सकता है। पति-पत्नी में जिसका स्वभाव उग्र हो, उसे मिर्च एवं तीखी वस्तुओं का सेवन नहीं करना चाहिए। यदि व्यक्ति मांसाहारी हो, तो उसे शाकाहारी बनना चाहिए।

सप्तम भाव पर शनि का दुष्प्रभाव होने पर विवाह में विलम्ब होता है। यदि शनि का अशुभ प्रभाव अधिक हो, तो विवाह के बाद भी जीवनसाथी के प्रति उत्साह एवं उमंग की भावना नहीं होती। दाम्पत्य जीवन में परस्पर आकर्षण का अभाव होता है। इस कारण साथ रहते हुए भी पति-पत्नी पृथक रहने के समान जीवन व्यतीत करते हैं। ऐसी स्थिति में शनि के दुष्प्रभाव को शांत करने के लिए व्यक्ति



को मंगलवार के दिन नवीन लाल वस्त्र धारण करना चाहिए। पति को लाल वस्त्र खरीद कर पत्नी को भेंट स्वरूप देने चाहिएं।

सप्तम भाव पर राहुल के दुष्प्रभाव के कारण दाम्पत्य जीवन में विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। पति-पत्नी के दाम्पत्य जीवन में अन्य व्यक्ति के दखल के कारण बाधाएं खड़ी होती हैं। ऐसे जातक का दाम्पत्य जीवन तब तक खराब रहता है जब तक कि वे अन्य व्यक्तियों के परामर्श के अनुसार कार्य करते रहते हैं। यदि जातक नशीली वस्तुओं का सेवन करे, तो उसका दाम्पत्य जीवन सुखमय नहीं हो सकता। अत: ऐसे व्यक्ति को सर्वप्रथम किसी भी प्रकार की नशीली एवं विषैली वस्तुओं का सेवन नहीं करना चाहिए। जैसे-शराब, अफीम, गांजा, चरस, धूम्रपान आदि। राहू का दुष्प्रभाव अधिक होने पर दाम्पत्य जीवन में गाली-गलौच, अपशब्द का प्रयोग होता है। पति-पत्नी एक-दूसरे की निंदा एवं आलोचना करते हैं। अत: दाम्पत्य जीवन को सुखमय बनाने के लिए अपने जीवनसाथी की प्रशंसा करनी चाहिए।

दाम्पत्य जीवन को सुखमय बनाने हेतु कुछ सरल और प्रतिभाशाली टोटके यहां दिए जा रहे हैं।

✱यदि पति-पत्नी में परस्पर तू-तू-मैं-मैं एवं वाक्‌युद्ध होता हो, तो ऐसे व्यक्तियों को बुधवार के दिन कुछ समय के लिए मौन व्रत करना चाहिए।

✱शुक्रवार के दिन सफेद मिष्ठान्न लाकर जीवनसाथी को खिलाना चाहिए। शुक्रवार के दिन यदि इत्र की शीशी खरीद कर घर में रखें तो भी पति-पत्नी के मध्य समांजस्य बढ़ता है।

✱यदि दाम्पत्य जीवन में परस्पर सामंजस्य एवं सहयोग भावना की कमी हो, तो ऐसे दम्पति को प्रत्येक गुरुवार के दिन राम-सीता के मंदिर में जाकर दर्शन करने चाहिएं तथा प्रसाद भोग लगा कर मंदिर में बांटना चाहिए।

✱यदि जीवनसाथी का स्वभाव उग्र हो, तो ऐसे व्यक्ति को ससुराल से चांदी का आभूषण उपहारस्वरूप दिलवाना चाहिए तथा व्यक्ति को उसे हर समय धारण करना चाहिए।

✱यदि जामुन के पत्ते शनिवार के दिन लाकर शयन कक्ष में रखे जाएं तो पति-पत्नी में कलह नहीं होता। दोनों में दाम्पत्य प्रेम बना रहेगा।

**—पं. कमल राधा कृष्ण श्रीमाली**

## अशुभ संकेत

जब भी कोई अशुभ घटना होती है तो यह महज कोई संयोग नहीं होता। अशुभ संकेतों के पीछे भविष्य में होने वाली घटनाओं की तरफ इशारा मिलता है। हमारे रोजमर्रा के जीवन में ऐसी कई घटनाएं घटित होती होंगी जिसे आप जरूर गौर करते होंगे।

✱जब अचानक बार-बार घड़ी बंद होने लगे और उसका शीशा टूटने लगे या फिर खिड़कियों पर लगे कांच के शीशे चटकने लगें तो समझ जाएं कि आप पर और आपके परिवार के ऊपर कोई गंभीर संकट आने वाला है।

✱दूध को उबालते समय बार-बार दूध का गिरना भी अशुभ संकेत होता है।

✱जब रसोई घर में रखे कांच के बर्तन टूटने लगें तो समझ जाना चाहिए कि आपके ऊपर कोई बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है।



✱जब किसी शुभ आयोजन में व्यवधान उत्पन्न होने लगे तो समझ जाएं कि आने वाले साल में आपके ऊपर विपत्ति के बादल मंडराने वाले हैं। इस संकट को दूर करने के लिए अपने घर पर सुंदर कांड का पाठ करवाएं।

✱अचानक जब कभी आपकी छत या आंगन में कोई हड्डी का टुकड़ा आकर गिर जाए तो आने वाले समय में आपको कोई अशुभ समाचार मिल सकता है। जब घर की छत से अचानक प्लास्टर टूट कर गिरने लगे और दीवारों में दरारें दिखने लगें तो यह संकेत आपके लिए अशुभ हो सकता है।

# व्यवसाय में प्रगति और सफलता के अचूक टोटके

✱व्यापार संबंधी पत्र व्यवहार करते समय उस पत्र पर हल्दी अथवा केसर के छींटें लगा दिया करें।

✱व्यापार आदि शुभ कार्यों के लिए प्रस्थान करने से पूर्व घर का कोई भी सदस्य एक मुट्ठी साबुत काले उड़द आपके ऊपर से उसार कर धरती पर छोड़ दे तो वह कार्य अवश्य सिद्ध होगा।

✱कार्यालय, दुकान, शो-रूम इत्यादि खोलते समय सर्वप्रथम अपने ईष्टदेव का स्मरण अवश्य करें।

✱शुभ कार्य के लिए या धन संबंधी या व्यवसाय संबंधी कार्य पर जाते समय घर से दही व गुड़ खाकर निकलें।

✱सर्वप्रथम किन्नरों को वस्त्र व कुछ रुपए दान करें। उसे प्रसन्न कर एक रुपए का सिक्का प्रसाद रूप में उनसे मांग लें और वह सिक्का कैश-बॉक्स, तिजोरी आदि में रख दें तो व्यवसाय चमक उठेगा।

✱मंत्र सिद्ध 'सफेद आक की जड़' (श्वेतार्क मूल) चांदी की ताबीज में, सफेद डोरे के साथ गले या दाहिनी भुजा पर धारण करने से व्यवसाय में चार चांद लग जाते हैं।



हथियार के सौदागर 'ओनासिस' तथा 'जैकलीन कैनेडी'



✱'श्वेतार्क गणपति' की प्रतिमा व्यावसायिक स्थल या घर के पूजा स्थल पर स्थापित करें।

✱'वट वृक्ष की लता' को शनिवार के दिन निमंत्रण दे आएं। रविवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में जाकर उसकी एक जटा तोड़ लाएं। उस जटा को घर लाकर गूगल की धूनी दें, (गूगल का धूप जलाकर दिखाएं) फिर कैश बॉक्स, तिजोरी या रुपए पैसे रखने वाले स्थान पर लाल कपड़े में लपेट कर रख दें।

✱'उल्लू' वास्तव में 'लक्ष्मी' का प्रतीक है। इसका प्रमाण आज भी है। जिन व्यवसायियों ने इसका प्रयोग 'व्यापार चिन्ह' के रूप में किया, उनका व्यवसाय आसमान छूने लगा।

✱विश्व प्रसिद्ध हथियार के सौदागर 'ओनासिस' और अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति की पत्नी 'जैकलीन कैनेडी' का व्यापार चिन्ह उल्लू ही है वह खरबपति हैं, जो भी व्यक्ति उल्लू पक्षी का चिन्ह अपने व्यवसाय स्थलों के मुख्य द्वार पर लगाते हैं, वहां लक्ष्मी अवश्य निवास करती है।

✱प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को 5 किलो अथवा 5 पाव अथवा 5 मुट्ठी साबुत हरे मूंग हरे रंग के कपड़े में बांधकर बहते दरिया में प्रवाहित करें तो व्यवसाय बढ़ता रहेगा।

✱खासकर जो लोहे का पार्ट्स तैयार करते हैं, किराने की दुकान, कोयला, लकड़ी, पैट्रोल, तेल जूते आदि का व्यवसाय करते हैं, वे व्यवसायी नववर्ष के प्रथम शनिवार को तथा संभव हो तो प्रत्येक महीने के प्रथम शनिवार को आठ किलो, आठ पाव अथवा आठ मुट्ठी काले साबुत उड़द काले कपड़े में बांधकर बहते दरिया में सूर्यास्त के बाद कुछ अंधेरा होने पर प्रवाहित करें और शनिदेव का स्मरण कर नमस्कार कर वापस आ जाएं।

✱यदि फैक्टरी व्यापार आदि ठीक नहीं चल रहा हो, तो मुख्य दरवाजे के सामने पानी का फव्वारा जरूर लगा दें। घंटे दो घंटे सुबह और दोपहर बाद उसे चलाएं तो व्यवसाय ठीक चलने लगेगा।

✱यदि फव्वारा लगाने में असमर्थ हैं तो मजबूरी में मग या जग से ऊपर की ओर पानी दरवाजे के ठीक सामने उछालकर गिरा दें।

✱मुख्य दरवाजे के ऊपर 'मछली का चित्र' भी बंद कारोबार को चलाने में बड़ी सहायता करता है।

✱उसके साथ ही फैक्टरी के मुख्य दरवाजे पर छोटे दर्पण, स्वस्तिक चिन्ह, घंटी, घूमती रंग-बिरंगी लाइट लगाएं। बंद कारोबार चल पड़ेगा।

✱फैक्टरी या व्यावसायिक स्थल के मुख्य दरवाजे के बाहर यदि लाल ईंटों को बिछाकर गोल रास्ता टेढ़ा-मेढ़ा बना दिया जाए तो कारोबार चल पड़ता है।

✱मुख्य दरवाजे के बाहर एक-एक (दोनों तरफ) या तीन-तीन अथवा पांच-पांच खिले हुए फूल के गमले रख दें।

✱यदि फैक्टरी के पास में कब्र, श्मशान, चर्च आदि हैं तो उस तरफ से फैक्टरी की दीवार ऊंची करवा दें, उस तरफ के खिड़की, दरवाजे बंद करवा दें।



# मेष लग्न में कौन-सा रत्न करें धारण और कौन-सा नहीं

**मूंगा रत्न :** मेष लग्न का स्वामी मंगल है। यहां मंगल लग्नेश और अष्टमेश बनता है। अष्टम भाव शुभ नहीं है किन्तु यहां मंगल लग्नेश भी है जिसके कारण मूंगा रत्न मेष लग्न के जातकों को धारण करना चाहिए। मूंगा रत्न, मेष लग्न के जातकों का जीवन रत्न है।

**हीरा रत्न :** हीरा रत्न का स्वामी शुक्र है और मेष लग्न में शुक्र दो स्थानों द्वितीय और सप्तम का स्वामी बन मारकेश बन जाता है। इसलिए मेष लग्न के जातकों को कभी भी हीरा रत्न धारण नहीं करना चाहिए।

**पन्ना रत्न :** मेष लग्न के लिए बुध तृतीय और षष्ठ भाव का अधिपति बनता है जिसके कारण बुध यहां शुभ नहीं होता इसलिए इस लग्न के जातकों को पन्ना नहीं धारण करना चाहिए।

**मोती रत्न :** चन्द्रमा मेष लग्न में चतुर्थ भाव का अधिपति होता है। केन्द्र का स्वामी बन चन्द्र शुभ ग्रह बन जाता है। यदि वह शुभ प्रभाव में हो तो चन्द्र की दशा में मोती रत्न धरण करने से माता का सुख, वाहन सुख, घर इत्यादि का सुख प्राप्त होगा।

**माणिक्य रत्न :** सूर्य पंचमेश बन अत्यंत ही शुभ ग्रह बन जाता है, इसलिए मेष लग्न के जातकों को माणिक्य रत्न धरण करना चाहिए। माणिक्य रत्न धारण करने से उत्तम विद्या, पुत्र सुख, आत्मबल, बुद्धि, हड्डियां मजबूत होंगी।

**पुखराज रत्न :** मेष लग्न में गुरू नवम और द्वादश भाव का स्वामी बन जाता है। नवम भाव का स्वामी बन गुरू योग कारक हो जाता है। इसलिएए गुरु की महादशा में पुखराज धारण करना चाहिए।

**नीलम रत्न :** शनि का रत्न नीलम है और मेष लग्न में शनि दशम और एकादश भाव का स्वामी बन जाता है। दशम का स्वामी शनि और मंगल का मित्रता संबंध भी है, इसलिए मेष लग्न के जातकों को शनि की महादशा में नीलम रत्न धारण करने का सुझाव दिया जाता है।

# छोटा प्रयास, पूर्ण होगी आस



✱कुछ छोटे-छोटे उपाय बड़े काम के हैं। ऐसा करने से कई प्रकार की समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ होने की मान्यता है, जैसे किसी देवी मंदिर में जाकर पांच मंगलवार ध्वज पताका फहराएं और आर्थिक समृद्धि की कामना करें। आपकी सभी इच्छाएं पूर्ण होंगी।

✱अगर धन की चाहत है तो मंगलवार के दिन तांबा, केसर, कस्तूरी, गेहूं, लाल गुलाब, शहद, लाल कनेर, लाल सिंदूर, लाल फूल, मसूर की दाल, लाल मूंगा, लाल मिर्च, लाल पत्थर आदि चीजों का दान करें। धीरे-धीरे धनागमन की व्यवस्था बनने लगेगी।

✱अमावस्या के दिन अच्छे से घर की सफाई करें। सुबह और शाम को गूगल की धूप से घर में खुशबू फैलाएं। वह लाल किताब का उपाय घर को बीमारी से दूर रखता है।

✱घर के अग्नि कोण में पानी की कोई टैंकी नहीं होनी चाहिए। यह जगह वास्तु शास्त्र से अग्नि देव की है। यहां आप लाल रंग का हमेशा बल्ब जला कर रखें।

✱एक तांबे के लोटे में जल लें और उसमें थोड़ा-सा लाल चंदन मिला दें। उस पात्र को अपने सिरहाने रखकर रात को सो जाएं। प्रात: उठकर सबसे पहले उस जल को तुलसी के पौधे में चढ़ा दें। ऐसा कुछ दिनों तक करें। धीरे-धीरे आपकी परेशानी दूर होती जाएगी। उत्तर दिशा में पानी रखना शुभ होता है।

✱आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए उत्तर में तिजोरी होनी चाहिए।

✱मोर पंख कई देवी-देवताओं से संबंधित है। इसे घर में रखना बहुत ही अच्छा माना जाता है। मोर पंख को घर के मंदिर में और बच्चों के कमरे में रखना चाहिए। इससे नैगेटिव एनर्जी उस जगह नहीं रह पाती है।

✱रोज पूजा में अन्य फूलों के साथ कमल के फूल का प्रयोग भी करना चाहिए। कमल का फूल मंदिर में रखने से घर में खुशी और शांति का माहौल बना रहता है। मंदिर में रोज बासी कमल हटाकर ताजा फूल ही रखें। इससे घर में ताजगी भरा माहौल रहता है, जो आपको अपने टार्गेट को प्राप्त करने में मदद करता है। महालक्ष्मी का ध्यान करके कमल पुष्प घर में या घर में बने मंदिर में रखें।

✱दरवाजे की चौखट पर अशोक के पत्तों से बनी बंदनवार लगानी चाहिए। अशोक के पत्ते घर में नैगेटिव एनर्जी को आने से रोकते हैं।

- ✱पूर्व, उत्तर, ईशान तथा पश्चिम के मध्य में अध्ययन कक्ष बनाया जा सकता है।
- ✱अध्ययन करते समय दक्षिण तथा पश्चिम की दीवार से सटाकर पूर्व तथा उत्तर की ओर मुख करके बैठें।
- ✱स्नानगृह में चंद्रमा का वास है तथा शौचालय में राहू का। शौचालय और बाथरूम एक साथ नहीं होना चाहिए अर्थात चंद्र और राहू का एक-साथ होना चंद्रग्रहण है। यदि ऐसा है तो वह गृह कलह का कारण बन जाएगा।
- ✱स्नानगृह की आंतरिक व्यवस्था में नल को पूर्व या उत्तर की दीवार पर लगाना चाहिए जिससे स्नान के समय मुख पूर्व या उत्तर दिशा में हो।
- ✱स्नान घर में वाश बेसिन ईशान या पूर्व में रखना चाहिए। गीजर, स्विच बोर्ड आदि अग्नि कोण में होना चाहिए। इन्हें स्नान गृह में दक्षिण पूर्व या उत्तर की दीवार में लगना चाहिए।
- ✱शयन कक्ष में सोते समय हमेशा सिर दीवार से सटाकर सोना चाहिए। पैर उत्तर या पश्चिम दिशा की ओर करके सोना चाहिए।





# आमिर खान का बेटा था इसलिए मिली महाराज

जुनैद खान ने खुलासा किया है कि अगर वे आमिर खान के बेटे नहीं होते तो शायद उन्हें फिल्म महाराज में काम नहीं मिलता। हालांकि जुनैद ने इस फिल्म के लिए ऑडिशन भी दिया था। हाल ही में उन्होंने अब तक के वर्क एक्सपीरियंस को शेयर किया। जुनैद ने यह भी बताया कि उन्होंने आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए ऑडिशन दिया था। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी कुछ हिस्सा आपको मिलता है, कुछ नहीं मिलता। यह सच है कि महाराज से पहले मैंने कुछ ऑडिशन दिए थे। वो उस वक्त नहीं हो पाया।' जुनैद ने आगे कहा, 'हां, पापा पहले इसके (लाल सिंह चड्ढा) बारे में बात कर चुके हैं। जब मैंने इसके लिए टेस्ट दिया था तब पापा को टेस्ट काफी पसंद आया था। लेकिन फिल्म के बजट की वजह से नए एक्टर के साथ वो फिल्म नहीं बन सकती थी। इस कारण उस फिल्म में मुझे काम करने का मौका नहीं मिला।'

## फिल्म महाराज से जुनैद ने किया बॉलीवुड डेब्यू

जुनैद खान ने फिल्म महाराज से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में जुनैद के अलावा जयदीप अहलावत, शालिनी पांडे और शरवरी जैसे सेलेब्स ने काम किया है। फिल्म की कहानी एक सेंसिटिव मुद्दे पर बेस्ड है, इसलिए इसे लेकर कॉन्ट्रोवर्सी भी हुई थी। इसके बाद ही फिल्म को थिएटर्स की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया।

## ऑडिशन का वीडियो देख आदित्य चोपड़ा ने फिल्म में कास्ट करने का मन बनाया

प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा ने जुनैद का एक साल पुराना ऑडिशन का वीडियो देखा था। जुनैद ने अपने पिता आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए ऑडिशन दिया था। आदित्य चोपड़ा को जुनैद का वो वीडियो काफी पसंद आया था। इसी के बाद उन्होंने जुनैद को फिल्म में लेने का मन बना लिया था। जुनैद ने कहा था, 'आदित्य सर ने मुझे बुलाया और महाराज की स्क्रिप्ट दी। उन्होंने कहा कि फर्स्ट हाफ पूरा पढ़कर सुनाओ। मैंने सुनाई तो उन्होंने ज्यादा कुछ रिएक्शन नहीं दिया। बस इतना कहा कि बढ़िया किए, चलो काम शुरू करते हैं।' जुनैद ने यह भी बताया था कि अभी उनके पास दो फिल्में पाइपलाइन में हैं। एक फिल्म वो अपने पिता आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ की एक्ट्रेस साई पल्लवी नजर आएंगी। इसके अलावा दूसरी फिल्म में वे खुशी कपूर के साथ दिखेंगे।



# मेरे पास घर के बैनर से लॉन्च होने वाला ऑप्शन ही नहीं था

बॉलिवुड में फिल्मी परिवारों से आने वाले एक्टर्स की लिस्ट में एक और नाम शामिल होने जा रहा है। यह नाम है अंजिनी धवन, जो जाने-माने फिल्म निर्देशक डेविड धवन के भाई अनिल धवन की पोती हैं। अंजिनी दादा-पोती के रिश्ते के बहाने पीढ़ीगत खाई जैसे जरूरी विषय पर बनी फिल्म बिन्नी और फैमिली से पर्दे पर दस्तक देने जा रही हैं।

**आपके दादा (चचेरे) डेविड धवन खुद इतने नामी निर्माता-निर्देशक हैं। कभी उनके बैनर से लॉन्च होने को लेकर चर्चा हुई या वरुण धवन की तरह पहले दूसरे मेकर्स का विश्वास जीतकर खुद को साबित करना चाहती थीं?**

सच कहूं, मेरे पास घर से लॉन्च होने वाला ऑप्शन ही नहीं था। मेरी फैमिली इस मामले में काफी सख्त है। उनका मानना यह है कि आपको जो हासिल करना है, खुद करना है तो ऐसा एक भी पल नहीं था, जब मैंने यह सोचा हो कि अरे, मैं तो घर के बैनर से लॉन्च हो जाऊंगी। अगर मेरे पास वो ऑप्शन होता ना, तो निश्चित तौर पर मैं सोचती, पर वह था ही नहीं। मैंने बचपन से यही माहौल देखा है कि मेरे दिमाग में यह ख्याल ही नहीं आया। उन्होंने मेरे डैड को लॉन्च नहीं किया, जब वह ऐक्टिंग करना चाहते थे। उन्होंने रोहित भैया (धवन) को लॉन्च नहीं किया। वरुण भैया को नहीं किया तो वही बात मेरे पर भी लागू होती है।

**फिल्म में आप पंकज कपूर, जो खुद ऐक्टिंग के इंस्टीट्यूशन हैं, के साथ काम कर रही हैं। राजेश कुमार आपके पिता बने हैं। उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा उनसे क्या सीखा?**

असल में राजेश सर मेरे पापा (सिद्धार्थ धवन) के बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों साथ में काम भी कर चुके हैं। यह मुझे अपने लुक टेस्ट के दिन पता चला। वे दोनों एक दूसरे से जिस गर्मजोशी से मिले, मैं थोड़ी हैरान थी, मगर उस वजह से मैं उनके साथ काफी सहज हो गई। पंकज जी वाकई ऐक्टिंग के संस्थान हैं। मैं खुद को बहुत लकी मानती हूं कि मुझे पहली ही फिल्म में उनके साथ काम करने को मिला। वह हमेशा मेरी पहली फिल्म के को-स्टार पंकज रहेंगे, जो बहुत स्पेशल बात है। मैंने देखा कि वह कभी अपने या खुद की परफॉर्मेंस के बारे में उतना नहीं सोचते। वह सीन को बेहतर बनाने के बारे में ज्यादा सोचते हैं और सबका पार्ट देखते हैं। सिर्फ अपने सीन की नहीं सोचते और यह एक चीज है जो मैं खुद भी करना चाहूंगी।

**आपके फिल्मों में आने के साथ ही आपके साथ एक और स्टारकिड वाला टैग जुड़ चुका है। इस पर काफी चर्चा भी हुई है कि आप लोगों को आसानी से फिल्में मिल जाती हैं। आप इस स्टारकिड टैग के फायदे-नुकसान क्या मानती हैं?**

इस टैग का नुकसान यह है कि मैं चाहे जितनी भी मेहनत करूं, हमारे बारे में लोगों की यही सोच होगी कि ये फिल्म फैमिली से है, तो इनके लिए बहुत आसान रहा होगा। यह जजमेंट निश्चित तौर पर एक नुकसान है। वहीं, फायदा यह है कि मुझे किसी भी सलाह की जरूरत हो तो मैं काफी अनुभवी लोगों को फोन करके पूछ सकती हूं। मैं वरुण भैया को पूछ सकती हूं कि आपको क्या लगता है।

**आपके घर में इतने एक्टर्स-डायरेक्टर हैं। आप किससे सलाह-मशविरा करती हैं?**

मैं सबके अनुभवों का बहुत फायदा उठाती है। जब पीआर और मार्केटिंग की बात होती है तो मैं वरुण भैया से पूछती हूं, क्योंकि वह उसमें काफी अच्छे हैं। उन्होंने मुझे कहा कि बस कॉन्फिडेंट रहो और अपने काम के प्रति ईमानदार रहो, सब ठीक होगा। जब कोई स्क्रिप्ट की बात होती है तो मैं अपने डैड या रोहित (डायरेक्टर रोहित धवन) भैया से पूछती हूं। अपने सारे ऑडिशन मैं दादा से अप्रूव कराती हूं तो निश्चित तौर पर सबसे थोड़ा-थोड़ा मार्गदर्शन लेती हूं।



# इस निर्देशक के साथ पहली फिल्म करना चाहती थीं शरवरी, शॉर्टलिस्ट हो गई...

शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी वाईआरएफ की जासूसी फिल्म अल्फा को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। शरवरी इन दिनों आलिया भट्ट के साथ फिल्म अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह अपनी हालिया फिल्म मुंजा, महाराज और वेद की सफलता का भी आनंद ले रही हैं। शरवरी ने कबीर खान की द फॉरगॉटन आर्मी- आजादी से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उससे पहले, उन्होंने संजय लीला भंसाली की बाजीराव मस्तानी में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। हाल ही में, उन्होंने खुलासा किया कि वह अपनी पहली फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ करना चाहती थीं, लेकिन फिल्म में सेलेक्ट होने के बावजूद भी कुछ ऐसा हुआ कि अपनी पहली फिल्म संजय के साथ नहीं कर पाईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान शरवरी ने खुलासा किया कि वह रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म बाजीराव मस्तानी में सहायक निर्देशक बन गईं, जब वह फिल्म निर्माता द्वारा निर्मित एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गईं तो कुछ ऐसा हुआ, जो उन्होंने कभी सोचा नहीं था। शरवरी ने कहा, मुझे संजय सर के प्रोडक्शन हाउस के साथ एक फिल्म करनी थी। मैंने इसके लिए ऑडिशन दिया था और शॉर्टलिस्ट हो गई थीं लेकिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं और फिल्म को नहीं बनाया गया। इस तरह से मिला संजय के साथ काम करने का मौका शरवरी ने कहा, कुछ तकनीकी कारणों से उस फिल्म पर थोड़ा विराम लग गया। उन्हें कुछ सोचना पड़ा और स्क्रिप्ट पर फिर से काम करना पड़ा। आगे शरवरी ने कहा, उस दौरान, जब संजय ने उनसे पूछा कि क्या वह उनकी सहायता कर सकती है। उसने बताया कि बाजीराव मस्तानी भी निर्माण में थी और शरवरी ने बाजीराव मस्तानी में इंटर्नशिप करने की इच्छा व्यक्त की। फिर क्या संजय सहमत हो गए और उन्हें अपनी फिल्म बाजीराव मस्तानी में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। काम की बात करें तो शरवरी इन दिनों आलिया भट्ट के साथ शिव रवैल की अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। अल्फा वाईआरएफ की एक्शन ड्रामा जासूसी फिल्म है। जो कथित तौर पर 2025 में सिनेमाघरों हो सकती हैं। दोनों ने हाल ही में कश्मीर शेड्यूल पूरा किया और सेट से तस्वीर साझा की।



# कपिल शर्मा के शो में करण जौहर ने कहा, उन्हें रातों को नींद नहीं आती

फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का निर्देशन करने वाले बॉलीवुड फिल्म मेकर करण जौहर ने कहा कि वह नींद न आने की समस्या से पीड़ित हैं। फिल्म निर्माता, अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ स्ट्रीमिंग कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में दिखाई दिए, जहां उन्होंने शो में खूब मस्ती की। शो के एक सेगमेंट के दौरान, कपिल ने कहा कि अक्सर ऐसा होता है कि अगर लोग अपने सामान्य समय से पहले बिस्तर पर चले जाते हैं, तो उन्हें नींद आने में मुश्किल होती है, उन्होंने आलिया से पूछा कि क्या उनके साथ भी ऐसा कुछ होता है। करण जौहर ने बीच में टोकते हुए कहा कि उन्हें सोने में परेशानी होती है, इससे पहले उन्होंने कहा कि मैं आसानी से नहीं सो पाता, न खुद के साथ न किसी और के साथ। हाल ही में करण जौहर ने डॉटर्स डे मनाते हुए अपने इंस्टाग्राम पर अपने बच्चों यश और रूही के साथ इस खास दिन पर एक रील वीडियो शेयर की। वीडियो में करण फ्रेम से बाहर हैं,वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं , हम डॉटर्स डे और संस डे मना रहे हैं, इस मौके पर यश और रूही के नाम वाला चॉकलेट केक जुड़वा बच्चों के सामने रखा गया है। रूही ने करण के बाद कहा, कि मैं चाहती हूं कि आप हर दिन मेरे डैडी रहो। करण ने कैप्शन में लिखा, समानता एक ऐसी चीज है, जिस पर मैं बहुत दृढ़ता से विश्वास करता हूं और जिसे मेरी मां ने मुझे सिखाया है। मेरे पिता भी महिलाओं का सम्मान करते थे। चाहे वे सशक्तिकरण को पूरी तरह से समझ या व्यक्त करने में सक्षम न हों, लेकिन उनके कार्यों ने उनकी मूल मान्यताओं को दोहराया।

# नितांशी ने खास अंदाज में किया किरण राव का शुक्रिया

फिल्म लापता लेडीज को भारत की तरफ से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में ऑस्कर अवॉर्ड्स में भेजा जा रहा है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इसका एलान किया, जिसके बाद किरण राव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया। लापता लेडीज को ऑस्कर में भेजे जाने की खबर से फिल्म के सितारे बेहद खुश हैं। इस फिल्म में फूल कुमारी का किरदार अदा करने वाली नितांशी ने किरण के पोस्ट पर कमेंट कर उनका शुक्रिया अदा किया है। नितांशी ने लिखा है, किरण मैम आपने तो बहुत सपने पूरे कर दिए, मैं अब भी सोच रही हूं कि क्या यह सच है। किरण राव ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।





# ये हैं दिलजीत दोसांझ की आने वाली फिल्में, 2026 तक के लिए तैयार रहे दर्शक

दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने म्यूजिक टूर 'दिल-लुमिनाती के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। विदेशी जमीन पर परफॉर्म करने के बाद अब वो भारत में परफॉर्म करने वाले हैं। इस टूर के भारतीय चरण की शुरूआत 26 अक्टूबर को नई दिल्ली से होगी। उसके बाद वो हैदराबाद, पुणे, कोलकाता, अहमदाबाद और लखनऊ में भी प्रस्तुति देंगे। शो के टिकट के महंगे दाम को लेकर कई लोगों ने उन्हें ट्रोल भी किया है। खैर, अपनी संगीत की दुनिया के अलावा दिलजीत अपनी अभिनय वाली दुनिया को लेकर भी चर्चा में हैं। आने वाले दिनों में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली है।

## बॉर्डर 2

दिलजीत दोसांझ की आने वाली सभी फिल्मों में से उनके प्रशंसकों को बॉर्डर 2 का सबसे ज्यादा इंतजार है। इस फिल्म में वो सनी देओल के साथ दिखेंगे। दिलजीत ने इस जानकारी को साझा करते हुए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा था कि पहली गोली दुश्मन चलाएगा और आखिरी गोली हम! दिलजीत के प्रशंसक उन्हें दुश्मनों पर वार करते हुए देखेंगे। इस फिल्म का पहला भाग 1997 में रिलीज हुआ था। बॉर्डर 2 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## नो एंट्री

कॉमेडी फिल्म नो एंट्री के दूसरे भाग नो एंट्री 2 में भी दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। इसमें वो लोगों को गुदगुदाते हुए दिखेंगे। लोग वैसे भी दिलजीत के कॉमेडी अवतार को काफी पसंद करते हैं। उनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन और अर्जुन कपूर भी काम करेंगे। फिल्म का निर्माण बोनी कपूर कर रहे हैं और अनीस बज्मी इसे डायरेक्ट करेंगे। इसका पहला भाग 2005 में रिलीज हुआ था।

## सरदार जी 3

सरदार जी एक पंजाबी हॉरर कॉमेडी फेंचाइजी है। दिलजीत दोसांझ ने जुलाई 2024 में इस फिल्म का एलान किया था। इसे 27 जून, 2025 को रिलीज किया जाएगा। इसका पहला भाग 2015 में आया था, जिसमें दिलजीत और नीरू बाजवा की हिट जोड़ी दिखी थी। दूसरा भाग 2016 में आया था। इसमें सोनम बाजवा, मोनिका गिल, जसविंदर भल्ला और यशपाल शर्मा समेत कई कलाकारों ने काम किया था। सरदार जी 3 का निर्माण व्हाइट हिल स्टूडियो के गुणबीर सिंह सिद्धू और मनमोर्द सिद्धू स्टोरी टाइम प्रोडक्शंस के साथ मिलकर करेंगे।

## रन्ना च धन्ना

दिलजीत दोसांझ एक और पंजाबी फिल्म रन्ना च धन्ना में दिखेंगे। इसमें उनके साथ सोनम बाजवा और शहनाज गिल भी काम करेंगी। तीनों को इससे पहले 2021 में आई फिल्म हौसला रक्ख में एक साथ देखा गया था। रन्ना च धन्ना के पोस्टर को हाल ही में जारी किया गया है। इसकी रिलीज डेट से भी परदा उठा दिया गया है। फिल्म 2 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगी।

# करीना ने की लापता लेडीज की तारीफ, ऑस्कर 2025 के लिए दी शुभकामनाएं

अभिनेत्री करीना कपूर ने हाल ही में 'लापता लेडीज' के ऑस्कर 2025 में आधिकारिक प्रस्तुति पर शुभकामनाएं दी हैं। करीना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी साझा की। स्टोरी साझा करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'महान कहानियों को महान पहचान मिलनी चाहिए। अभिनेत्री ने पूरी टीम को बधाई दी और लिखा, 'आप लोगों के लिए बहुत खुश हूं'। निर्देशक किरण राव ने बाद में इंस्टाग्राम पर एक नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस सफलता के लिए पूरी टीम को श्रेय दिया।



## ब्रीफ न्यूज

### तीनों विकासखण्डों में ग्रामवार शिविर आयोजित

**हरदा।** नेशनल फिशरीज पोर्टल पर मत्स्योद्योग विभाग से संबंधित सभी हितग्राहियों प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा लाभार्थी, विभागीय दुर्घटना बीमा लाभार्थी व अन्य सभी योजनाओं के लाभार्थी तथा भविष्य में लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों को पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि लाभार्थियों की सुविधा के लिये तीनों विकासखण्डों में ग्रामवार शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि ये शिविर 29 सितम्बर को जोगा कलॉ व छीपानेर, 1 अक्टूबर को मांदला, 3 अक्टूबर को हंडिया, 4 अक्टूबर को पोखरनी, 7 को सिराली, 9 को हरदा, 11 को टिमरनी तथा 14 अक्टूबर को खिरकिया में प्रातः 11 बजे से आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के लिये लाभार्थी का आधार कार्ड, बैंक पास बुक एवं आधार व बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नम्बर आवश्यक है।

### छात्रों को शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**हरदा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार नियमित इंडस्ट्री इंटरेक्शन सेमिनार आयोजित किये जा रहे हैं ताकि जिससे छात्रों को ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार और स्टार्ट अप की और बढ़ावा मिल सके। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि गुरूवार को प्रेरण कार्यक्रम के तहत शहर के उद्योगपति धवल अग्रवाल ने छात्रों को स्टार्ट-अप और शासन के द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया।

### गुल्लास उचित मूल्य दुकान हेतु 6 अक्टूबर तक करें आवेदन

**हरदा।** जिला आपूर्ति अधिकारी हरदा ने बताया कि टिमरनी अनुविभाग ग्राम पंचायत गुल्लास के लिये खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा उचित मूल्य की दुकान आवंटन के लिये ऑनलाइन आवेदन 27 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक आमंत्रित किये गये है। उन्होने बताया कि इसके लिये उपभोक्ता सोसाइटी, विपणन सोसाइटी, उत्पादक सोसाइटी, संसाधन सोसाइटी तथा बहुप्रयोजन सोसाइटी के साथ-साथ महिला स्वसहायता समूह अपने क्षेत्र में तथा संयुक्त वन प्रबन्धन की समितियां आवेदन कर सकती है। यह आवेदन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की वेबसाइट राशन मित्र पर किये जा सकते है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एसएन कॉलेज में स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता पर कार्यशाला का आयोजन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को एसएन कॉलेज में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई, जिसके बाद चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता महोदय डॉ. संजय कुमार दादू,




सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत टी. पवार, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सपना महेशराम, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका बोरदिया, और सामुदायिक चिकित्सा विभाग के नितिन नायक एवं माया बैगा ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए




रखने के विभिन्न तरीकों, जैसे नियमित हाथ धोने, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई की आदतों के बारे में बताया। इसके बाद नगर निगम की आईईसी टीम ने डीटीडीसी गेम के माध्यम से छात्रों को चार-बिन प्रणाली (गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा और ई-वेस्ट) के बारे में विस्तार से समझाया। इस गतिविधि में छात्रों की भागीदारी अत्यधिक उत्साही रही, और विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों ने स्वच्छता की शपथ ली, जिसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस कार्यशाला में नगर निगम से झोन प्रभारी भुवन श्रीमाली, अजय पटेल और आईईसी टीम के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यशाला स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में स्वच्छता की आदतों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सफल प्रयास रही।

# शासकीय चांवल की खरीदी करने वालों को जेल की हवा खाना पड़ेगी: जिलाधिकारी सिंह

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में जगह-जगह फड व्यापारियों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए शासकीय योजनाओं से मिलने वाले राशन की कालाबाजारी में स्थानीय प्रशासन की सांठगांठ है क्योंकि फड व्यापारियों पर कार्यवाही का अधिकार मंडी प्रशासन ओर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग का अधिकार है डी एस चौहान ने बताया कि हरदा जिले में लंबे समय से शासकीय योजनाओं का चांवल चार पहिया वाहन से बैतूल चिचोली पिपरिया जा रहा है कुछ वेयरहाउस में भी शासकीय चांवल का स्टाक करके बारह चक्के वाहनों से बाहर भेजा जा रहा है ये कारोबार एक निश्चित राशि पर हरदा मुख्यालय से लेकर रहटगांव, टेमागांव, करताना, छीपाबड,' चारुवा, मोरगढ़ी, खिरकिया, टिमरनी में चल रहा है। जगह-जगह बैखौफ खरीदी की जा रही है हरदा जिले में भी साई मंदिर के पास से चांवल की फुटकर खरीदी होकर बड़े वाहनों से परिवहन हो रहा है लेकिन स्थानीय खाद्य विभाग मंडी प्रशासन की मौन स्वीकृति से कारोबार जोरों पर चल रहा है। कुछ पिंक अप वाहनों से भी सीधी खरीदी हो रही है जो चिचोली बैतूल से आ रही है

हरदा मुख्यालय सहित टिमरनी रहटगाव सोडलपुर खिरकिया हंडिया टेमागाव करताना में फड व्यापारियों सीधे



शासकीय गेहूं चावल खरीदी कर रहे हैं। लेकिन हरदा जिलाधिकारी श्री सिंह ने स्पष्ट किया है ऐसे व्यापारियों के यहा खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग छापामार कार्यवाही करेगा और जब्ती के साथ ही अपराधिक प्रकरण दर्ज करेगा वेयरहाउस में की जायेगी पुलिस भी ऐसे वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई करेगा । हरदा जिलाधिकारी श्री सिंह को संज्ञान लेते हुए हरदा जिले में चल रही शासकीय योजनाओं की खरीदी ओर परिवहन पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करना चाहिए।

### अपात्र पर्ची वाले सीधे बेच रहे हैं राशन

हरदा जिले में काफी मात्रा में भी पी एल कार्ड ओर पात्रता पर्ची में नाम दर्ज है क्योंकि शासकीय योजनाओं में लाभ लेने के लिए राजनीतिक दलालों के माध्यम से हजारों कार्ड अपात्र लोगों के बना दिये गये जिसके चलते खुले आम जगह-जगह फड व्यापारियों ने शासकीय योजनाओं का चांवल खरीदी कर रहे हैं पूर्व में कुछ कार्यवाही हुई थी खिरकिया हरदा रहटगाव में हुई थी लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी ने सेटिंग के चलते कार्रवाई शून्य कर दी है टिमरनी सिराली हरदा से बारह चक्के वाहनों से बगैर एन ओ सी से कैसे शासकीय चावल जा रहा है जबकि हरदा जिले में मंडी निरीक्षक दल समय-समय पर चैकिंग करता है।



### "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में दिलाई स्वच्छता की शपथ

सत्ता सुधार ■ खंडवा

''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत श्री भगवंत राव मण्डलोई कृषि विज्ञान केंद्र खण्डवा में स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिया गया। उपनिदेशक श्रीमती तारा पारगी के निर्देशन में स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवेश को स्वच्छ रखे और राष्ट्रीय प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डी.के. वाणी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. वाय.के. शुक्ला, डॉ. एम.के. तिवारी सहित नेहरू युवा केन्द्र खंडवा के ग्राम जल कुआं के मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पंवार आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कृत करने वालों दरिंदे के खिलाफ सेन समाज ने सौंपा ज्ञापन



### फास्ट्रेक कोर्ट में शीघ्र फांसी की सजा दिलाये जाने की मांग की

सत्ता सुधार ■ सीहोर

मध्यप्रदेश के हरदा जिले के छिपावड़ गांव में सेन समाज की 5 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कृत्य करने वाले दरिंदे के खिलाफ सीहोर के सेन समाज ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से सेन समाज ने कहा कि आजकल छोटी-छोटी बच्चियों के खिलाफ दुष्कृत्य और यौन अपराध काफी बढ़ गए हैं और समय पर उचित तथा कड़ी कार्यवाही ना होने से ऐसे अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं । सेन समाज ने राज्यपाल से इस घटना के दोषी सहित ऐसे सभी अपराधियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाए जाने और ऐसे अपराधियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जावे। ताकि भविष्य में कोई भी अन्य व्यक्ति ऐसा करने का दुस्साहस ना कर सके और मासूम बच्चियों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके । ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से राजेंद्र सेन, अनिल सेन, विनोद सेन, मनोज सेन, मोहित सेन, आनंद वर्मा, रमन वर्मा, देशराज मेवाड़ा, राजेश मेवाड़ा, बब्लु सेन, मेहरवान मेवाड़ा, देवराज सेन सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित रहे ।

### पूर्व पार्षद देवेन्द्र अहिरवार की माताजी शांति देवी अहिरवार के निधन पर सेवादल कांग्रेस ने दी श्रद्धांजली

**सीहोर।** स्वर्गीय गेंदालाल अहिरवार की धर्म पत्नि एवं पूर्व पार्षद देवेन्द्र अहिरवार, प्रमोद अहिरवार, वीरू अहिरवार, डॉ.राजकुमार अहिरवार की माताजी शांति देवी अहिरवार के अनायस निधन पर सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष तत्कालीन पार्षद नरेन्द्र खंगराले दलित नेता ने मुरली शमशान घाट के पास शोकसभा का आयोजन कर पुष्प अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शांतिदेवी अहिरवार के देवलोक गमन पर मृतक आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने एवं उनकी माताजी को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे इस हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मीनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुज्य सकल जाटव अहिरवार समाज के समस्त वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शहरवासियों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी एक करोड़ की सौगात

सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहरवासियों को नियमित रूप से पेयजल की सप्लाई हो इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा प्रयास किए जा रहे है, शुक्रवार को शुगर फैक्ट्री के समीपस्थ अमृत योजना-2.0 के अंतगज़्त करीब 16 लाख क्षमता की पानी टंकी निर्माण के भूमि पूजन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि




शहरवासियों को एक दिन छोड़कर पानी की पूर्ति की जा रही है। लेकिन अमृत-2 मिशन के तहत बनने वाली आधा दर्जन से ज्यादा पानी की टंकियों और करीब 105 किमी लंबी पेयजल पूर्ति लाइन बिछने के बाद 20 सालों तक क्षेत्रवासियों को नियमित भरपूर पानी की सप्लाई होने लगेगी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार करीब एक करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली पेयजल टंकी से पांच से अधिक वार्ड के लोगों को पेयजल की पूर्ति की जाएगी। इसमें वार्ड क्रमांक 24, 25, 18, 19 और 32 शामिल है। भूमि पूजन के दौरान बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे। बाल विहार मैदान पर नई टंकी बनने के साथ ही अन्य जगहों पर भी टंकियां बनाई जाएंगी। इनमें शुगर फैक्ट्री चौराहा, गंज मोहल्ला, बढियाखेड़ी, मंडी, हाउसिंग बोर्ड, कलेक्ट्रेट एरिया शामिल है।

अमृत-2 योजना में 7 टंकियां बनाई जा रही हैं। इससे स्टोरेज क्षमता 60 फीसदी बढ़ जाएगी। इसी तरह 105 किमी लंबी पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। इससे अब प्रति व्यक्ति 100 की जगह 135 लीटर पानी दिया जा सकेगा। इन टंकियों के बन जाने से शहर की पानी की समस्या काफी हद तक सुलझ जाएगी। अभी 6 बड़ी पानी की टंकियां हैं। इसके अलावा 3 छोटी टंकियां हैं। प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन अभी 100 लीटर प्रतिदिन ही मिल पा रहा है। गत दिनों अन्य क्षेत्रों में भी नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा भूमि पूजन किया गया है। बाल विहार में 20 लाख लीटर क्षमता की टंकी बनेगी, बाल विहार मैदान पर बनी पानी की टंकी को गिराया जाएगा। यह टंकी करीब 40 साल पुरानी है। इस टंकी को गिराकर इसकी जगह नई 16 लाख लीटर क्षमता की टंकी तैयार की जाएगी। अभी 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी है। इसलिए 6 लाख लीटर क्षमता बढ़ जाएगी। इस मौके पर पूवज़् नगर पालिका अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, रमाकांत समाधिया भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति जल सभापति संतोष शाक्य, अजय पाल, मुकेश मेवाड़ा, प्रदीप बिजोरिया, नरेन्द्र राजपूत, प्रदीप गौतम, भाजपा नेत्री प्रेम लता राठौर, अर्जुन राठौर, गोपाल सोनी, सुरेश सोनी, राजेश परिहार के अलावा नगर पालिका रमेश वर्मा और क्षेत्रवासी आदि शामिल थे।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव जलवा के पगलिया सजाओ प्रतियोगिता

सत्ता सुधार ■ सीहोर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अग्रवाल समाज के तत्वाधान में शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में महाराज अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



इसके अंतर्गत शुक्रवार की दोपहर में जलवा पूजन के पगलिया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ विवाहित महिलाएं शामिल रही। इसके अलावा शाम को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में आधा दर्जन बालक शामिल रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रसेन जयंती महोत्सव के मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को महोत्सव के चौथे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे। इसमें दोपहर में पगलिया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ विवाहित महिलाएं शामिल रही। इसके अलावा शाम को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में आधा दर्जन बालक के अलावा महिलाओं के लिए लक्की गेम और रात्रि को तत्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही शनिवार को सभी विवाहित महिलाओं के लिए दो बजे से साढ़े तीन बजे तक श्रवण बनाओ प्रतियोगिता और रात्रि को बच्चों की फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि जलवा के पगलिया सजाओ प्रतियोगिता में निधि मोहित, प्राची गगन मित्तल और अंकीता हर्षवर्धन अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन किया।



### राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

**हरदा।** विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरदा में अध्ययनरत् छात्र देवप्रताप, लाभ मुकाती, युविक डांगा, आराध्य द्वारा संभाग स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत अर्जित की।मुकेश गुर्जर ने बताया कि जिसके फलस्वरूप समस्त छात्रों का चयन राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल में अध्ययनरत छात्रों को मिली उपलब्धि पर शाला के संस्थापक डॉ. रामकिशोर दोगने, प्राचार्य श्रीमती चंद्रलेखा रेड्डी, कोच गौतम विश्वकर्मा, मुकेश गुर्जर, सुनील विश्वकर्मा एवं समस्त शाला परिवार द्वारा छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

## सोयाबीन उपार्जन हेतु बनाये 33 किसान पंजीयन केन्द्र

सत्ता सुधार ■ हरदा

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन उपार्जन की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया है। सोयाबीन उपार्जन के लिये किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन प्रारंभ हो गया है। किसान सोयाबीन विक्रय के लिये आगामी 20 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन पंजीयन कराने के लिये जिले में 33 पंजीयन केद्र स्थापित किये गये है। इन पंजीयन केन्द्रों में तहसील हरदा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति रुपी परेटिया, बालागांव, भोनखेड़ी, गहाल, मसनगांव, पलासनेर व अबगांव खुर्द,



तहसील हंडिया अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नीमगांव, सोनतलाई, अबगांव कलॉ, हंडिया व नान्दरा, तहसील टिमरनी अंतर्गत सेवा सहकारी समिति तजपुरा, छिदगांव मेल, रूदलाय, गोदागांव खुर्द व पोखरनी, तहसील रहटगाँव अंतर्गत सेवा सहकारी समिति रहटगांव, सोडलपुर, टेमागांव, आलमपुर, रवांग व मनियाखेड़ी, तहसील खिरकिया अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मांदला, मोरगढ़ी, धनवाड़ा व बारंगा तथा तहसील सिराली अंतर्गत सेवा सहकारी समिति पीपल्या, रहटा कलॉ, सोमगांव कलॉ, दीपगांव कलॉ, सिराली व बेड़िया कलॉ द्वारा पंजीयन कार्य किया जा रहा है।

उप संचालक श्री यादव ने किसानों से अनुरोध किया है कि निर्धारित समयावधि में खरीफ वर्ष 2024 विपणन वर्ष 2024-25 में पंजीयन केंद्र पर आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, खसरा नकल एवं बैंक पासबुक लेकर उपस्थित होवे। उन्होने अनुरोध किया है कि, पंजीयन कराने के बाद पंजीयन में बैंक खाता नंबर एवं आईएफएससी कोड अवश्य जाँच कर लें।

# शहर की तर्ज पर गांव-गांव दौडेंगी कचरा संग्रह करने की गाड़ियां, विधायक सुदेश राय ने हरी झंडी

सत्ता सुधार ■ सीहोर

अब सीहोर विधानसभा क्षेत्र में शहर की तर्ज पर गांव-गांव में कचरा संग्रह करने के लिए वाहन चलाए जाऐंगे। इसकी शुरूआत विधायक कार्यालय में विधायक सुदेश राय ने श्यामपुर पंचायत के लिए कचरा वाहन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक श्री राय यहां पर मौजूद बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों को संबोधित करते सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि आइए, इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता




बढ़ाएं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा देश में अभियान जारी है।

स्वच्छ भारत मिशन को लेकर कचरा वाहन शुरू किया गया है. इसके तहत अब आगामी दिनों ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रह की गाडियों का संचालन शुरु किया गया है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को ग्राम पंचायत श्यामपुर से की गई है. इसका उद्देश्य शहर की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे के सही प्रबन्धन और गांव को सुंदर स्वच्छ बनाना है. कचरा संग्रह गाडियों में गीला और सूखा दोनों तरह के कचड़े का संग्रह किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए लोग अवेयर हो सकें और कचरे को लाभ का सौदा बना सकें। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल ने बताया कि आगामी दिनों में एक दर्जन से अधिक कचरा वाहन चलाए जाऐंगे। वहीं श्यामपुर पंचायत के सचिव मुकेश पाटीदार ने बताया कि कचरा संग्रह वाहन ग्राम पंचायत द्वारा चलाया जाएगा, जिनका सम्पूर्ण प्रबंध पंचायत के माध्यम से किया जाएगा। वहीं वाहन के ईंधन और खचोज़् के व्यय की बात करें तो इसका व्यय ग्राम पंचायत कचरा संग्रह जैसे आय के गेंत से वहन करेंगी। इस मौके पर विधायक श्री राय के द्वारा ग्राम पंचायत श्यामपुर के सरपंच नवीन चौहान, ब्लाक समन्वयक बृजमोहन मालवीय के अलावा क्षेत्र के पंच आदि शामिल थे।

## ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप से लौटने पर महाविद्यालय के अंडर ऑफिसर रितेश यादव का किया स्वागत

सत्ता सुधार ■ खण्डवा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा के प्राचार्य डॉ. जी.पी. दावरे एवं समस्त स्टाफ और एन.सी.सी. कैडेट्स व एन.एस.एस. के छात्रों द्वारा ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप दिल्ली में अपना बेहतर प्रदर्शन कर लौटने व भारतीय सेना में चयनित होने पर अंडर ऑफिसर रितेश यादव का स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि किस प्रकार किसी भी कार्य के प्रति हमें धैर्य रखना चाहिए और खुद को किस प्रकार शिक्षा एवं खेल और अपने



लक्ष्य के प्रति विकसित करें और स्वयं को प्रेरित रखें और भविष्य में आने वाली चुनौतियां से अवगत कराया व बताया कि किस प्रकार उनका सामना किया जा सकता है।

महाविद्यालय के सीनियर विंग केयरटेकर शर्मिला मीणा व सीनियर डिवीजन के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट एस.एस. डावर द्वारा अंडर ऑफिस रितेश यादव को हर्ष के साथ शुभकामनाएं दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अंडर ऑफिसर सरोज कास्डे, अंजली पटेल, समीक्षा मिश्रा, सोनम यादव, सुनिधि प्रजापति एवं सीनियर अंडर अफसर रितेश सोलंकी, अंडर ऑफिसर करणराज परदेसी, विशाल तिवारी, सार्जेंट जितेंद्र कास्डे , नीरज पटेल शिवम सोलंकी एवं भारत राठौड़ ने भी अंडर ऑफिसर रितेश यादव को बधाई एवं अग्निवीर में चयनित होने पर शुभकामनाएं दीं।

## ब्रीफ न्यूज़

### दुष्कर्म पीड़ित नाबालिक को उपचार के लिए कलेक्टर से शिकायत

**मुरैना।** पोरसा जनपद के नगरा थाना अंतर्गत कीचोल गांव में एक 36 वर्षीय आरोपी द्वारा 9 वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म किए जाने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती होने पर उसकी उचित देखभाल हुआ उपचार नहीं किया जा रहा। इस मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव मनोज सेमिल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर उसे उचित इलाज व सुरक्षा देने की मांग की, वहीं जिला कलेक्टर से भी इस मामले में शिकायत की गई है।

### अवैध रूप से डीजल बेचने पर कार्यवाही, 10 ड्रम डीजल जप्त

**कैलारस।** कैलारस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हटीपुरा में अवैध रूप से डीजल पेट्रोल का अवैध भंडारण करने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा 10 ड्रम डीजल जप्त किया गया है। एसडीम बीरेंद्र कटारे एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी जितेन्द्र राजावत, पटवारी की टीम बनाकर कार्यवाही की। लम्बे समय से शिकायतें आ रही थी कि सड़क के किनारे अनेक लोग अवैध रूप से दुकान खोलकर वर्षो से डीजल बेचने का कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान 10 ड्रम डीजल जप्त किया गया है।

### जिले में 951.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**मुरैना।** जिले में 01 जून से 27 सितम्बर, 2024 तक 951.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत वर्षा से 244.9 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। जबकि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 309.3 मिलीमीटर वर्षा अधिक हुई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 642.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 27 सितम्बर तक सर्वाधिक 1110 मिलीमीटर वर्षा जौरा में दर्ज की गई है। पोरसा में 1093, मुरैना में 989.6, सबलगढ़ में 922.5, अम्बाह तहसील में 807 और कैलारस में 789 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। शुक्रवार को सर्वाधिक 5.0 मिलीमीटर वर्षा अम्बाह में दर्ज की गई है।

### सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही बरतनें पर 38 अधिकारियों का वेतन काटा

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना द्वारा जिले के अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान समस्त अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये गये थे कि सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शासन द्वारा निर्धारितसमय-सीमा में समाधान करके निराकरण करें। लेकिन इसके बावजूद भी अधिकारियों द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर माह अगस्त की रिपोर्ट के अनुसार प्राप्तशिकायतों का निर्धारित अवधि में निराकरण नहीं किया गया, जिससे अनिरा.त शिकायतें (अनअटेंडेड शिकायते) उक्त अधिकारी के लेवल से उच्च लेवल पर बिना किसी कार्यवाही के स्थानांतरित हो गई। जिसके कारण सीएम हेल्पलाइन निराकरण में मुरैना जिले की ग्रेडिंग भी प्रभावित हुई है। इस स्थिति को देखते हुये अधिकारियों का यह कृत्य शासकीय कार्यो के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है जो कि म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के तहत् कदाचरण की श्रेणी में आता है।

# पुलिस की मिली भगत से संचालित हो रहे जुए के फड़

## प्रतिदिन होता है लाखों रुपए का जुआ, वीडियो हुआ वायरल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के कुछ थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मचारियों की मिली भगत से लाखों रुपए का जुआ फड़ के माध्यम से प्रतिदिन हो रहा है और खेतों में नदी तालाबों के किनारे खुलेआम चल रहा है, लेकिन खाकी वर्दी को यह अवैध कारोबार दिखाई नहीं दे रहा। जुआ का फड़ संचालित करने वालों द्वारा पुलिस कर्मचारियों से मिली भगत करके इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है, जिसमें मुरैना जिले के ही नहीं धौलपुर एवं आसपास के जुआरी भी लाखों रुपए लेकर जुआ खेलने के लिए आते हैं। ऐसा ही एक ताजा वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ है यह वीडियो कैलारस थाना क्षेत्र के बिलगांव क्वांरी का बताया जा रहा है। जहां तालाब के किनारे चादर बिछाकर एक दर्जन के लगभग जुआरी जुआ खेलते नजर आ रहे हैं और पुलिस पर निगाह रखने के लिए चारों ओर लोग खड़े हुए हैं। जिले के कई पुलिस थाना क्षेत्र में जुआ का कारोबार आज भी संचालित हो रहा है तथा तत्कालीन पुलिस अधीक्षकों के द्वारा ऐसे मामलों में दूसरे थानों की पुलिस से कार्रवाई कराकर मामलों को उजागर किया गया था। लंबे समय से इस प्रकार की



कार्रवाई थम गई है, जिस कारण पुलिसकर्मी बेपरवाह होकर इस तरह के गैर कानूनी कार्यों को संरक्षण दे रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि कैलारस थाना क्षेत्र के बिलगांव क्वांरी गांव में कुछ लोगों के द्वारा पुलिस कर्मचारियों से मिली भगत कर उन्हें नजराना भेंट करते हुए कई स्थानों पर जुआ के फड़ संचालित किए जा रहे हैं। जहां एक-एक फड़ पर पांच-पांच लाख रुपए का जुआ खिलाया जा रहा है। इसमें आसपास के गांव के जुआरीयों के अलावा पड़ोस के प्रदेश राजस्थान धौलपुर जिले से भी जुआरी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से यहां आते हैं। इसके साथ ही कैलारस थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 बंगस मोहल्ला में भी जुआ का फड़ संचालित बताया गया है। बताया जाता है कि क्षेत्र में संचालित जुआ के इस कारोबार की जानकारी थाना प्रभारी को भी है, लेकिन कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही, यह चिंतनीय विषय है। उल्लेखनीय है कि कैलारस के अलावा जौरा एवं बागचीनी थाना क्षेत्र काफी चर्चित रहा है। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा भी बागचीनी थाना क्षेत्र में जब जुआ के कारोबार की सूचना मिली तो उन्होंने संबंधित थाना पुलिस को छोड़कर दो-तीन अलग टीम बनाकर कार्यवाही को अंजाम दिया था।

उल्लेखनीय है कि मुरैना जिले में जुआ सट्टा का कारोबार बड़े पैमाने पर होता है और इसके कारण तमाम परिवार बर्बाद हो चुके हैं। इस कारोबार में मिडिल क्लास एवं रोज मजदूरी कर कमाने वाले लोग लालच में आकर अपनी पूंजी गवां बैठते हैं। बर्बाद होने के बाद भी लोग कारोबार से जुड़े साहूकारों से मोटे ब्याज पर पैसा ले लेते हैं और फिर ब्याज और रुपया न चुकाने के बाद उन्हें या तो जमीन, मकान बेचना पड़ता है या फिर आत्महत्या का रास्ता अपनाना पड़ता है।

### पूर्व में कार्रवाई की है, अब जुआ खिलवाने वालों पर होगी कार्यवाही

इस मामले में कैलारस थाना प्रभारी सुनील खेमरिया ने कहा है कि बलगांव क्वाँरी और बेड़ा में करीब 8-10 बार मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की गई है और दो-तीन प्रकरण वहां जुआ खेलने वालों के बने भी हैं एक दो बार मुलजिम भाग गए, क्योंकि नदी के किनारे जुआ खेलते हैं। वर्तमान में नदी चढ़ी हुई है भागने के दौरान डूबकर मरने की शंका रहती है। उसके बावजूद भी पुलिस के द्वारा दो-तीन मोटरसाइकिल एवं एक कार को जप्त किया गया जिसको 25 पुलिस एक्ट में पहले भी जप्त किया गया है। सूचना मिल रही थी, उसके लिए पुनः दबिश दी गई है और खिलावाने वाले तीन-चार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है......

वीडियो अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है अगर ऐसा कुछ चल रहा है तो अवश्य कार्रवाई कार्रवाई होगी।

**-समीर सौरभ, पुलिस अधीक्षक, मुरैना**

# हनुमान मंदिर के बाहर लगा गंदगी का ढेर, स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही है धज्जियां

## नगर परिषद अधिकारी नहीं दे रहे है ध्यान, मोहल्ले के लोग गंदगी से परेशान

जितेन्द्र जादौन ■ कैलारस

इस समय संपूर्ण भारत में चल रहे स्वछता अभियान पखवाड़े को देखते हुए स्वच्छ भारत के अंतर्गत प्रत्येक गली-मोहल्ले में साफ सफाई होना अनिवार्य है। ताकि गंदगी के वजह से लोग बीमार ना हो, दूषित कचरा एवं गंदगी के कारण डेंगू जैसी बीमारियां तेजी से फै ल रही है। इन सभी को ध्यान रखते हुए प्रशासन द्वारा स्वच्छता पर काफी फोकस किया जा रहा है लेकिन कैलारस में नगर परिषद अधिकारी द्वारा स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नगर में चारों तरफ गंदगी का आलम है। नगर परिषद अधिकारी गहरी नींद में सो रहे हैं उन्हें जगाने की आवश्यकता है।

आपको बता दें कि वार्ड क्रमांक 7 के हनुमान मंदिर के बाहर आम रास्ते पर कचरो के ढेर लगे हुए हैं। यह कचरा विगत कई दिनों से पड़ा हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने कई बार नगर परिषद में शिकायत की है लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। वहीं वार्ड क्रमांक 7 के पूर्व पार्षद राजू



प्रजापति द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है। उसके बाद भी गंदगी वहां से नहीं हटाई गई है जिससे मच्छर पनप रहे हैं और डेंगू जैसी बीमारियां जन्म ले रही हैं। नगर परिषद अधिकारी स्वच्छता की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे मोहल्ले वासियों में एवं वार्ड क्रमांक 7 के निवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। खास बात यह है कि जहां पर कचरा डला हुआ है उसी रास्ते से आवास कॉलोनी के लिए जाने का रास्ता है, वह भी बाधित हो रहा है। हनुमानजी मंदिर के पास गंदगी एवं कचरे के ढेर डले हुए हैं एवं श्रद्धालु कचरे की ढेर की वजह से पूजा अर्चना करने नहीं जा पा रहे हैं। यह बहुत ही अशोभनीय एवं निंदनीय है।

### इनका कहना है....

हमने कई बार इस गंदगी के ढेर को लेकर नगर परिषद में अवगत करा दिया है एवं मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है, लेकिन अभी तक नगर परिषद द्वारा मंदिर के पास पड़ा कचरा नहीं हटाया गया है। जिससे वार्ड क्रमांक 7 के निवासी गंदगी से परेशान है।

**-राजू प्रजापति,**
**पूर्व पार्षद नगर परिषद कैलारस**

वार्ड क्रमांक 7 में गंदगी की ढेर की जानकारी मुझे आपके द्वारा मिली है मै नगर परिषद में जानकारी लेता हूं। अभी हाल ही में नवागत सीएमओ पदस्थ हुए हैं मैं अभी बात करता हूं।

**-विश्राम बघेल,**
**तहसीलदार कैलारस**

यह मंदिर के पास पड़ा हुआ कचरा प्रतिदिन इकट्ठा किया जाता है, और उठाया जाता है। अगर नहीं उठाया गया है तो मैं जानकारी लेती हूं।

**अंजना बंसल,**
**अध्यक्ष, नगर परिषद कैलारस**

# बस ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के बागचीनी थाना अंतर्गत कटीबरी हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार की सुबह मुरैना से जौरा जा रही बस के चालक में तेजी एवं लापरवाही से ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर चालक युवक घायल हो गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गीतम सिंह सिकरवार पुत्र राधेश्याम उम्र 25 निवासी गुढ़ा चंबल शुक्रवार की सुबह टैक्टर लेकर जौरा से गाँव की तरफ जा रहा था, तभी मुरैना से जौरा जाने वाली बस के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से कटवरी हनुमान मंदिर के पास उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया एवं युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देख वहां लोग पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर बस चालक की तलाश की जा रही है।

# महाराज दक्ष जयंती के दौरान जीवंत झांकियो ने मोहा मन, उमडा सैलाब

## शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत, एमएस रोड पर घंटो बनी जाम की स्थिति

सत्ता सुधार ■ मुरैना

बृह्मा जी के मानस पुत्र महाराज दक्ष प्रजापति की भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को शहर में उमंग, उत्साह के साथ धूमधाम से निकाली गई। जिसमें प्रजापति समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। जीवंत भव्य झांकियां चल समारोह के आकर्षण का केन्द्र रहीं। झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। यात्रा का जगह-जगह भव्य एवं आत्मीय स्वागत भी किया गया। महाराज दक्ष प्रजापति की 14वीं शोभायात्रा सुबह कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू हुई। पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई शोभायात्रा में महाराज दक्ष प्रजापति सहित भगवान भोलेनाथ, राधा-कृष्ण, राम दरबार, भक्त प्रहलाद की गुरू श्री यादे मां संत गोरा भगत, सत कूवा भगत, काशी भगत महाराज आदि की जीवंत, भव्य एवं आकर्षक झांकिया आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा में समाज के हर वर्ग ने



हिस्सेदारी की। युवाओं की टोली डीजे के साथ धार्मिक धुनों पर थिरकते नजर आए। खास बात यह रही कि शोभायात्रा का विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं सहित सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर ना केवल स्वागत किया, बल्कि स्वल्पहार भी कराया। शोभायात्रा मंडी प्रांगण से होती हुई, माधौपुरा की पुलिया, वेयर हाउस रोड, गर्ल्स स्कूल रोड, दत्तपुरा की पुलिया, रुई की मंडी, स्टेशन रोड,एमएस रोड सहित विभिन्न मार्गो से होती हुई वनखडी रोड स्थित वृंदावन गार्डन पर पहुंचकर संपन्न् हुई।



### नमिता को मिला राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार

सत्ता सुधार ■ मुरैना

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मध्य प्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें मतदाता जागरूकता के लिए प्रदेश भर से तमाम प्रतिभागियों ने स्लोगन लिखे। इस प्रतियोगिता में मुरैना चंबल की बेटी सुश्री नमिता सिंह तोमर ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन द्वारा प्रमाण पत्र एवं 51 हजार रुपए का चेक जिला कलेक्टर को भेजा गया। यहां पर शुक्रवार को एडीएम सीबी प्रसाद द्वारा नमिता सिंह को प्रमाण पत्र एवं चेक भेंट करते हुए बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ई-रिक्शा चालकों ने बस स्टैंड को बनाया बैटरी चार्ज केंद्र, अवैध रूप से तार डालकर कर रहे चार्जिंग

सत्ता सुधार ■ मुरैना

काफी दिनों से यह बात चर्चा में है कि ई रिक्शा चालक बैटरी चार्ज करने के लिए बिजली खंबो पर पर अवैध तार डालकर ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज कर बिजली चोरी कर रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार को वायरल वीडियो से मिला है। बैरियर स्थित बस स्टैंड परिसर में एक साथ अनेक ई-रिक्शा चालक कतार लगाकर बिजली पोल से तार डालकर ई-रिक्शा की बैटरी चार्जिंग कर रहे थे। यह नजारा देख वहां यात्री आश्चर्यचकित थे कि आखिर विद्युत विभाग कहां सो रहा है।

एक और मध्य प्रदेश विद्युत मंडल मुरैना द्वारा बिजली चोरी रोकने तथा बकाया राशि वसूल करने के लिए तमाम मशक्कत कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर शहर में अनेक स्थानों पर बिजली पोल से अवैध तार डालकर ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करने वाले चालकों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है,



जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। वह सरेआम बिजली चोरी कर विद्युत विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं, साथ ही दुर्घटनाओं को भी आमंत्रण दे रहे हैं। बस स्टैंड परिसर में ई-रिक्शा चालक बिजली पोल से तार डालकर काफी दूर-दूर तक सड़क पर तार डाल देते हैं तथा यहां सैकड़ो यात्री प्रतिदिन यात्रा करने के लिए बस स्टैंड प्रसार में घूमते हैं। ऐसे में कहीं किसी तार से करंट प्रवाहित हो गया तो बड़ी घटना भी हो सकती है।

## रूपयो के लिए वर्दी वाला बना हैवान, बहन से अलग किया छोटे भाई-बहनों को

# मुख्यमंत्री जी मेरे भाई बहन को निरीक्षक नाना के कब्जे से छुड़ाएं, मन की राखी स्वीकार करें.....

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुख्यमंत्री मोहन यादव जी वैसे भी आप लड़की और महिलाओं की बात सबसे पहले सुनते हैं और मदद करते हैं, लेकिन मेरी मदद क्यों नहीं कर रहे। मैं आपके पास आ तो नहीं सकती हूं, लेकिन मेरे मन की राखी आप रक्षाबंधन पर स्वीकार करें। यह शब्द मन को व्यथित करने वाले हैं। एक 14 वर्ष की नाबालिक बेटी अपने दो मासूम बहन-भाई की जुदाई में गमगीन है क्योंकि उसके नाना ने उन्हें अपने कब्जे में अवैध तरीके से वर्दी की आड़ में रूपयों के लिए रखा हुआ है। यह सब बातें नाबालिक बेटी ने इंसाफ पाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखी हैं। दो पत्र पहुंचने के बावजूद उसे अभी तक न्याय नहीं मिल सका है।

पीड़ित नाबालिक बंदना शाक्य पुत्री सुनील कुमार शाक्य निवासी चंद्रनगर कोटेश्वर मंदिर के पीछे ग्वालियर ने रोते हुए बताया कि उसकी मां की मौत के बाद से नाना लालाराम शाक्य निरीक्षक जो कि वर्तमान में ग्वालियर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ है, उसके द्वारा छोटे भाई आलोक 12 वर्ष एवं छोटी बहन गुंजन 8 वर्ष को बिना किसी अधिकार के अपने कब्जे में रखा हुआ है। दोनों बच्चों की ना तो कोई देखभाल हो रही है और ना ही पढ़ाई। उनका जीवन बर्बाद हो रहा है, मुझे दोनों भाई-बहनों की बहुत याद आती है, इसलिए उनको हमारे साथ रहने के लिए मेरे पापा को दिलवाया जाए। बंदना ने कांपते हुए हाथों से आंसुओं की अश्रुधारा के साथ मुख्यमंत्री को पहला पत्र 15 जुलाई 2024 को लिखा था, जिसमें उसने बताया कि नाना लालाराम एवं नानी रामवती शाक्य निवासी कुतुघान रोड सबलगढ़ एक साथ नहीं रहते, क्योंकि नाना ग्वालियर में



प्रति
श्रीमान मोहन यादव जी
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश शासन भोपाल
श्रीमान जी मेरे छोटे भाई बहन को छुड़ाने बाबत।
श्रीमान जी आपकी हरिजन बेटी ने दिनांक 15-7-2024 को पत्र में निवेदन किया था कि मेरे छोटे भाई बहिन को श्री लालाराम शाक्य टी.आई. पुलिस अधीक्षक कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ हैं वो मेरे भाई बहिन को बिना किसी अधिकार के अपने कब्जे में रखे हैं, उनकी कोई देखभाल नहीं है तथा उनका जीवन बर्बाद हो रहा है तथा मुझे याद भी आती है इसलिये उनको हमारे साथ रहने के लिये हमें हमारे पापा को दिलवाया जावे।
मेरी उम्र 14 वर्ष है मैंने पहले जो पत्र भेजा था उसकी फोटो स्टेट भी पत्र के साथ भेज रही हूँ। कृपा करके मेरे भाई बहिन को पुलिस टी.आई. के कब्जे से छुड़वाने की कृपा करें।
वैसे भी आप लड़कियों कि महिलाओं की बात सबसे पहले सुनते हैं और मदद करते हैं लेकिन मेरी मदद क्यों नहीं कर रहे हैं।
मैं आपके पास आ तो नहीं सकती हूँ लेकिन मेरे मन की राखी आप रक्षा बंधन पर स्वीकार करें।
आपकी बेटी
बंदना शाक्य
दिनांक -13/08/2024
बंदना शाक्य पुत्री सुनील कुमार शाक्य
चन्द्र नगर कोटेश्वर मंदिर के पीछे
ग्वालियर (म॰ प्र॰)
बंदना शाक्य

पदस्थ हैं, जिससे बच्चों की देखभाल नहीं हो पा रही है और पापा सुनील शाक्य के द्वारा कई बार अपने ससुर से बच्चों को उसके सुपुर्द करने की बात कही, लेकिन वह उन्हें झूठे केस में फसाने की धमकी देते हैं। वंदना ने पहले पत्र में लिखा कि उसके भाई-बहन को नाना-नानी ने अवैध कब्जे में रखा हुआ है और उनकी कोई देखभाल नहीं हो रही है तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। नाना-नानी उनके साथ कुछ भी कर सकते हैं। उनकी जिंदगी बचाने के लिए नाना-नानी के चंगुल से मुक्त कराया जाए।

पहले पत्र का कोई जवाब नहीं मिलने के बाद वंदना ने प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री को 13 अगस्त 2024 को फिर से अपने हाथ से खत लिखकर भेजा, जिसमें उसने उल्लेख किया कि आपकी हरिजन बेटी ने 15 जुलाई 2024 को पत्र से निवेदन किया था कि मेरे छोटे भाई-बहन जो निरीक्षक लालाराम शाक्य के कब्जे में हैं और बिना किसी अधिकार के रखे हुए हैं। मेरी उम्र 14 वर्ष है, मैंने पहले जो पत्र भेजा था, उसकी फोटो स्टेट भी पत्र के साथ भेज रही हूं। कृपया करके मेरे भाई बहन को पुलिस निरीक्षक के कब्जे से छुड़वाने की कृपा करें। वैसे भी आप महिलाओं की बात सबसे पहले सुनते हैं और मदद करते हैं, लेकिन मेरी मदद क्यों नहीं कर रहे हैं। पुलिस निरीक्षक के द्वारा अपनी ही बेटी के बच्चों को अवैध तरीके से रखने का यह पहला मामला देखने को मिला है, जिसे नाबालिक बच्चों पर जरा भी दया नहीं आती और उन्हें प्रताड़ित करने का लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसा पुलिस कर्मी पूरी खाकी वर्दी को शर्मसार करने पर लगा है तथा अधिकारी इस कृत्य पर मौन धारण किए हुए हैं।

### ग्वालियर में पिता के पास रहने वाली नाबालिक को नाना से खतरा

नाबालिक बंदना अपने निरीक्षक नाना से काफी भयभीत दिखाई दे रही है और उसने खतरे की आशंका भी व्यक्त की है। उसने बताया कि वह ग्वालियर में अपने पिताजी के साथ रहती है और स्कूल के लिए जाने मैं उसे खतरा महसूस होता है। स्कूल के लिए पिताजी एवं दादाजी को लेने एवं छोड़ने जाना पड़ता है। बंदना ने बताया कि नाना प्रॉपर्टी प्राप्त करने के लिए उसके पिता एवं दादा को लगातार प्रताड़ित करते रहते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### एसपी ने कन्या उमावि परिसर के कन्या छात्रावास सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, सहायक आयुक्त और सीएमओ को दिए निर्देश



**खरगोन।** शहर के अंजूमन नगर क्षेत्र में संचालित हो रहे शासकिय कन्या उमावि परिसर के शा. कन्या पोस्ट मेट्रिक छात्रावास, शासकीय कन्या महाविद्यालय अजजा छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यह निरीक्षण पिछले दिनों कन्या छात्रावास भवन की खिड़कियों को ठोंकने और पत्थर फेकें जाने की शिकायत के बाद किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर के सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही कई स्थानों पर बाउंड्रीवाल टूटी होने, कई स्थानों पर रात के समय अंधेरा होने वाले स्थान पर प्रकाश व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए है। एसपी ने सख्त हिदायत दी है कि मुख्य द्वार की दीवारों पर बिना अनुमति प्रवेश निषेध के बोर्ड लगाए जाए, जिससे अकारण कोई प्रवेश न करें। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग प्रशांत आर्य, सीएमओ एमआर निगवाल, थाना प्रभारी बीएल मंडलोई भी मौजूद थे।

### भाजपा के सदस्यता अभियान पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**खरगोन।** भाजपा के सदस्यता अभियान पर सवाल खड़े होने लगे है। कांग्रेस ने लक्ष्य पूरा करने के लिए फर्जी तरीके से सदस्यता सेगांव ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं गाटलाखेड़ी पंचायत के सरपंच पति तारासिंह मुजाल्दे को भाजपा का सदस्य बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने आरोप लगाते हुए कहा की जिले के प्राइवेट कॉलेजों, लाड़ली बहनों, शासकीय कर्मचारियों को मोबाइल में लिंक भेज कर जबरन भाजपा सदस्य बनाया जा रहा है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुजाल्दे को इसकी जानकारी तब पता चली जब उनके मोबाइल पर भाजपा सदस्य बनने का मैसेज आया। कांग्रेस उपाध्यक्ष का परिवार परंपरागत रूप से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ है तथा वर्तमान में कांग्रेस सक्रिय है। कांग्रेस से लोकसभा उम्मीदवार रहे डॉ. गोविन्द मुजाल्दा इसी परिवार के सदस्य है। नाईक ने सवाल उठाते हुए पूछा की 20 साल से ज्यादा प्रदेश में तथा 10 साल से ज्यादा देश में भाजपा की सरकार है फिर भी लोग भाजपा के सदस्य नहीं बन रहे है।

### 3.38 करोड़ रुपए मूल्य के वाहन एवं गौवंश किए गए राजसात

**खरगोन।** जिले में अवैध गौवंश तस्करी रोकने के मामले में सख्त कदम उठाए जा रहे है। प्रशासन ने गौवंश का अवैध परिवहन करने के 54 प्रकरणों में कार्यवाही कर 165 आरोपियों से जब्त गौवंश परिवहन में लिप्त 64 वाहनों और 396 गौवंश को शासन के पक्ष में राजसात करने का आदेश दिया गया है। उल्लेखनीय की गौवंश के अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जिले के विभिन्न थानों में वाहनों को गौवंश सहित जप्त किया गया था और कार्यवाही के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये गये थे।

## ब्यौहारी पुलिस की बड़ी सफलता

# 12 घंटे में अपहरण के 2 आरोपी गिरफ्तार नाबालिगों को सुरक्षित किया सुपुर्द

सत्ता सुधार ■ शहडोल

थाना ब्यौहारी, जिला शहडोल पुलिस ने 12 घंटे के भीतर दो अपहृत नाबालिग किशोरियों को परिजनों के सुपुर्द कर, अपहरण के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। दिनांक 25.09.2024 को शाम 05ः00 बजे थाना ब्यौहारी में सूचना प्राप्त हुई कि दो नाबालिग किशोरियों का अपहरण आरोपियों संदीप साकेत और अमन साकेत, निवासी बरहाटोला द्वारा डरा-धमका कर किया गया है। इस पर थाना ब्यौहारी में धारा 296, 115, 351 (3), 74, 137(2), 3(5) बी.एन.एस., 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।



**पुलिस द्वारा कार्यवाही-** घटना की सूचना प्राप्त होते ही, प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक ने तुरंत एस. डी. ओ. पी. ब्यौहारी एवं थाना प्रभारी ब्यौहारी को आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देश दिये। थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी. अरुण पाण्डेय के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया गया और आरोपियों एवं नाबालिग बालिकाओं की लगातार तलाश जारी रही। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अपहरणकर्ता और दोनों नाबालिग बालिकाएं ग्राम सेमरा के बालमीक साकेत के नवनिर्मित मकान में देखे गए हैं। जिस पर ब्यौहारी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना के स्थान हेतु रवाना हुए।

### जब्त मशरूका

आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटर सायकल और डिस्कवर मोटर सायकल को जप्त किया गया।

### सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उ.नि. बालकरण प्रजापति, सउनि. गया कन्नौजे, प्र. आर. नरेंद्र उपाध्याय, आर. संजय द्विवेदी, अमृत यादव, पुष्पेन्द्र सिंह, अजीत यादव, राजकुमार मिश्रा (थाना जयसिंहनगर), सुखदेव सिंह, और राजीव सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गिरफ्तारी और दस्तयाबी का विवरण

मुखबिर की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम सेमरा के उक्त स्थान में दबिश दी। इस दौरान आरोपी अमन कुमार साकेत पिता जागेन्द्र प्रसाद साकेत, उम्र 24 वर्ष और संदीप साकेत पिता गोविन्द साकेत, उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी बरहाटोला को गिरफ्तार किया गया। साथ ही दोनों नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

# तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार अवैध मदिरा भी जप्त



सत्ता सुधार ■ खरगोन

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध जिले के वृत- खरगोनअ,ब,स,भीकनगांव एवं कसरावद के संयुक्त आबकारी दल द्वारा वृत्त- खरगोन अ में आज दिनांक 27.09.2024 को अलसुबह *प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में* अवैध मदिरा विक्रेताओं पर कार्रवाई कर ग्राम- कुम्हारखेड़ा, बसनेर, मोतीपुरा,इंदिरानगर एवं रहीमपुरा में अलग-अलग स्थान से 150 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर लगभग 2500 किलोग्राम महुआ लहान मौके पर नष्ट किया। *वृत्त प्रभारी मुकेश गौर, आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, च के तहत 07 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य लगभग रुपये 2,70,000/- है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह भदौरिया, अशोक शिंदे,ओमप्रकाश मालवीय, सचिन भास्करे, देवराज नगीना एवं संबंधित वृत के आबकारी आरक्षकों का योगदान रहा। अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



सत्ता सुधार ■ शहडोल

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री मनोज लारोकर ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या पीजी महाविद्यालय शहडोल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में पोषण आधारित प्रतियोगिता, पौष्टिक थाली, पोषण प्रदर्शनी स्टॉल का प्रदर्शन, मिस हीमोग्लोबिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पोषण एवं स्वास्थ्य जागरुकता संबंधी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जूडो कराटे एवं लाठी खेल मे पदक प्राप्त बालिकाओं द्वारा जूडो कराटे व लाठी का प्रदर्शन किया गया तथा प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत भी किया गया।

### अभा स्तर की संस्था जन परिषद के चैप्टर अध्यक्ष बने रेवलिया

**खरगोन।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद ने शहर के सक्रिय समाजसेवी और वरिष्ठ पत्रकार उमेश रेवलिया को चैप्टर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने जन परिषद के उज्जैन चैप्टर के संभागीय अध्यक्ष, जन परिषद के मालवा क्षेत्र के सहसंयोजक जितेन्द्र पुरोहित की अनुशंसा पर किया गया। उल्लेखनीय है जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था होकर 35 वर्षों से सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ. साथ कई ऐतिहासिक, अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। रेवलिया की नियुक्ति पर सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, पूर्व मंत्री अरुण यादव, पूर्व विधायक रवि जोशी, कल्याण अग्रवाल सहित जिलेभर के पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

# जिला चिकित्सालय को बनाए स्वच्छ एवं सुंदर, करूगा औचक निरीक्षण : कलेक्टर

### रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

सत्ता सुधार ■ शहडोल



कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आज रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह और कलेक्टर डा. केदार सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा की जिला चिकित्साल्य शहडोल परिसर की साफ सफाई कराए और जर्जर भवनों को हटाना सुनिचित करें तथा मलेरिया विभाग द्वारा संचालित की जा रही गंभुषिया मछली पालन टंकी को अन्यत्र जगह स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं और मैं जिला चिकित्सालय शहडोल की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करुगा। बैठक में जिला चिकित्सालय शहडोल में मरीजों की सुविधा के लिए लाइट बंद होने पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिला चिकित्सालय परिसर में साफ सफाई, जल की निकासी, स्ट्रीट लाइट,रोगी कल्याण समिति द्वारा संचालित दुकानों के किराए में वृद्धि व दुकानों के संचालन जैसे अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर समित के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. जी.एस. परिहार ने बताया की मरीजों की सुविधा के जिला चिकित्सालय शहडोल में रात्रि की समय भी डायलिसिस की सुविधा प्रदान की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा, रोगी कल्याण समिति के सदस्य डा. ए.के.श्रीवास्तव, श्री लीलाधर खोड़िहार सहित अन्य रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## सांसद लोधी ने स्टेशन उन्नयन कार्य का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



सत्ता सुधार ■ दमोह

सांसद राहुल सिंह लोधी ने दमोह रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। श्री लोधी ने स्टेशन पर चल रहे उन्नयन कार्य को लेकर दिशा निर्देश दिए। अमृत भारत योजना के अंतर्गत दमोह रेलवे स्टेशन पर उन्नयन का कार्य किया जा रहा हैं। प्रथम फेस का लगभग 70 प्रतिशत कार्य होने पर प्रसन्नता जाहिर की और शेष कार्य भी जल्द करने के निर्देश दिए। साथ ही प्लेटफार्म दो एवं तीन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा एक नंबर प्लेटफार्म से यात्रियों का आवागमन सुलभ है ठीक उसी प्रकार तीन नंबर प्लेटफार्म का विकास हो, वहां पर एक बुकिंग काउंटर बढ़ाया जाए एवं यात्रियों के लिए सड़क मार्ग की सुविधा की जाए ताकि हटा, पथरिया से आने वाले यात्री सीधे अंदर हो सकेंगे। सांसद श्री लोधी ने कहा यात्रियों को पानी की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में हो, इस संबंध में सांसद दमोह ने कलेक्टर दमोह श्री कोचर से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसीएम जबलपुर श्री गुन्नौर, एईएन अनिल चौधरी, स्टेशन प्रबंधक मुकेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### उप सरपंच निर्वाचन के लिए 04 अक्टूबर को होगा सम्मिलन

खरगोन। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भसनेर एवं जनपद पंचायत कसरावद की ग्राम पंचायत बामंदा में उप सरपंच के पद रिक्त है। इन पंचायतों में उप सरपंच के निर्वाचन के लिए आगामी 04 अक्टूबर को पंचायत के सम्मिलन का आयोजन किया जाएगा। पंचायत भसनेर के सम्मिलन आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भास्कर गाचले को सक्षम प्राधिकारी, नायब तहसीलदार सुश्री स्नेहलता चौहान को पीठासीन अधिकारी और पंचायत समन्वयक अधिकारी पप्पूलाल बिरले को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### केरल के पर्यटक को पसंद आयी बैलगाड़ी की सवारी

**खरगोन।** ग्रामीण परिवेश को करीब से देखने और ग्रामीणों की आत्मीयता को महसूस करना हो तो शहरों की भागदौड़ भरी जिंदगी से बाहर निकलकर एकबार गांवों का भ्रमण जरूर करना चाहिए। इसी अभिलाषा के साथ केरल के पर्यटक बालू मेमन मप्र की 18 दिनों की यात्रा पर निकले हैं और आज उन्होंने इसकी शुरूआत जिले के ग्राम बोथू से की है। ग्राम बोथू में बैलगाड़ी की सवारी कर और स्थानीय लोगों के यहां पारम्परिक भोजन कर बालू मेमन बहुत खुश हैं। केरल के पलक्कड़ जिले के निवासी 72 वर्षीय बालू मेमन एक ट्रेवलर है। बकरीछाप के परियोजना अधिकारी दीपक दुबे, शुभम तिवारी एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मेमन को बैलगाड़ी पर बैठाकर ग्राम बोथू की गलियों एवं मंदिरों का भ्रमण कराया गया। पहले दिन की यात्रा से बालू मेमन बहुत खुश हैं उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आज बैलगाड़ी की सवारी और ग्रामीणों के बीच स्थानीय पारम्परिक भोजन करने से मिला है वह कल्पना से परे हैं। जीवन का असली आनंद गांव की इन गलियों के बीच ग्रामीणों के आत्मीय एवं निश्छल व्यवहार से ही मिलता है।

## महायोग ध्यानकुंभः चलो ऋषिकेश

# पीएसएसएमने भारत के 75 से अधिक प्रमुख शहरों में 40 लाख से अधिक निःशुल्क ध्यान सत्र आयोजित किए

सत्ता सुधार ■ दमोह






पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी मूवमेंट एक बढ़ता हुआ गैर-धार्मिक, पंथनिरपेक्ष, गैर-लाभकारी, स्वैच्छिक आंदोलन हैं जिसका एकमात्र उद्देश्य सभी लोगों के जीवन में समग्रता और संतुलन लाना है। इस प्रयोजन से हम आनापानासती ध्यान, शाकाहार, पिरामिड शक्ति, आध्यात्मिक विज्ञान आदि के लाभों को आमजनों तक पहुंचाते हैं। वर्ष 1990 में ब्रह्मर्षि पत्रीजी द्वारा पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी मूवमेंट की स्थापना की गई। इसके तत्वावधान में ध्यानयोग के पुरातन और लुप्तप्राय ज्ञान को एक अद्वितीय आध्यात्मिक-वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उसकी आधुनिक जनजीवन में उपयोगिता के साथ लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

पिछले 34 वर्षों के अपने सेवा कार्यों में PSSM ने भारत के 75 से अधिक प्रमुख शहरों और दुनिया भर के 18 से अधिक देशों में 40 लाख से अधिक निःशुल्क ध्यान सत्र आयोजित किए हैं, और 10,000 से अधिक बड़े व 20,000 से अधिक छोटे पिरामिडों का निर्माण किया है। PSSM द्वारा अहिंसा और शाकाहार को आहार के बतौर अपनाने का संदेश देने के लिए शाकाहार रैलियों का विश्व भर में आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत 144,000 किमी से अधिक की दूरी तय की जा चुकी है। PSSM एक जमीन से जुड़ा जनआंदोलन हैं, जिसने समग्र, स्वस्थ जीवन जीने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए घर-घर, गांव-गांव जाने पर ध्यान केंद्रित किया है। आध्यात्मिक ज्ञान-विज्ञान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए हम पीएमसी तेलुगु और पीएमसी हिंदी नाम से सैटेलाइट और डिजिटल चैनल भी चलाते हैं जो 24ङ्ग7 फ्री टू एयर मेडिटेशन चैनल के रूप में देश भर में 10 करोड़ घरों तक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा देश की प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं, जैसे कि, बंगाली, गुजराती, मराठी, कन्नड़, तमिल, उड़िया आदि से संबद्ध 1.8 मिलियन का दर्शकवर्ग विभिन्न डिजिटल माध्यमों से हम से निरंतर जुड़ा है।

इस वर्ष माह अक्टूबर में पांच दिवसीय महायोग ध्यानकुंभ - 7 का आयोजन किया जा रहा है जो बुधवार, 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे से प्रारंभ हो 20 अक्टूबर, 2024 को दोपहर 02 बजे संपन्न होगा। इस वर्ष इसका केंद्रीय विषय आत्मज्ञान और आनंद है। इसमें आध्यात्मिक विज्ञान के विभिन्न विषयों, जैसे, बाह्य अनुवांशिक तंत्र , तंत्रिका विज्ञान संबंधी विषयवस्तु, क्वांटम शक्ति द्वारा उपचार की पद्धतियां, श्वसन क्रिया संबंधी कार्यशालाएं, प्रमुख गुरुओं द्वारा आध्यात्मिक प्रयोगों पर परिचर्चा, लाइव संगीत आधारित ध्यान सत्र आदि निःशुल्क आयोजित किए जाएंगे। समस्त मानव जाति के समग्र कल्याण के लिए ध्यान ही एकमात्र रास्ता है। ध्यान हमारे अपने प्रयासों से हमारे जीवन को दिया गया सबसे बड़ा उपहार है। हम अपने आप को बहुत कुछ दे सकते हैं।

## धरोहर — आध्यात्मिक और सनातन परम्परा के गौरव को संरक्षित करने और सहेजने की परम्परा रही है

# पर्यटन की अनंत संभावनाओं का प्रदेश है मध्यप्रदेशः राज्यमंत्री लोधी

सत्ता सुधार ■ दमोह

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्यटन और सांस्कृतिक अभ्युदय का नया इतिहास लिखा जा रहा है। पौराणिक काल से ही देश में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सनातन परम्परा के गौरव को संरक्षित करने और सहेजने की परम्परा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सांस्कृतिक अभ्युदय के संकल्प को पूरा करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। भारत में पर्यटन को एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र के रूप में देखा गया है। उनका मानना है कि पर्यटन न केवल आर्थिक लाभ प्रदान करता है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का एक सशक्त साधन है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिली है। भारत के इतिहास में विभिन्न देशों की खोज, वास्तुकला, तकनीक, साहित्य और कृषि आदि क्षेत्रों में वैचारिक आदान-प्रदान का केंद्र बिंदु पर्यटन भी रहा है। पर्यटन ने वैश्विक शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई निभाई है। पर्यटन लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं से रूबरू कराता है, जिससे सहिष्णुता और समझदारी बढ़ती है। जब लोग एक-दूसरे के जीवन और रीति-रिवाजों को समझते हैं, तो उनके बीच संघर्ष की संभावना कम हो जाती है। पर्यटन के माध्यम से लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है, जिससे वैश्विक समुदाय का निर्माण होता है, जो अंततः वैश्विक शांति को बढ़ावा देता है। हर साल 27 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व पर्यटन दिवस,मनाया जाता है, का उद्देश्य पर्यटन के महत्व और उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक भूमिका को पहचानना है। वर्ष 2024 की थीम ÷पर्यटन और शांति÷ एक अत्यंत महत्वपूर्ण विचारधारा को दर्शाती है, जिसमें पर्यटन को शांति और सद्भाव का एक माध्यम माना गया है। पर्यटन वैश्विक स्तर पर शांतिपूर्ण संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जब लोग विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोगों के साथ संपर्क में आते हैं, तो यह समावेशिता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करता है।



इसके साथ ही, जब पर्यटन एक क्षेत्र में बढ़ता है, तो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं और उनका जीवन स्तर सुधरता है, जिससे संघर्ष और असमानता कम होती है। यह संपूर्ण प्रक्रिया अंततः शांति और समृद्धि को बढ़ावा देती है। अतुल्य भारत का हृदय मध्यप्रदेश एक बहुविध गंतव्य होने के साथ-साथ नैसर्गिक समृद्ध वन्य जीवन, प्राचीन समृद्ध विरासत, विविध जीवंत संस्कृति का प्रदेश है। लगभग 112.1 मिलियन पर्यटक आगमन के साथ वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश ने एक नया पर्यटन रिकॉर्ड स्थापित किया है जो वर्ष 2022 में 34.1 मिलियन आगंतुकों की संख्या से तीन गुना है। भारत में सबसे ज़्यादा 785 बाघों के साथ मध्यप्रदेश देश का चीता, घड़ियाल, तेंदुआ और गिद्ध की अधिक संख्या वाला प्रदेश भी है। मध्यप्रदेश 12 राष्ट्रीय उद्यानों का घर है जो प्राकृतिक लुभावने परिदृश्य और विविध वन्यजीव के लिए जाने जाते है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में 50 से अधिक अभ्यारण्य और प्राकृतिक दृष्टि से रमणीय स्थल विद्यमान हैं।

# केलमनिया मार्ग पर सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य होगा प्रारंभ, 29 सितम्बर से 70 दिनों के लिए बंद रहेगा

**शहडोल** । नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा शहडोल में विश्व बैंक के सहयोग से सीवरेज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। कम्पनी की शहडोल इकाई के परियोजना प्रबंधक श्री विजय सिंह ने बताया कि 29 सितम्बर से शहडोल की पुरानी बस्ती के पास केलमनिया मार्ग पर सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा, जिसके कारण इस मार्ग पर 70 दिन आवागमन बंद रहेगा। इसके संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा अनुमति भी दे दी गई है। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि इस दौरान नागरिकों के लिए वेकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। कोतवाली वाया अंडर ब्रिज से पुरानी बस्ती केलमनिया जाने वाले भारी वाहन सिंगपुर रोड होकर वेल वेदर स्कूल से शहडोल बायपास होते हुए केलमानिया रोड पर जायेंगे। हल्के वाहन वाया अंडर ब्रिज सत्यम वीडियो तिराहा मार्ग से जायेंगे इसी तरह केलमनिया से शहडोल जाने के लिए भारी वाहन विचारपुर कोल माईनस रोड वाया वेल वेदर स्कूल होते हुए अंडर ब्रिज की तरफ से सिंगपुर रोड पर जायेंगे, वहीं हल्के वाहन नव निर्मित अंडर ब्रिज से स्टेशन रोड की ओर जायेंगे।

### बीना के जेपी थर्मल पावर प्लांट में प्रबंधन की लापरवाही से लगातार तीन मौते हो चुकी

# कोयला कन्वेयर बेल्ट में फंसने से मजदूर की मौत, दूसरा घायल; परिजन गेट के बाहर शव रखकर कर रहे प्रदर्शन







**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

जेपी थर्मल पावर प्लांट में लगभग एक माह के भीतर तीन मजदूरों की मौत यह सिद्ध करती है कि कहीं ना कहीं जेपी थर्मल पावर प्लांट के प्रबंधन की लापरवाही निश्चित ही है। 2 अगस्त को भीम वार्ड निवासी उदय अहिरवार पिता प्रताप अहिरवार की गिरने से मौत 5 सितंबर को गोलू कुशवाहा पिता पलटू राम निवासी सिरचौपी की मौत के बाद 26 सितंबर को जेपी थर्मल पावर प्लांट में गुरुवार को उस समय एक बड़ा हादसा हो गया जब कोयला साइड पर एक मजदूर कोयला कन्वेयर बेल्ट में फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक साथी मजदूर घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार जेपी थर्मल पावर प्लांट के 3 नंबर सेलो में मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान सरदार पिता रामप्रसाद चढ़ार (40) निवासी जौध, कोयला कन्वेयर बेल्ट में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।इसी दरम्यान एक अन्य मजदूर बकील पिता सरीफ खान (35) निवासी सिरचौपी भी घायल हो गया, जिसे तत्काल एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल लाया गया, जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया।

मृतक के परिजनों ने मृतक को गेट के सामने रखकर लगभग 5 घंटे प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी मृतक को 25 लाख मृतक की पत्नी को नौकरी प्रदान की जाए।घटना की जानकारी लगते ही मौके पर नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, सिरचोपी चौकी प्रभारी हरिसिंह तोमर भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, वही किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर विधायक निर्मला सप्रे जिन्होंने परिजनों को समझाइश दी।परिजनों की मांग पर कंपनी ने दो लाख रुपए और ठेकेदार ने डेढ़ लाख रुपए देने के लिए कहा है। इसके अलावा मजदूर को बीमा राशि से दस लाख रुपए दिलाने की बात भी अधिकारियों ने कही है। लेकिन परिजन राजी नहीं हुए।

**ठेकेदार के अंडर में काम करता था**

**मृतक मजदूर:** जानकारी के मुताबिक मृतक मजदूर ठेकेदार के अंडर में काम करता था, जिसका ठेका किसी ओमप्रकाश चौबे नाम के व्यक्ति के पास है। इस साइड पर अधिकांश कर्मचारी ठेकेदार के अंडर में ही काम करते हैं।

**जेपी थर्मल प्लांट की और से दिए मृतक परिवार को तीन लाख :** बीना नायब तहसीलदार हेमराज मेहर ने बताया कि मजदूर के मौत के बाद परिजन जेपी थर्मल पावर प्लांट के गेट नंबर एक पर शव रखकर चक्काजाम किए गया इसके बाद जे पी पावर प्लांट द्वारा द्वारा मृतक के परिवार को 3 लाख ठेकेदार द्वारा 2 लाख देने की बात कही गई है। जिसके जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ।

**ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है मजदूरों का शोषण :** मिली सूत्रों से जानकारी अनुसार जेपी पावर प्लांट ही नहीं अपितु जितने भी बीना में प्लांट कार्यरत हैं उन सभी में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का खुला शोषण किया जा रहा है मजदूरों को कलेक्टर रेट पर मजदूरी मिलना चाहिए किंतु ठेकेदार द्वारा उन्हें मात्र 240 रुपए देकर इतिश्री कर लेते हैं इस कार्य में प्रबंधक से लेकर एच.आर. तक सनलिप्त रहते है। यानी की प्रबंधन की नजर में मजदूरों की जान की कीमत कुछ भी नहीं है?

#### श्रम विभाग की लापरवाही को लेकर लिखा जा चुका कलेक्टर महोदय को पत्र

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद राय ने 12 अगस्त को कलेक्टर महोदय के नाम एक पत्र लिखा जिसमें बीना की समस्त प्लांट एवं अन्य कार्यरत मजदूरों को विगर सुरक्षा उपकरण के कार्य कराया जाता है जिसके चलते आज दिन दुर्घटनाएं होती रहती है जेपी पावर प्लांट में लगभग एक माह के भीतर तीन मजदूरों की मौत हो चुकी किंतु प्रशासन एवं प्रबंधक के कान पर जू भी नहीं रैगती। इंटर का अध्यक्ष ने कहा कि अगर प्रबंधक और प्रशासन समय रहते नहीं चेता तो तो उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

#### काफी समय से नहीं हुआ मेंटेनेंस

जब इस संबंध में वहां उपस्थित मजदूरों से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह घटना होने का मुख्य कारण काफी समय से मशीनों का मेंटेनेंस नहीं किया गया अगर मेंटेनेंस समय पर होता तो यह दुर्घटनाएं नहीं होती।



### खिमलाशा गो सेवक गौचर भूमि को मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने सागर पहुंचे

**बीना (सागर)।** जब खिमलासा के गौ सेवक हरकिशन सेन के नेतृत्व में गोचर भूमि को मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देने सागर पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया हैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जब आदेश जारी किया प्रदेश के प्रत्येक गांव में गोचर भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए ताकि गाय माता स्वतंत्रता पूर्वक विचरण कर सके किंतु ऐसा कदापि नहीं हो रहा है आज अधिकांश गाय माता सड़कों पर बैठी हुई नजर आती है जिससे आए दिन दुर्घटना होती हैं कभी गाय खत्म होती हैं तो कभी इंसान उन्होंने मांग पत्र सोते हुए कहा ग्रामीण अंचलों में गोचर भूमि को अतिक्रमण से शीघ्र मुक्त कराया जाए अन्यथा कार्य योजना बनाकर शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में कई ग्राम के लोग शामिल हुए खिमलासा, खुरई, रजौआ,भरछा, गगौआ, परसोरा, मगरधा, निवारी, इनातपुर, ज्ञापन देने बालो में शामिल रहे हरकिशन सेन खिमलासा, अभयपाल सिंह राजपुत भरछा, वीरेंद्र यादव, प्रधुमान यादव, चंदेअहिरवार, मुन्नू परासर रजौआ, निखिल कुशवाहा, आकाश जैन, बसारी, रामकुमार मराज रविकांत पवैया, भेयाराम ताम्रकार किसान नेता जिला अध्यक्ष सागर प्रतिपाल ठाकुर धई जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र राजपूत जिला मीडिया प्रभारी शंकर ठाकुर गाँगुवां राहुल यादव प्रदेश सदस्य संजय पुष्पेंद्र राजपूत हार्दिक सोलंकी साहिल चौधरी अतुल यादव आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के सागर आगमन पर शिवसेना पदाधिकारियों को किया गया नजरबंद



**सत्ता सुधार ■ सागर**

बांग्लादेश में हिन्दुओं के नरसंहार होने के बाद भी मध्य प्रदेश की सरजमीं ग्वालियर में बांग्लादेश भारत के बीच खेले जा रहे टी 20 मैच, जिला चिकित्सालय क़ो मेडिकल कॉलेज में मर्ज,अवैध शेयर मार्केट एडवाइजरी सेंटरों के खिलाफ मुख्यमंत्री के सागर आगमन पर शिवसेना द्वारा काले झंडे दिखाकर विरोध के ऐलान के चलते शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी, शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह, युवा सेना जिला प्रमुख पंकज दुबे, विद्यार्थी सेना जिला प्रमुख अमन ठाकुर, क़ो नजर बंद किया गया शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा बांग्लादेश में हजारों हिंदुओं को मौत की घाट उतार दिया गया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ग्वालियर में बांग्लादेशियों का रेड कारपेट बिचकर स्वागत कर रहे जिस देश ने हमारे हिंदुओं भाइयों की निर्मम हत्या की श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया गया उनके साथ सामाजिक सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों के संबंध तत्काल प्रभाव से खत्म करनी चाहिए शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा हिन्दुओं के हत्यारे देश के साथ ग्वालियर में होने जा रहे भारत बांग्लादेश के टी 20 मैच को तत्काल प्रभाव से निरस्त करना चाहिए शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने जिला प्रशासन पर आरोप लगते हुये है की शिवसेना द्वारा अवैध शेयर मार्केट एडवाइजरी सेंटरो, मकरोनिया के अवैध शॉपिंग मॉलो ,जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में मर्ज,जर्जर मकानो सहित अन्य बिंदुओं पर शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही जिससे शिवसेना को में आक्रोश पनप रहा है और यही कारण शिवसेना संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के सागर आगमन पर काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन का निर्णय लिया गया था लेकिन प्रशासन को मुख्यमंत्री तक बात पहुंचाना नागवार गुजरा और शिवसेना को नजर बंद कर लिया गया लेकिन प्रशासन की नजरबंदी शिवसैनिकों का हौसले खत्म नहीं कर सकती शिवसेना का आंदोलन और तीव्रता की साथ बढ़ेगा




**सागर।** पीटीसी ग्राउंड में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई। इसमें 19 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया। सागर और बुंदेलखंड क्षेत्र के लिये कॉन्क्लेव करने और बड़े निवेश के लिये महापौर संगीता सुशील तिवारी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# रेल कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी रेलवे आवास और डियुटी से संबंधित समस्याओं को नोट किया



**सत्ता सुधार ■ सागर**

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ सागर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सागर की चितरंजन रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया गया व रेल कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी रेलवे आवास और डियुटी से संबंधित समस्याओं को नोट किया गया व जल्द से जल्द हल कराने हेतु वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारीयों को सूचना दी गई, इस कार्यक्रम में वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे मजदूर संघ शाखा सागर के सचिव डॉ मो शमशाद जी ने बताया की चितरंजन रेलवे कालोनी की समस्याओं को संबंधित विभाग द्वारा अगर जल्द से जल्द हल नहीं किया जाता है तो उक्त समस्याओं को रेल प्रशासन के सामने पीएनएम मीटिंग में रखकर हल कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदय श्री बनवारी लाल मीना जी ने रेल कर्मचारी हित में लिए गए संकल्प के बारे में व उसे पूरा करने के लिए किये जा रहे अपने प्रयासों के बारे में अवगत कराया। पुरानी पेंशन व्यवस्था व एलडीसी ओपन टू आल लागू करवाने, आठवें वेतन आयोग की मांग इत्यादि पर जानकारी दी गई, सहायक सचिव श्री आर एस पाल जी द्वारा सभी रेलवे आवासो में बरसात में लीकेज, शीलन, पानी भरने की समस्या, स्ट्रीट लाइट, और पेड़ छटवाने, जाम नालीयो, व पानी की भरपूर उपलब्धता हेतु रेलवे आवासो के लिए पानी की टंकी रखवाने, इत्यादि समस्याओं को रेल प्रशासन के समक्ष रखकर जल्द से जल्द हल कराने की बात कही गई।

प्रतिनिधि मंडल में WCRMS के अध्यक्ष बनवारी लाल मीना, सचिव डॉ मो शमशाद, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह दीवान, सहा. सचिव आर एस पाल, संगठन सचिव संजीव तिवारी, उपाध्यक्ष अशोक परिहार, यूथ विंग राकेश शुक्ला, जसवंत मांझी, भागवत लोधी, श्री मनीष गर्ग, शिवशंकर, हिमांशु अग्रवाल, प्रशांत पाठक, छवीराम, शत्रुघ्न, देवेन्द्र, अतुल मिश्रा, रितेश साहू, राकेश मीना, संजय गुप्ता, अरशद खान, प्रशांत, बी डी सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### ईश्वर और जीव के बीच में माया का बारीक पर्दा : पं. बृजेश पाठक



**सत्ता सुधार ■ सागर**

परमात्मा और जीवात्मा के बीच में माया का बारीक पर्दा होता है जिसे मानव अपनी भक्ति से भेदकर भगवान की प्राप्ति कर सकता है नीति शास्त्र कहता है कि अभिमानी व्यक्ति को मूर्ख कहा गया है वह ऐसे सुख वृक्ष के समान होते हैं जो झुकता नहीं है किंतु टूट जाता है यह बात संकट मोचन हनुमान मंदिर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पांचवें दिन की भागवत कथा में बोलते हुए पंडित बृजेश पाठक दरारिया ने कहीं उन्होंने कहा कि मथुरा वृंदावन गोकुल की भूमि ही ब्रजभूमि है यहां आज भी लंबा घूंघट डालने की परंपरा है वस्तुत गोपिया ही सिद्ध ऋषि मुनि थे जिन्होंने बरसों बरस भगवान के सानिध्य हेतु तपस्या की थी उन्होंने पांचवें दिन की कथा में भगवान की कृष्ण लीला माखन चोरी और नल कुबेर के पुत्रों के उद्धार की रोचक कथा सुनाई यजमान प्रतिनिधि कैलाश यादव एवं मंदिर की पुजारी अनिल शास्त्री सहित धर्म प्रेमी स्त्री पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर किसान नेता ने किसानों के साथ कृषि मंडी में प्रदर्शन किया



**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

शहर में बुधवार को दोपहर किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर ने किसानों के साथ कृषि मंडी में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सागर जिले को छोड़कर पूरे प्रदेश में खाद है। यहां के किसान दूसरे जिले तक खाद लेने जा रहे हैं तो वहां की पुलिस उन्हें परेशान कर रही है। इंदर सिंह ने बताया कि बीना विधानसभा क्षेत्र में किसानों के लिए खाद नही है जबकि अन्य शहरों जैसे मुंगावली, खुरई, कुरवाई एवं यूपी के ललितपुर शहर में पर्याप्त खाद है। यहां न तो सरकारी खाद किसानों को मिल पा रही है और न ही प्राइवेट दुकानदारो के पास खाद है। किसान अन्य शहरों से खाद लेकर आ रहे हैं। जिससे वहां की पुलिस परेशान कर रही है। अन्य शहरों से ज्यादा दाम पर किसानों को खरीदी करनी पड़ रही है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में उड़द, सोयाबीन की फसलें नष्ट हो गई थीं। उसका भी बीमा अभी तक नही मिला है और न ही वर्ष 2021- 2022 का बीमा अभी तक किसानो के लिए मिला है। बीमा राशि जल्द से जल्द किसानों को दिलाई जाए। किसानों ने तहसीलदार सुनील शर्मा को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि 01 अक्टूबर तक व्यवस्था नहीं हुई तो खाद के लिए सत्याग्रह करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में विजय सिंह ठाकुर,सीताराम, अरुण, गजेंद्र यादव, उमेश, बालकिशन, भूपेंद्र लोधी सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय में बनेगा शौर्य, संस्कृति और कला का अद्भुत संग्रहालय पथरिया स्थित वैली कैम्पस में बनेगा संग्रहालय



**सत्ता सुधार ■ सागर**

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में शौर्य, संस्कृति एवं कला संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है. इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में एक महत्त्वपूर्ण बैठक कुलपति सभाकक्ष में आयोजित की गई. बैठक में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय से संबद्ध महार रेजीमेंट के बिग्रेडियर आई. एस. भल्ला, बिग्रेडियर विकास बहुगुणा, कर्नल ए. जे. पॉल उपस्थित थे।बैठक में कुलपति ने विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाले संग्रहालय की वृहद् कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुये कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य एक संग्रहालय को स्थापित करना है जो शौर्य, संस्कृति और कला का अद्भुत केंद्र बने। संग्रहालय में डॉ. गौर उनका जीवन दर्शन, उनका साहित्य और उनके योगदान पर केंद्रित कक्ष एवं डिस्प्ले गैलरी बनाई जायेगी।इसी के साथ ही भारतीय थल सेना, जल सेना एवं नभ सेना के शौर्य को प्रदर्शित करती हुई सामग्री भी प्रदर्शनी के लिए रखी जायेंगी।भारतीय वीर जवानों के शौर्य एवं बलिदान को प्रदर्शित करते हुए कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा जिसमें सागर, बुंदेलखंड एवं मध्य प्रदेश के बलिदानी वीर जवानों की स्मृति को भी सहेजा जाएगा. बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि जनजातीय संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी एवं सामग्री भी संग्रहालय में स्थित होंगी।मानव विकास के सोपानों एवं आदिवासी एवं जनजातीय इतिहास एवं संस्कृति को जानने-समझने के लिए यह महत्वकांक्षी योजना है। जनजातीय नायकों, उनके संघर्ष, योगदान एवं बलिदान को भी संग्रहालय में स्थान दिया जाएगा. इसके साथ ही बुंदेलखंड की लोक कला, संस्कृति, पारंपरिक वाद्य यंत्र, देशज परंपरा से सम्बंधित जानकारी एवं सामग्री भी प्रदर्शित की जायेगी।

महार रेजीमेंट एवं भारतीय सेना के विभिन्न शाखाओं के सहयोग से संग्रहालय में प्रदर्शनी हेतु टैंक, एयरक्राफ्ट एवं सेना के जहाज एवं अन्य सैन्य सामग्री भी प्रदर्शनी के लिए रखी जायेगी. संग्रहालय में देश की रक्षा में तत्पर तीनों विंग की संरचना एवं रैंक की जानकारी प्रदर्शित की जायेगी. देश की रक्षा के लिए मिलने वाले विभिन्न अवार्ड एवं पदकों की जानकारी के प्रदर्शन के साथ भारतीय सेना की विभिन्न इकाईयों में रोजगार के अवसरों के बारे में भी जानकारी प्रदर्शित की जायेगी. परमवीर चक्र, अशोक चक्र एवं अन्य वीरता पदकों की रिप्लिका भी लगाई जायेंगी जिससे युवाओं को अपनी सेना के बारे में पूरी जानकारी मिल सकें और देश सेवा के लिए प्रेरणा एवं ऊर्जा मिल सके. आजाद भारत के बाद के विभिन्न युद्धों एवं वीरता की गाथाओं जैसे 1965 का भारत-चीन युद्ध, 1972 का पाकिस्तान के साथ युद्ध, कारगिल युद्ध आदि को प्रदर्शित किया जाएगा।सागर एवं बुंदेलखंड का इतिहास, भारत की आजादी में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए हमारे जननायकों की गाथाओं को भी इस संग्रहालय में स्थान दिया जाएगा. बैठक में डॉ. संजय शर्मा द्वारा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया गया जिसमें विभिन्न स्थलों के निर्माण योजना एवं रूपरेखा पर चर्चा हुई. बैठक के उपरांत कुलपति एवं सभी अतिथियों एवं सदस्यों ने संग्रहालय हेतु आरक्षित भवन का निरीक्षण भी किया। बैठक में प्रो. ए.डी. शर्मा, प्रो. विनोद भारद्धाज, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, प्रो. अजीत जायसवाल, प्रो. नागेश दुबे, प्रो. बी. के. श्रीवास्तव, प्रो. हेरेल थामस, प्रभारी कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. विवेक जायसवाल डॉ. गौतम प्रसाद, डॉ. सुमन पटेल एवं विश्वविद्यालय के यंत्री विभाग के सहायक यंत्री दिनेश सिंघई, निधि जैन उपस्थित थे। प्रो. ए.डी. शर्मा ने माननीया कुलपति महोदया के साथ-साथ बैठक में पधारे बिग्रेडियर भल्ला, बिग्रेडियर बहुगुणा, कर्नल पॉल एवं विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये आभार व्यक्त किया।


लंदन में यूरोपा लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

## ब्रीफ न्यूज

### विराट, रोहित जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिये

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को घरेलू क्रिकेट भी खेलना चाहिये। मांजरेकर के अनुसार अगर विराट और रोहित बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले दिलीप ट्रॉफी खेलते तो उन्हें बल्लेबाजी में आसानी होती। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट में रोहित और विराट रन बनाने में असफल रहे थे। मांजरेकर ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ लाल गेंद वाला क्रिकेट खेला होता तो उनके लिए हालात अच्छे होते। उन्हें दलीप ट्रॉफी में चुनने का विकल्प था, इसलिए वे नहीं खेले। मेरा मानना है कि इस प्रकार का विकल्प अनुभवी खिलाड़ियों को नहीं मिलना चाहिये। कुछ खिलाड़ियों के साथ अलग व्यवहार नुकसानदेह हो सकता है। बीसीसीआई को वही करना चाहिये जो भारतीय क्रिकेट और खिलाड़ी के लिए सबसे अच्छा हो। विराट और रोहित का घरेलू क्रिकेट से दूर रहना भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश पाकिस्तान दौरे से बाहर हुए

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल क्वाड चोटिल होने के कारण आगामी पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गये हैं। तेज गेंदबाज जोश को श्रीलंका के खिलाफ हाल में हुई टेस्ट सीरीज के दौरान चोट लग गयी थी। इसी कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही सीमित ओवरों की सीरीज में भी शामिल नहीं किया गया था। पहले ये संभावना जतायी जा रही थी कि वह पाकिस्तान दौरे से पहले ठीक को जाएंगे पर अब ऐसी कोई उम्मीद नहीं है। इसी कारण उन्हें पाक के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। से बाहर करने का फैसला किया। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हालांकि उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा अभी नहीं की है। हाल ने पिछले एक साल में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह हासिल की थी।

### पांचवीं राज्य स्तरीय क्वान कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न

**इन्दौर।** खंडवा रोड स्थित अरिहंत कॉलेज में राज्य स्तरीय पांचवी क्वान कराटे की दो चैंपियनशिप प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें उज्जैन, इंदौर, देवास और ग्वालियर के कई छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों में कराटे के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। श्री माहेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 11वीं कक्षा के छात्र मास्टर उमर शेख़ ने अंडर 17 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। तो वहीं 8वीं कक्षा के छात्र मास्टर मोहित शर्मा ने अंडर 14 श्रेणी में ब्राउन मेडल प्राप्त किया। विद्यालय के कराटे कोच अनिकेत डांगी ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना करते कहा कि यह सफलता केवल इन छात्रों के प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि विद्यालय के सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

# मैक्सवेल टेस्ट टीम में वापसी के लिए घरेलू क्रिकेट खेलेंगे

एजेंसी ■ मेलबर्न

ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए अब विक्टोरिया की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। मैक्सवेल अगले साल जनवरी और फरवरी में श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह हासिल करना चाहते हैं। मैक्सवेल ने हालांकि फरवरी 2023 के बाद से ही विक्टोरिया की ओर से कोई शेफील्ड शील्ड मैच नहीं खेला है। उन्होंने पिछले 5 साल में केवल दो ही प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। शेफील्ड शील्ड मुकाबले 8 अक्टूबर से शुरू होंगे।

मैक्सवेल 2022 में श्रीलंका दौरे पर गयी टेस्ट टीम में शामिल थे। टीम को उम्मीद है कि वह गॉल में स्पिनरों के सहायक हालातों में प्रभावी हो सकते हैं। उन्होंने अपने सभी टेस्ट मैच उपमहाद्वीप में खेले हैं। आखिरी बार वह 2017 में बांग्लादेश में खेले थे। वहींविक्टोरिया क्लब चाहता है कि गर्मियों की शुरुआत में मैक्सवेल उनके लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट में खेलें और यह उनके लिए लय में आने का एक अच्छा अवसर होगा, क्योंकि उन्होंने हाल के वर्षों में लाल गेंद प्रारूप में बहुत कम खेला है।

विक्टोरिया के कप्तान विल सदरलैंड ने कहा कि मुझे लगता है कि मैक्सवेल कुछ समय के लिए उपलब्ध रहेंगे और मेरा मानना है कि वह खेलने के लिए भी उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि जाहिर है, इस समय उसके खेलने से चीजें बदल सकती हैं पर उनके जैसे खिलाड़ी का हमारी टीम में आना एक उपलब्धि की बात है, इसलिए उम्मीद है कि यह अच्छी तरह से अपना काम करेंगे। मैक्सवेल ने इससे पहले अपना अंतिम प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल काउंटी चैंपियनशिप में वार्विकशायर के लिए खेला था।

# लिसा बोली, इस बार भारतीय महिला टीम जीत सकती है टी20 विश्व कप

एजेंसी ■ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान लीसा स्थालेकर के अनुसार इस बार यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। लीसाके अनुसार इस अगले माह होने वाले इस टूर्नामेंट मे भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज़ शैफ़ाली वर्मा और स्मृति मंधाना अहम भूमिका निभा सकती हैं। विश्वकप में भारतीय टीम को ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। लीसा के अनुसार मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वे मौजूदा चैंपियन हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के भी अच्छे अवसर हैं। वहीं हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम इस बार पिछली गलतियों को ठीक कर सकती है। वे 2020 में फाइनलिस्ट थे और वे लंबे समय से सेमीफाइनलिस्ट हैं। मुझे लगता है कि उनके पास अब इसे बदलने का अवसर है। मुझे लगता है कि वे अच्छी शुरुआत के लिए अपने सलामी बल्लेबाजों पर निर्भर रहेंगे।



जैसे, अगर पूजा वस्त्रकर अगर फिट रह सकती है और वापसी की राह पर है, तो वह कई टीमों के लिए काफी मुश्किल साबित हो सकती है। इसलिए, भारत की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। मैं उनसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद करूंगी , अगर फाइनल में नहीं। मुझे लगता है कि उनके पास ताकत, गहराई और अच्छे गेंदबाज़ हैं। मुझे देखना होगा कि क्या सलामी बल्लेबाज़ जेमिमा रोड्रिग्स अच्छा प्रदर्शन करेंगी। फिर चौथी टीम - मुझे नहीं लगता कि न्यूज़ीलैंड वहां होगा, मैंने जो देखा है उसके आधार पर। दक्षिण अफ़्रीका, ज़ाहिर है, 2023 में फ़ाइनलिस्ट था। ऐसा लग रहा था कि उनके पास भी ऐसी ही टीम है, इसलिए उन्हें ज़ोर लगाना होगा। साथ ही कहा कि वेस्ट इंडीज को भी नजरअंदाज न करें। अगर वे पुरुषों की टीम की तरह खेलते हैं और शानदार टूर्नामेंट खेलते हैं, तो कुछ भी संभव हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ऑलराउंडर के रूप में 2010 और 2012 टी20 विश्व कप जीतने वाली लीसा यूएई में आगामी टूर्नामेंट में कमेंट्री करेंगी। उन्होंने बताया कि कैसे टी20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप को पसंद करती है। कुछ भी संभव है। 50 साल पुराने क्रिकेट की तुलना में टी20 क्रिकेट की सबसे अच्छी बात यह है कि कोई भी दिन अच्छा खेल सकता है या कोई बेहतरीन गेंदबाजी कर सकता है। इसका एक उदाहरण पूनम यादव हैं, जिन्होंने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच खेला था, उन्होंने शायद 3 या 4 विकेट (4/19) लिए थे। उसने ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम को काफी हद तक ध्वस्त कर दिया, इसलिए उन्होंने पर्याप्त रन नहीं बनाए। इसलिए, किसी को भी एक दिन का मौका मिल सकता है। शैफाली, स्मृति, हरमन या भारत के शीर्ष क्रम के अन्य खिलाड़ी किसी भी तरह से कुछ मैचों में शतक बना सकते हैं। इसलिए, मुझे इस प्रारूप के बारे में यही पसंद है।लीसा ने गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की जीत की मानसिकता के मुख्य सिद्धांत को आगे समझाया, जिसने 2018, 2020 और 2023 में टी20 विश्व कप जीत की हैट्रिक के अलावा 2022 वनडे विश्व कप जीत और उसी वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों के टी20 स्वर्ण पदक जीता है। ऑस्ट्रेलिया ने मुख्य रूप से इसलिए जीत हासिल की है क्योंकि टीम के भीतर यह मानसिकता है कि वे किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं।

# ऋषभ नहीं जा रहे आरसीबी सोशल मीडिया में फर्जी खबर लिखने वालों पर भड़के



एजेंसी ■ कानपुर

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा है कि वह आईपीएल के अगले सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में नहीं जा रहे हैं और इस प्रकार की जो भी बातें कही जा रही हैं वे गलत हैं। ऋषभ ने एक फैन पेज की आलोचना की जो इन फर्जी खबरों को फैला रहा था। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी अविश्वसनीय बातें फैलाना सही नहीं है। इस प्रकार की चीजों को जारी करने से पहले खबर की पुष्टि कर लेनी चाहिये और आधारहीन बातें कहकर संशय नहीं फैलाना चाहिये। इस आक्रामक बल्लेबाज ने नाराजगी जताते हुए लिखा, कुछ लोग सोशल मीडिया पर इतनी फर्जी खबरें क्यों फैलाते हैं? अगर ऐसा समझदार लोग कर रहे हैं तो ये और भी निराशाजनक बात है। बिना वजह अविश्वसनीय माहौल बनाना ठीक नहीं है हालांकि मैं जानता हूं कि यह पहली बार नहीं है और आखिरी बार भी नहीं होगा पर मुझे मजबूरन ये लिखना पड़ा है। ऋषभ ने 2024 आईपीएल सत्र से खेल में वापसी की थी। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में 8 मैचों में 127.61 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए। वहीं इस क्रिकेटर ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट वापसी की, जिसमें उन्होंने 128 गेंदों पर 109 रन की शानदार पारी खेली। इस क्रिकेटर ने यह प्रतिक्रिया फर्जी खबरों के प्रति अपने प्रशंसकों को सजग करने के लिए की है।

# युवराज ने खोला छह छक्के लगाने का राज फ्लिंटॉफ से हुई बहस से प्रेरित हुआ



एजेंसी ■ नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2007 के पहले ही मैच में इंग्लैंड के खिलाफ एक ही ओवर में छह छक्के लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया था। उसी को लेकर युवराज ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के साथ बातचीत में कहा कि उस दिन सभी गेंदें बल्ले के बीचों बीच आ रहीं थीं। उन्होंने तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये छक्के लगाये थे। उसी के साथ युवराज टी20 में एक ही ओवर में 6 छक्के लगाने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने। युवराज ने कहा, यह पहला टी20 विश्व कप था और किसी को नहीं पता था कि टी20 खेल को कैसे खेला जाना चाहिए। यॉर्कशायर वह जगह थी जहां मैंने अपना पहला टी20 मैच खेला और इसी दौरान मुझे ये प्रारूप समझ में आया। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया था।

साथ ही कहा कि फ्लिंटॉफ के साथ हुई बहस के बाद उन्हें लगा कि 6 छक्के लगाकर जवाब देना चाहिये। उन्होंने कहा, फ्लिंटॉफ ने मुझसे कुछ बातें कहीं जिससे मुझे गुस्सा आ गया। तब मैंने अंपायर से कहा कि वह इसे शुरू कर रहे हैं और या तो उन्हें रुकना होगा या अंपायर को बीच में आना होगा। अंपायर ने इसपर अधिक ध्यान नहीं दिखा जिससे मेरा गुस्सा बढ़ गया। तब मैं हर गेंद को मैदान के बाहर मारना चाहता था, और ऐसा ही हुआ। तीसरे छक्के के बाद, मैंने ब्रॉड को लांग ऑफ पर मारा। इसके बाद गेंदबाज ने पैरों पर गें डालने का प्रयास किया।

चौथी गेंद अच्छी थी, जो मेरे बल्ले के अंगूठे पर लगी, लेकिन बाउंड्री छोटी थी, इसलिए वह छक्का लग गया। अंतिम गेंद पर मुझे पता था कि यॉर्कर आएगी, मैंने उस पर बल्ला चला दिया जिसपर किस्मत से छक्का लग गया। युवराज की इस पारी ने न केवल भारत को जीत दिलाई बल्कि टी20 क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत भी की।


फ्रांस में महिला चैम्पियंस लीग फुटबॉल में जुवेंटस की रि स्टीना गिरैली खेलती हुईं।

### दूसरा टेस्ट : बांग्लादेश ने लंच तक बनाये 74/2

**कानपुर।** बांग्लादेश ने यहां भारत के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन लंच तक अपनी पहली पारी में 2 विकेट पर 74 रन बना लिए थे। लंच के समय मोमिनुल हक 17 और कप्तान नजमुल हसन शांतो 28 रनों पर खेल रहे थे। इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम 24 पर आउट हुए, वहीं जाकिर हसन खाता भी नहीं खोल पाये। दोनों को ही आकाश दीप ने आउट किया। उन्होंने शादमान एलबीडब्लयू जबकि जाकिर कैच आउट हुए।

### आठ टेस्ट मैचों में लगातार अर्धशतक लगाये

# श्रीलंका के मेंडिस ने बनाया नया रिकार्ड

एजेंसी ■ गाले

मेजबान श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत करते हुए अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 306 रन बना लिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय दिनेश चांदीमल 116 और एंजलो मैथ्यूज नाबाद 78 रनों पर खेल रहे थे। इसके अलावा कामिंडु मेंडिस ने भी नाबाद नाबाद 51 रन बनाये। इस मैच में मेंडिस ने युवा अपने 50 रन पूरे करने के साथ ही एक नया विश्व रिकार्ड बना दिया। इसी के साथ ही मेंडिस दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने पदार्पण के बाद 8 टेस्ट मैच में 8 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। इस प्रकार उन्होंने



पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील के लगातार 7 टेस्ट में 50 से ज्यादा रनों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। वहीं इससे पहले सुनील गावस्कर, बेसिल बुचर, सईद अहमद और बर्ट सुटक्लिफ के नाम पदार्पण के बाद लगातार 6 टेस्ट मैचों में अर्धशतक लगाने का रहा था। मेजबान श्रीलंका टीम की टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में उसके बल्लेबाज पुथम निसंका एक रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये।

इसके बाद दिनेश चांदीमल ने दिमुथ करुणारत्ने के साथ पारी संभाली और दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। । 40वें ओवर में दिमुथ करुणारत्ने 46 रन बनाकर आउट हो गये। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक विकेट लिया।

# केकेआर के मेंटर बने ब्रावो

एजेंसी ■ कोलकाता

कोलकाता नाइटराइडर्स ( केकेआर) ने वेस्टइंडीज के क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो को अपना मेंटर बनाया है। ब्रावो ने गत दिवस क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अब वह आईपीएल 2025 सत्र में केकेआर के मेंटर की भूमिका में नजर आयेंगे। आईपीएल के अलावा ब्रावो यूएई के आईएलटी20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स, अमेरिका के मेजर लीग क्रिकेट में लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स, और कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के मेंटर की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। ब्रावो आईपीएल के पिछले दो सत्रों में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाजी कोच और पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली अफगानिस्तान टीम के मेंटर भी रहे हैं। ब्रावो टी20 के सबसे बेहतर खिलाड़ियों में ऐ एक रहे हैं।



# मौसम का यूटर्न! जनजीवन अस्त-व्यस्त, किसानों की फसल चौपट, रेड अलर्ट जारी

## प्रदेश में बदला मौसम, बीते 24 घंटे में कई जिलों में भारी बारिश, अयोध्या के राय गंज, वासुदेव घाट, जलवान कॉलोनी में जलभराव

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मानसून के यूटर्न लेने से बीते 24 घंटे में कई जिलों में भारी बारिश हुई है। इसके चलते कई जगह जलभराव हुआ तो कई जिलों में धान और अन्य खड़ी फसल गिर गई। गरज-चमक के साथ हुई भारी बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत तो दी है पर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदेश के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को गोरखपुर, महराजगंज, सुल्तानपुर, आजमगढ़, प्रतापगढ़ आदि में अच्छी बारिश हुई। राजधानी लखनऊ की बात करें तो यहां गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से पूरा शहर सराबोर हो गया। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई।



### फसलों को नुकसान

अयोध्या जिले में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, कई दिनों से हो रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है तो दूसरी तरफ शहर में जगह-जगह जल भराव हो गया है। बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर कक्षा एक से लेकर 8 तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मूसलाधार बारिश के चलते गन्ने और धान की फसल गिर गई है।

### स्कूलों में दो दिन की छुट्टी

अंबेडकरनगर जिले में बृहस्पतिवार देर रात से ही तेज बारिश का दौर जारी है। इससे शहरी क्षेत्रों में जलनिकासी की समस्या खड़ी हो गई है। आधा दर्जन मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस बीच बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने इंटर तक सभी बोर्ड के स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया है।

### अमेठी में झमाझम बारिश

पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से आखिरकार लोगों को राहत मिल गई। गुरुवार की सुबह से ही मौसम के बदलाव होने के लगा लेकिन बारिश नहीं हुई। देर शाम मौसम ने करवट ली और बारिश शुरू हो गई जो लगातार शुक्रवार को भी जारी रही और मौसम पूरी तरह से ठंडा हो गया।

### सुल्तानपुर में गिरे कई मकान

सुल्तानपुर में रात से शुरू हुई तेज बारिश ने शहर व आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा कर दी है। मोतिगरपुर, धनपतगंज, कूरेभार और अलीगंज के इलाकों में जलभराव से आवजाही बधित हो गई है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूल को बंद करने का आदेश दे दिया है। इसके अलावा, मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के कई गांवों में मकान गिरने की घटनाएं हुई हैं। बंधुआकलां में एक दो मंजिला मकान बारिश के कारण ढह गया है। अखण्डनगर के एक गांव में कच्चा मकान गिरने से कई जानवर दब गए।

## ब्रीफ न्यूज

### भेड़िए ने फिर दो मासूमों पर किया जानलेवा हमला

**बहराइच।** बहराइच के हरदी थाना क्षेत्र के गांवों में एक बार फिर भेड़िया सक्रिय हो गए हैं। बीती रात भेड़िये ने हमला कर बालक समेत दो मासूमों को जख्मी कर दिया। दोनों को सीएचसी महसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। जहां इलाज चल रहा हैं। महसी क्षेत्र में लगभग दो सप्ताह से भेड़ियों का कोई हमला नहीं हुआ था जिससे गांव के लोग राहत की सांस ले रहे थे, लेकिन रात को अचानक भेड़िया ने फिर हमला कर दिया जिसके कारण पूरे क्षेत्र में फिर दहशत फैल गई है। हरदी थाना क्षेत्र के रमवापुर खुर्द गांव निवासी आयुष (6 माह) पुत्र रमेश अपनी मां फूलमती के साथ तीन दिन पहले ननिहाल घूमनी गांव आया था। फूलमती अपने बेटे आयुष के साथ सोई हुई थी कि अचानक रात दो ढाई बजे के बीच एक जंगली जानवर आया और बच्चे को अपनी तरफ खींचने लगा। इतने में फूलमती की आंख खुल गई और वह बच्चे को अपनी तरफ खींचने लगी और जोर जोर से चिल्लाने लगी। आसपास के लोगों के जगने से भेड़िया बच्चे को छोड़कर भाग गया। छह माह का मासूम घायल हो गया।

### लखनऊ में मासूम से दरिंदगी पर होटल मालिक को नोटिस

**लखनऊ।** होटल में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने होटल मालिक को नोटिस भेजा है। पुलिस मालिक से पूछताछ करेगी। सरोजनीनगर निवासी 14 वर्षीय छात्रा बीते सोमवार को स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते में उसके पड़ोसी दानिश व उसके नाबालिग दोस्त छात्रा को कार से अगवा कर ले गए थे। कृष्णानगर स्थित होटल पैराडाइज शांति इन में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस दानिश को जेल और आरोपी किशोर को बाल संप्रेक्षण गृह भेज चुकी है। पुलिस ने अब होटल मालिक डॉ. बृजेश सचान को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। क्योंकि कई सवाल अनसुलझे हैं।

### आईएफएस निहारिका व उनके पति पर धोखाधड़ी का केस

**लखनऊ।** भारतीय विदेश सेवा अधिकारी निहारिका सिंह और उनके पति अजीत पर लखनऊ में दो और एफआईआर दर्ज हुई हैं। कोर्ट के आदेश पर निहारिका और अजीत पर डॉक्टर दंपति ने 1 करोड़ 86 लाख की ठगी की एफआईआर दर्ज करवा दी है। आरोप है कि निहारिका और उनके पति ने मोटे मुनाफे का लालच देकर डॉक्टर दंपति से अपनी कंपनी में निवेश करके रुपए ठग लिए।

## योगी सरकार का दावा- 85,000 से लेकर 8.25 लाख तक देते हैं सहायता

# पीड़ित एससी-एसटी परिवारों की मदद के लिए 1400 करोड़ किए आवंटित

## जनपद स्तर पर डीएम, तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की पीड़िताओं को साढ़े सात वर्ष में 1447 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई। यह सहायता अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989) और नागरिक अधिकार संरक्षण (पीसीआर) अधिनियम के तहत प्रदान की जाती है। अपराध की गंभीरता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पीड़ितों और उनके परिवारों को जरूरत पर सरकार की तरफ से मदद मिले। केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार यह सहायता 85,000 रुपए से 8.25 लाख रुपए तक होती है। विभिन्न अपराधों से पीड़ित एससी-एसटी की महिलाओं को न्याय मिले। इसके लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सतर्कता व मॉनीटरिंग समिति कार्य करती है, जबकि तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की व्यवस्था की गई है।



### हर तरह से हो रही सहायता

समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य पीड़ितों और उनके परिवारों को समय पर आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया के दौरान उन्हें सहायता मिल सके। इस पहल के तहत सरकार यह सुनिश्चित करती है कि परिवारों को जांच और परीक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं के आधार पर आवश्यक सहायता मिले।

### दो चरणों में मुआवजा

हत्या या अत्याचार के कारण मृत्यु होने पर परिजनों को 8.25 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मिलती है। इसमें मुआवजा दो चरणों में वितरित किया जाता है। 50 प्रतिशत राशि पोस्टमार्टम के तुरंत बाद और शेष 50 प्रतिशत औपचारिक रूप से अदालत में चार्जशीट जमा होने के बाद प्रदान की जाती है। बलात्कार या सामूहिक बलात्कार (धारा 375, भारतीय दंड संहिता) के मामले में, पीड़ित 5.25 लाख रुपए की वित्तीय सहायता के हकदार हैं। कानूनी प्रक्रिया के दौरान यह सहायता चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाती है।

### केस समाप्त होने पर 25 फीसदी राशि

कुल 50 प्रतिशत राशि मेडिकल जांच और मेडिकल रिपोर्ट की पुष्टि के बाद दी जाती है। 25 प्रतिशत राशि कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने के बाद दी जाती है। अंतिम 25 प्रतिशत राशि निचली अदालत में मुकदमा समाप्त होने के बाद दी जाती है। धारा 376 घ के तहत सामूहिक बलात्कार की पीड़िता को राज्य सरकार 8.25 लाख प्रदान करती है। इसमें 50 प्रतिशत राशि मेडिकल जांच और मेडिकल रिपोर्ट के सत्यापन के बाद दी जाती है। 25 प्रतिशत राशि कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने के बाद दी जाती है। अंतिम 25 प्रतिशत राशि निचली अदालत में मुकदमा समाप्त होने पर दी जाती है।

# उत्तर प्रदेश से बिहार में हो रही थी तस्करी

## प्रयागराज में 10 कछुओं के साथ 2 गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने 10 कछुओं की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा, वन्यजीव अपराध कानून की संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक (जीआरपी) अभिषेक यादव ने बताया कि रेलवे पुलिस के जवान प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि जांच करने पर उनके दो बैग में कछुए मिले। आरोपियों की पहचान गुड्डू कंजदार और आकाश कंजदार के रूप में हुई है। दोनों अमेठी के रहने वाले हैं। यादव ने बताया कि उन्हें गिरफ्तार कर वन अधिकारियों को सौंप दिया गया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी कपिलदेव ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें सुल्तानपुर के एक व्यक्ति ने कछुए दिए थे और उन्हें बिहार के भागलपुर पहुंचाने का निर्देश दिया था। इस काम के बदले में उन्हें 1,500-1,500 रुपए देने का वादा किया गया था।

### प्रयागराज में छोड़ा जाएगा

डीएफओ अरविंद यादव ने बताया कि कछुए भारतीय सॉफ्टशेल प्रजाति के हैं, जिन्हें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची के तहत सूचीबद्ध किया गया है और ये आमतौर पर स्वच्छ जल निकायों में पाए जाते हैं। कछुओं को अदालत में सबूत के तौर पर पेश करने के बाद उन्हें प्रयागराज के स्वच्छ जल निकायों में छोड़ दिया जाएगा। वन्यजीव अपराध कानून की संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## प्रयागराज कुंभ मेले में तैरता हुआ बीएसएनएल टावर लगेगा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में जुलाई से बीएसएनएल की 4 जी सेवा शुरू होने से अब तक 12 लाख नए कस्टमर इससे जुड़ गए हैं। इनमें से 3.25 लाख कस्टमर बीएसएनएल में पोर्ट हुए है। यह जानकारी बीएसएनएल के मुख्य महा प्रबंधक एके मिश्रा ने दी है। सभी निजी ऑपरेटर्स ने अपनी टैरिफ बढ़ा दी, किन्तु बीएसएनएल अपनी 4 जी सेवा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्रदान कर रहा है। बीएसएनएल ने उत्तर प्रदेश पूर्वी परिमंडल में अब तक 6300 टावर मे से 2300 टावर को 4जी में कन्वर्ट कर दिया है, 80 प्रतिशत टावर को दिसम्बर 2024 तक और मार्च 2025 तक 100 प्रतिशत टावर को 4 जी में कन्वर्ट कर देगा। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि प्रयागराज में होने वाले कुंभ मेले में पहली बार संगम पर नाव पर तैरता हुआ मोबाइल टावर लगाया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं को नेटवर्क की समस्या न हो।

# भोले की भक्ति में लीन हुए धीरेंद्र शास्त्री

## विश्वनाथ धाम में किए बाबा के दर्शन

एजेंसी ■ वाराणसी

बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचकर दर्शन- पूजन किया। इस दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने विधि- विधान से बाबा का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री गंगा महल कोठी में रात्रि विश्राम करने के बाद शुक्रवार की सुबह काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां मंगला आरती में शामिल होने के साथ ही उन्होंने विधि- विधान से दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने गया के लिए प्रस्थान किया।



# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

एजेंसी ■ वाराणसी

वाराणसी जिले के कछवा रोड मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के छतेरी गांव में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ। कपसेठी की ओर से आ रहे बाइक सवार मैजिक की टक्कर से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने उन्हें रौंद दिया और वहां से भाग निकले। इस दौरान बाइक सवार ठटरा गांव के रहने वाले मनोज कुमार बिंद (42) व दीपे उर्फ दीप नारायण बिंद (52) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटनास्थल के पास ठटरा गांव के रहने वाले राजकुमार उर्फ बॉर्डर (45) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन लेकर भाग निकला। जानकारी होने पर गांव के बिंद बस्ती के सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों कछवा रोड कपसेठी मार्ग पर छतेरी गांव के समीप चक्का जाम कर दिया। गांव के लोग मिर्जामुराद पुलिस के सामने जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे।



### पुलिस की दो घंटे की मशक्कत के बाद नाराज लोग हुए राजी

### घटना के बाद बोलेरो का चालक वाहन लेकर भाग निकला

### अफसरों ने मनाया

वहीं मौके पर पहुंचे राजातालाब एसडीएम पिनाक पाणी द्विवेदी एवं एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव, मिर्जामुराज प्रभारी अजय राज वर्मा ने ग्रामीण एवं परिजनों से बातचीत की। जिसके बाद परिजन माने और जाम समाप्त किया।

### पीएम के लिए भेजा शव

पुलिस ने दोनों शव को पीएम के लिए कब्जे में लिया। इसके बाद आवागमन शुरू हुआ। मृतक मनोज कुमार बिंद एक पुत्र व दो पुत्री का पिता है। दूसरा मृतक दीपे उर्फ दीप नारायण बिंद चार पुत्री व दो पुत्र का पिता है।

## संगोष्ठी

## पद्मश्री डॉ. केके मोहम्मद बोले-सरकार और सर्व समाज से भी सहयोग मिलेगा

# मथुरा और ज्ञानवापी उपहार की तरह सौंप दें मुसलमान

एजेंसी ■ गोरखपुर

इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च (आइसीएचआर) के सदस्य और पद्मश्री डॉ. केके मोहम्मद ने कहा कि जो भी ऐतिहासिक विकास गुजरी हुई सदियों में हुआ, मुसलमानों को उससे सबक लेकर मथुरा और ज्ञानवापी मस्जिद के स्थान को खुद ही हिंदुओं को उपहार की तरह सौंप देना चाहिए। उनकी जो पवित्र इमारत है, उसे कहीं अन्य उपयुक्त स्थल पर स्थानांतरित करने के लिए मुसलमानों को आगे आना चाहिए। इससे सरकार एवं सर्व समाज से भी सहयोग मिल सकेगा। इस स्थानांतरण की प्रक्रिया में पवित्रता एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाना



चाहिए। पद्मश्री डॉ. केके मोहम्मद गोरखपुर विश्वविद्यालय और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन संवाद भवन में विशिष्ट व्याख्यान सत्र को संबोधित कर रहे थे। डॉ. मोहम्मद ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एवं जेएनयू के मार्क्सवादी इतिहासकारों ने अयोध्या साइट से उत्खनन में प्राप्त अध्ययन सामग्री को लेकर मिथ्या प्रचार किया। वे न तो पुरातत्वविद् हैं और न ही वह पुरातत्व सामग्री के वैज्ञानिक विश्लेषण को समझने में समर्थ हैं।

### हिंदू धार्मिक स्थल के प्रमाण

अयोध्या से उत्खनन में मिली मूर्तियां व स्तंभ वहां किसी हिंदू धार्मिक स्थल के मौजूद होने के पुख्ता प्रमाण दे रहे थे, जिन्हें छिपाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अयोध्या से प्राप्त स्तंभ पर पूर्ण कलश अंकित है, जो कि हिन्दू धर्म में समृद्धि एवं वैभव का प्रतीक है। इस्लाम में मूर्ति पूजा निषेध है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अयोध्या से प्राप्त कई हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां इस्लाम से कैसे संबंधित हो सकती हैं। उन्होंने अलीगढ़ के इतिहासकारों के प्रपंच एवं झूठ को वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर उजागर किया।

### एएसआई की हालात ठीक नहीं

डॉ. मोहम्मद ने कहा कि ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की वर्तमान हालत ठीक नहीं है। सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्खनन में प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों की रेप्लीका की मार्केटिंग, ब्रांडिंग और पैकेजिंग की भी जरूरत है, जिससे पुरातत्व अवशेषों को विशेष महत्व मिल सके और भारतीय सभ्यता-संस्कृति को व्यापक पैमाने पर रेखांकित किया जा सके।

# आईपीएस जुगल किशोर तिवारी का निलंबन रद्द

## योगी सरकार ने दस जुलाई को किया था सस्पेंड

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में डीआईजी फायर रहे आईपीएस जुगल किशोर तिवारी को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। शासन ने जुगल किशोर तिवारी को बहाल कर दिया है। वह उन्नाव में तैनात फायर विभाग के एक सिपाही को विभागीय जांच में क्लीन चिट देने के मामले में सस्पेंड चल रहे थे। उनके सस्पेंशन का मामला काफी चर्चा में रहा। बीती 10 जुलाई को आईपीएस जुगल किशोर तिवारी को सस्पेंड कर दिया गया था। वह डीआईजी फायर सर्विसेज के पद पर पोस्टेड थे। आचरण नियमावली का



पालन ना करने के चलते उनपर ये एक्शन लिया गया था। आरोप था कि आईपीएस जुगल किशोर ने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर दो साल से ज्यादा छुट्टी पर रहे एक फायरमैन की सुनवाई करते हुए नियमों के परे जाकर उसे लाभ पहुंचाया था। दरअसल, उन्नाव में तैनात फायरमैन बीमारी के चलते कई दिन ड्यूटी से गायब रहा था। बिना अनुमति के ड्यूटी से गायब रहने पर उसे एक साथ दो सजा दी गई थी। जिसमें 3 साल के लिए न्यूनतम वेतन और छुट्टी की अवधि में लीव विदाउट पेमेंट शामिल थी।

**फायरमैन को दंड दिया था:** डेढ़ साल पहले के इस मामले में तत्कालीन एसपी उन्नाव ने फायरमैन को दंड दिया था। जहां विभाग के डीआईजी से अपील की गई थी। जिस पर डीआईजी जुगल किशोर तिवारी ने एक अपराध में दो सजा नही देने के सिद्धांत में फायर विभाग के ड्राइवर को क्लीन चिट दे दी थी।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गहोई बाटिका सीता सागर ताल के सामने मां पीताम्बरा रोड, दतिया से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100,** फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2005/16546 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट , **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**